राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-189
लखनऊ, सोमवार 26 फरवरी, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com




औद्योगिकीकरण के लिए किए जा रहे योगी सरकार के प्रयास ला रहे हैं रंग 03

चौथा मैच : टेस्ट सीरीज जीत से 152 रन दूर भारतीय टीम 12

# देश तीसरी बार एनडीए को दे रहा आशीर्वाद, अबकी बार 400 पार का विश्वास : प्रधानमंत्री मोदी

### पीएम ने किया राजकोट रायबरेली, बठिंडा, कल्याणी और मंगलागिरी में एम्स का उद्घाटन

एजेंसी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को गुजरात के राजकोट में विभिन्न विकास परियोजनाओं की शुरुआत करते हुए कहा कि उन्होंने सरकार को दिल्ली के बाहर निकालकर देश के कोने-कोने में पहुंचा दिया है। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश तीसरी बार एनडीए सरकार को आशीर्वाद दे रहा है और पूरा देश अबकी बार 400 पार का विश्वास दे रहा है।

प्रधानमंत्री ने विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि एक समय देश के सारे प्रमुख कार्यक्रम दिल्ली में ही होकर रह जाते थे। आज देश के शहरों में विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास होना एक नई परंपरा को आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने भारत सरकार को दिल्ली से बाहर निकालकर देश के कोने-कोने में पहुंचा दिया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने गुजरात के राजकोट, पंजाब के बठिंडा, उत्तर प्रदेश के रायबरेली, पश्चिम बंगाल के कल्याणी और आंध्र प्रदेश के मंगलागिरी में पांच अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) का वर्चुअली उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि विकासशील भारत तेज गति से काम कर रहा है और विकास कार्यों को पूरा कर रहा है। हम दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के लिए जरूरी स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र को विकसित होते देख रहे हैं। मोदी ने कहा कि भारत ने कोरोना को हराया, इसकी चर्चा पूरी दुनिया में होती है। यह इसलिए संभव हुआ क्योंकि बीते 10 वर्षों में भारत का हेल्थकेयर सिस्टम पूरी तरह बदल गया है। प्रधानमंत्री ने अपनी राजनीतिक यात्रा को याद कर कहा कि उनकी चुनावी यात्रा की शुरुआत में राजकोट की बड़ी भूमिका है। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश उन्हें प्यार और आशीर्वाद दे रहा है जिसमें यश का हकदार राजकोट भी है।

22 साल पहले 24 फरवरी को ही राजकोट ने पहली बार उन्हें अपना एमएलए चुना था और आज 25 फरवरी के दिन पहली बार राजकोट के विधायक के तौर पर विधानसभा में शपथ ली थी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आजादी के 50 वर्षों तक देश में सिर्फ एक एम्स था और वो भी दिल्ली में था। आजादी के 7 दशकों में सिर्फ 7 एम्स को मंजूरी दी गई, लेकिन वे भी कभी पूरे नहीं बन पाए। आज बीते 10 दिन में 7 नए एम्स का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। पिछले 6-7 दशकों में जितना विकास नहीं हुआ, उससे कई गुना तेजी से हम देश का विकास करके जनता के चरणों में समर्पित कर रहे हैं।

### परमार्थ परमो धर्मः पर चलने वाले लोग राष्ट्र निर्माण में अहम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'परमार्थ परमो धर्म :' के मार्ग पर चलने वाले, स्थानीय संस्कृति के संरक्षण में लगे लोगों तथा तकनीक की मदद से बदलाव के वाहक बनने वाले लोगों को सशक्त राष्ट्र के निर्माण में सबसे महत्वपूर्ण ताकत करार दिया है और ऐसे लोगों को सामने लाने का आह्वान किया है। श्री मोदी ने आकाशवाणी पर प्रसारित होने वाले मासिक कार्यक्रम मन की बात के 110वें एपिसोड में रविवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति की सीख है – 'परमार्थ परमो धर्म :' यानि दूसरों की मदद करना ही सबसे बड़ा कर्तव्य है। इसी भावना पर चलते हुए हमारे देश में अनगिनत लोग नि:स्वार्थ भाव से दूसरों की सेवा करने में अपना जीवन समर्पित कर देते हैं। बिहार में भोजपुर के भीम सिंह भवेश के कार्यों की अपने क्षेत्र के एक अत्यंत गरीब एवं वंचित समुदाय मुसहर जाति के लोगों के बीच खूब चर्चा है। भीम सिंह भवेश जी ने इस समुदाय के बच्चों की शिक्षा पर अपना फोकस किया है, ताकि उनका भविष्य उज्ज्वल हो सके। उन्होंने मुसहर जाति के करीब आठ हज़ार बच्चों का स्कूल में दाखिला कराया है।

### महिलाओं को समान अवसर मिलने पर ही विश्व होगा समृद्ध

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आठ मार्च को मनाये जा रहे अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का उल्लेख करते हुए रविवार को कहा कि ये विशेष दिन देश की विकास यात्रा में नारी शक्ति के योगदान को नमन करने का अवसर होता है। प्रधानमंत्री ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 110वें संस्करण में कहा कुछ ही दिन बाद आठ मार्च को हम 'महिला दिवस' मनाएंगे। ये विशेष दिन देश की विकास यात्रा में नारी–शक्ति के योगदान को नमन करने का अवसर होता है। महाकवि भरतियार जी ने कहा है कि विश्व तभी समृद्ध होगा, जब महिलाओं को समान अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि आज भारत की नारी–शक्ति हर क्षेत्र में प्रगति की नई ऊँचाइयों को छू रही है। कुछ वर्ष पहले तक किसने सोचा था कि हमारे देश में, गाँव में रहने वाली महिलाएं भी ड्रोन उड़ाएंगी, लेकिन आज ये संभव हो रहा है। आज तो गाँव–गाँव में ड्रोन दीदी की इतनी चर्चा हो रही है, हर किसी की जुबान पर नमो ड्रोन दीदी, नमो ड्रोन दीदी ये चल पड़ा है। हर कोई इनके विषय में चर्चा कर रहा है। उन्होंने कहा एक बहुत बड़ी जिज्ञासा पैदा हुई है और इसीलिए, मैंने भी सोचा कि क्यों ना इस बार 'मन की बात' में, एक नमो ड्रोन दीदी से बात की जाए। इस दौरान उन्होंने उत्तर प्रदेश के सीतापुर की रहने वाली नमो ड्रोन दीदी सुनीता देवी से भी चर्चा की जिन्होंने बताया कि वह स्नातक हैं और खेती बाड़ी से जुड़ी हुई हैं।

### प्रौद्योगिकी से कम हो रहा इंसान व बाघों के बीच संघर्ष : पीएम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को कहा कि इंसान और बाघों के संघर्ष को कम करने के लिए अब प्रौद्योगिकी की मदद ली जा रही है और इस वर्ष तीन मार्च को मनाये जाने वाले 'विश्व वन्य जीव दिवस' की थीम में डिजिटल इनोवेशन को सर्वोपरि रखा गया है। कहा कि आज सबके जीवन में टेक्नोलॉजी का महत्व बहुत बढ़ गया है। अब डिजिटल गैजेट की मदद से वन्य जीवों के साथ तालमेल बिठाने में भी मदद मिल रही है। कुछ दिन बाद, तीन मार्च को 'विश्व वन्य जीव दिवस' है। इस दिन को वन्य जीवों के संरक्षण के प्रति जागरूकता फ़ैलाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। इस वर्ष इस दिवस की थीम में डिजिटल इनोवेशन को सर्वोपरि रखा गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### धर्म नगरी में काशी दर्शन बस सेवा का संचालन शुरू

**वाराणसी।** धर्म नगरी काशी में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए काशी दर्शन बस सेवा की शुरुआत रविवार से हुई। कैंट स्थित रोडवेज बस स्टैंड से बस को राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार रविन्द्र जायसवाल ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। काशी दर्शन बस सेवा वाराणसी शहर के प्रमुख मन्दिरों बाबा विश्वनाथ मन्दिर, बाबा कालभैरव, नमो घाट, श्री संकटमोचन मन्दिर, तुलसी मानस मन्दिर, दुर्गा मन्दिर तक जाएगी। वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बस सेवा वाराणसी कैण्ट से सुबह 08 बजे से प्रारम्भ होकर शाम 6:30 बजे कैण्ट बस स्टेशन पर वापस आ जाएगी। बस का किराया प्रति दर्शनार्थी 500 रुपये है।

### भिंड में आरएसएस के भवन में मिला बम, हड़कंप

**भिंड।** मध्य प्रदेश के भिंड जिले में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यालय में बम मिलने से हड़कंप मच गया है। आपको बता दें की शनिवार देर रात को आरएसएस कार्यालय में पिन लगा बम मिला है। बजरिया स्थित संघ कार्यालय परिसर के मैदान में यह बम मिला है। पुलिस ने हाथ गोला बम को जब्त कर लिया है। भिंड एसपी असित यादव ने बताया है कि बम 30 साल पुराना हो सकता है। संघ कार्यालय खाली था क्योंकि संघ के कार्यकर्ता इंदौर में आयोजित बैठक में शामिल होने के लिए गए थे। आपको बता दें कि भिंड के नजदीक डीडी गांव के पास कुंवारी नदी के पास में फायरिंग रेंज एरिया हुआ करता था। कुछ दिन पहले आरएसएस कार्यालय में मिट्टी से भराव किया गया था और यह मिट्टी फायरिंग रेंज एरिया से लाई गई थी।

### सिमी का सदस्य हनीफ शेख गिरफ्तार, 22 साल से था फरार

**नई दिल्ली।** प्रतिबंधित संगठन स्टूडेंट इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) के सदस्य हनीफ शेख को 22 साल बाद दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने महाराष्ट्र के जलगांव जिले के भुसावल से गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपित के खिलाफ 2001 में दिल्ली के न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी थाने में यूएपीए के तहत मामला दर्ज हुआ था। हनीफ शेख सिमी के मैगजीन इस्लामिक मूवमेंट के उर्दू संस्करण का संपादक था। स्पेशल सेल के डीसीपी आलोक कुमार ने रविवार को बताया कि पिछले चार साल से स्पेशल सेल की टीम हनीफ शेख का पीछा कर रही थी। हनीफ पर साल 2001 में न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी थाने में राजद्रोह और गैरकानूनी गतिविधियों के मामले में एफआईआर हुई थी। इसके ट्रायल के दौरान 2002 में उसे भगोड़ा भी घोषित किया गया था।

### बिहार के दौरे पर जाएंगे पीएम मोदी : सम्राट चौधरी

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कई परियोजनाओं की शुरुआत करने और जनसभाओं को संबोधित करने के लिए दो मार्च को बिहार का दौरा करेंगे। भाजपा की बिहार इकाई के अध्यक्ष और राज्य के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को यह जानकारी दी। चौधरी ने पार्टी के राज्य मुख्यालय में पत्रकारों से बात की, जहां वह भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम सुनने आए थे। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री कई परियोजनाओं की शुरुआत के लिए दो मार्च को औरंगाबाद और बेगूसराय जिलों में होंगे।

### सीएम योगी ने राज्य सरकार की सेवाओं में चयनित 1,782 अभ्यर्थियों को बांटे नियुक्ति पत्र, कहा

# युवाओं को राज्य में ही मिलेगी नौकरी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लखनऊ में 1,782 पदों के लिए चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र बांटे। इसी दौरान सीएम योगी ने कहा कि अब युवाओं को कहीं जाने की जरूरत नहीं क्योंकि उन्हें अपने ही राज्य में नौकरी मिलेगी। उन्होंने कहा कि जो भी युवाओं के साथ जो खिलवाड़ करेगा। उनसे पूरी सख्ती से सरकार निपट लेगी।

बता दें कि आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के लोकभवन में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में पहुंचे। जहां सीएम ने 1,782 पदों के लिए चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र बांटे। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि अब युवाओं को कहीं जाने की जरूरत नहीं क्योंकि उन्हें अपने ही राज्य में नौकरी मिलेगी। उन्होंने कहा कि युवाओं की मेहनत से खिलवाड़ और परीक्षा की शुचिता से समझौता स्वीकार नहीं किया जा सकता। ऐसे अराजक तत्वों के खिलाफकठोरतम कार्रवाई होनी तय है। हम ऐसे लोगों को न घर का न घाट का छोड़ेंगे। कार्रवाई ऐसी होगी कि नजीर बन जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगे कहा कि युवाओं के रोजगार के साथ गड़बड़ी करने वाले राष्ट्रीय पाप कर रहे हैं। सरकार तकनीक का इस्तेमाल करती है तो यह लोग भी तकनीक का इस्तेमाल करने लगते हैं। उन्होंने कहा कि अगर सही दिशा में इन लोगों ने तकनीक का इस्तेमाल किया हो तो यह खुशहाल जीवन जी रहे होते, लेकिन इन्होंने ऐसा नहीं किया और अब यह ना घर के रहेंगे न घाट के।



### सबको स्वास्थ्य सुरक्षा की मिल रही गारंटी : योगी

**रायबरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में सबको स्वास्थ्य सुरक्षा की गारंटी मिल रही है। हमारा लक्ष्य है कि आयुष्मान भारत–विकसित भारत। मुख्यमंत्री रविवार को रायबरेली एम्स के वर्चुअल लोकार्पण के अवसर पर एम्स परिसर में एक जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने सबको स्वास्थ्य सुरक्षा की गारंटी दी और हमने यूपी में दो एम्स बना दिये हैं। सरकार एक जनपद और एक मेडिकल कॉलेज की दिशा में काम करते हुए आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रायबरेली एम्स स्वास्थ्य सेवा के मामले में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने जनपदवासियों को एम्स के लोकार्पण पर बधाई दी और जनप्रतिनिधियों को आश्वासन दिया कि यहां के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल सहित कई मंत्री और विधायक, एम्स के निदेशक डॉ. अरविंद राजवंशी सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इस मौके पर प्रदेश की सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए 15 स्टॉल एम्स परिसर में लगाए गए थे। इन स्टॉल के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण, दिव्यांगजन विभाग, ग्राम्य विकास, पंचायतीराज, डूडा, कृषि विभाग, राजस्व विभाग, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग, महिला कल्याण, बैंकिंग, जलशक्ति विभाग और बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की ओर से लोगों को योजना से लाभान्वित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी ने वर्चुअल माध्यम से रायबरेली एम्स का उद्घाटन किया है।

–संबंधित खबर पेज 5 पर

## पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट से मालिक समेत नौ की मौत, कई लोग गंभीर

समृद्धि न्यूज

**▸ मौके पर एडीजी-आईजी व एसपी समेत कई बड़े अफसर पहुंचे**

**कौशाम्बी ।** कोखराज कोतवाली के भरवारी कस्बे के खल्लाबाद मोहल्ले में रविवार सुबह एक पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हो गया। जोरदार धमाका के साथ लगी भीषण आग में फैक्ट्री मालिक समेत नौ लोगों की मौत हो गई। हादसे में नौ मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए। इनमें से सात को एसआरएन प्रयागराज में भर्ती कराया गया है। जबकि, दो मजदूरों का पता नहीं चल पा रहा है। कई लोगों के चीथड़े उड़ गए। आसपास के खेतों में उनके शरीर के अंग बिखरे मिले। सूचना के बाद एडीजी, आईजी व एसपी समेत पुलिस के आला-अफसर मौके पर पहुंच गए।

भरवारी कस्बा निवासी शाहिद अली (35) ने बस्ती से दूर खल्लाबाद मोहल्ले में न्यू रंगोली फायर ब्रिगेड नाम से पटाखा फैक्ट्री खोल रखी थी। वह रोजाना की तरह रविवार को भी करीब 15 मजदूरों के साथ फैक्ट्री में काम करा रहे थे। सुबह तकरीबन 11 बजे अचानक फैक्ट्री में विस्फोट हो गया। तेज धमाके के साथ भीषण आग लग गई। धमाका सुन आसपास के लोग मौके की तरफ दौड़ पड़े। सूचना के बाद पहुंची कोतवाली पुलिस ने फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाने के साथ ही झुलसे मजदूरों को बाहर निकालना शुरू किया। हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि फैक्ट्री के अंदर काम करने वाले मजदूरों के अंग दो सौ मीटर दूर तक छिटक गए। गंभीर रूप से झुलसे फैक्ट्री मालिक समेत 13 मजदूरों को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। पटाखा फैक्ट्री खलीलाबाद के रहने वाले शराफत अली की बताई जा रही है। हादसे में फैक्ट्री मालिक शराफत के बेटे के भी मौत हो गई है।

### सुरक्षाबलों व माओवादियों की मुठभेड़ में तीन नक्सली ढेर

**कांकेर।** जानकारी के अनुसार सुरक्षाबल के जवानों को अंतागढ़ थानाक्षेत्र के कोयलीबेड़ा इलाके के जंगल में बड़ी संख्या में नक्सलियों के होने की सूचना मिली थी। इसी आधार पर जवानों ने सर्चिंग अभियान चलाया था। इसी बीच जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई, जिसमें जवानों की ओर से की गई फायरिंग में तीन नक्सली मारे गये। वहीं सुरक्षा बल के जवानों को किसी तरह की हानि नहीं हुई है। घटना की पुष्टि करते हुए कांकेर पुलिस अधीक्षक कल्याण एलेसेला ने बताया कि कोयलीबेड़ा इलाके के जंगल में जिला रिजर्व गार्ड और बॉर्डर सेक्योरिटी फोर्स की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर थी। उसी समय नक्सलियों से मुठभेड़ हो गई। उन्होंने बताया कि घटना स्थल से तीनों मारे गये नक्सलियों के शव बरामद हो गए हैं। जवानों ने मौके से दो हथियार भी जब्त किए हैं।

## पुलिस ने अवैध शस्त्र फैक्ट्री का किया भंडाफोड़, दो लोग गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज

**▸ बने अधबने असलहे और उपकरण भी बरामद**

**कासगंज।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियन्त्रण के लिए जिले में अवैध शस्त्रों की तस्करी एवं निर्माण के सम्बन्ध में चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में पटियाली क्षेत्र में संचालित हो रही अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। दो आरोपित गिरफ्तार कर बड़ी संख्या मे बने अधबने असलहे और उपकरण बरामद किए हैं।

उन्होंने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि सीओ पटियाली विजय कुमार राना के नेतृत्व में थाना पुलिस एवं एसओजी सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा किये जा रहे लगातार प्रयासों के क्रम में क्षेत्र के कस्बा भरगैन के जंगल में संचालित अवैध शस्त्र फैक्ट्री सहित दो आरोपित गिरफ्तार किए हैं। इनकी शिनाख्त जिला फर्रुखाबाद के थाना कंपिल क्षेत्र के गांव सिरसा निवासी तोताराम पुत्र दुर्विजय, रोहित पुत्र जयनन्द को मौके से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। जिनके कब्जे से संचालित अवैध शस्त्र फैक्ट्री उपकरण, पांच अदद तमंचे देशी 315 बोर, एक तमंचा अधबना, एक अदद बन्दूक देशी 12 बोर, चार अदद कारतूस जिन्दा 7.62 एमएम, एक कारतूस जिन्दा 5.62 एमएम एवं शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किए। कार्यवाही के दौरान मौके से दो अभियुक्त घने जंगल व झुंड-सरपत का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। उनकी तलाश की जा रही है ।

### बसपा सांसद रितेश पांडेय भाजपा में हुए शामिल

**लखनऊ।** कई दिनों से चली आ रही अटकलों के बीच बसपा सांसद रितेश पांडेय ने रविवार को पार्टी छोड़ दी। उन्होंने भाजपा ज्वाइन कर ली है। लोकसभा चुनाव के पहले बसपा के अंबेडकर नगर से सांसद रितेश पांडेय ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। उनके पार्टी छोड़ने की बातें काफी समय से हो रही थीं। इस्तीफे के बाद उन्होंने भाजपा ज्वाइन कर ली है। भाजपा मुख्यालय में उन्होंने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और डिप्टी सीएम बृजेश पाठक की मौजूदगी में भाजपा ज्वाइन कर ली। उनके इस्तीफा देने के पहले ही ऐसी अटकलें लग रहीं थीं कि वह बीजेपी में जा सकते हैं। उधर मायावती ने अपने बयान में यह इशारा किया है कि पार्टी इस बार उनका टिकट काटने जा रही थी। कई दिनों से चली आ रही अटकलों के बीच बसपा सांसद रितेश पांडेय ने रविवार को पार्टी छोड़ दी।

## सिपाही भर्ती परीक्षा : खाकी के हाथ नहीं आ रहा सरगना, दबिश जारी

समृद्धि न्यूज

**मुरादाबाद ।** बीते दिनों मुरादाबाद में सिपाही भर्ती परीक्षा में सेंधमारी की कोशिश करने वाले सॉल्वर गैंग के सरगना योगेश की तलाश में पुलिस जुटी है। पुलिस टीम ने आरोपित के घर और उसके रिश्तेदारों के घर भी दबिश दी, लेकिन आरोपित और उसके साथी अब तक नहीं पकड़े गए हैं। मामले में पुलिस एक सॉल्वर समेत तीन आरोपितों को जेल भेज चुकी है।

थाना सिविल लाइंस क्षेत्र स्थित महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में सिपाही भर्ती परीक्षा केंद्र बनाया गया था। यहां 17 फरवरी शनिवार को सुबह की पाली में बायोमैट्रिक सत्यापन के बाद अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया जा रहा था। इसी दौरान थाना ठाकुरद्वारा कोतवाली क्षेत्र के शिव नगर पत्थरखेड़ा निवासी अभिषेक कुमार का बायोमैट्रिक सत्यापन किया गया तो एरर आ रहा था। पुलिस ने पूछताछ की तो उसने अपना असली नाम अवनीश कुमार बताया था। वह बिहार के सीतामढ़ी निवासी है। पुलिस ने दिल्ली रोड स्थित मॉडर्न पब्लिक स्कूल से मनीष को पकड़ लिया था। इसके अलावा अभ्यर्थी अभिषेक को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया था। पूछताछ में सॉल्वर ने बताया कि उसे और कुमार गौरव को बिहार के चंपारण जनपद के बरवाड़ा सितार ढाका निवासी अभिनव आलोक लेकर आया था जबकि अभिषेक और मनीष से ठाकुरद्वारा के राजोपुर मिलक निवासी योगेश यादव और उसके रिश्तेदार सुचित कुमार निवासी विजय नगर डूगरपुर थाना ठाकुरद्वारा ने दस-दस लाख रुपये में सॉल्वर बैठाने का सौदा तय किया था।

### हर बूथ व पार्टी को जिताने का संकल्प लें कार्यकर्ता : शाह

**खजुराहो।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि बीते दस साल में नरेन्द्र मोदी ने देश में कई बदलाव किए हैं। ये दस साल भारत के विकास, भारत के 60 करोड़ गरीबों के कल्याण, देश को आतंकवाद से मुक्त कराने, महिला शक्ति को संसद और विधानसभा में 33 फीसदी आरक्षण देकर सम्मान देने के हैं। भारत को महाशक्ति बनाने का यह चुनाव है। भारत को दुनिया में तीसरे नंबर का अर्थतंत्र बनाने का चुनाव है। मैं आज एक बार फिर मध्यप्रदेश की जनता के सामने झोली लेकर आया हूं और अपील करता हूं कि आप इस बार 29 सीटों के कमल मोदी की झोली में डाल दीजिए, हम मध्यप्रदेश और भारत को पूर्ण विकसित बनाएंगे। केन्द्रीय गृह मंत्री शाह रविवार को खजुराहो में आयोजित बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज में यहां 23 हजार बूथ कार्यकर्ताओं से बातचीत करने के लिए आया हूं।

## यूपी बोर्ड : शिक्षा निदेशक ने परीक्षा को लेकर शिक्षाधिकारियों के कसे पेंच

एजेंसी

**▸ बोर्ड मुख्यालय पहुंच देखा कमांड रूम पर्यवेक्षकों से की बात**

**प्रयागराज।** यूपी बोर्ड मुख्यालय में रविवार को काफी हलचल रही। शिक्षा निदेशक महेंद्र कुमार ने अधीनस्थ अफसरों के साथ बैठक करके परीक्षा व्यवस्था को परखा। उन्होंने कमांड रूप के माध्यम आठ हजार से अधिक परीक्षा केंद्रों की मॉनीटिरिंग का मुआयना भी किया। 75 जिलों के पर्यवेक्षकों से बात की। कई जिलों के जिला विद्यालय निरीक्षकों को हिदायत भी दी।

सचिव दिब्यकांत शुक्ला ने भी सभी अधिकारियों को परीक्षा की शुचिता बनाए रखने का निर्देश दिया है। 27 फरवरी को हाईस्कूल में गणित का पेपर है, इस वजह से भी बोर्ड मुख्यालय से अफसरों को खास सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। स्ट्रॉन्ग रूम पर नजर रखने के साथ-साथ जिलों के उन केंद्रों पर भी नकेल कसने को कहा गया है, जहां गड़बड़ी की आशंका दिख रही हो। गणित के पेपर में पुलिस का हर तंत्र सक्रिय रहेगा। एसटीएफ ने भी परीक्षा को नकल विहीन कराने की कवायद की है। संवेदनशील जिलों प्रयागराज, कौशाम्बी, देवरिया, बलिया, अलीगढ़, मथुरा के परीक्षा केंद्रों को खास निगरानी में रखा गया है। मंगलवार यानि 27 फरवरी को प्रथम पाली में हाईस्कूल में गणित का पेपर है। द्वितीय पाली इंटर में गृह विज्ञान का पेपर है। प्रथम पाली की परीक्षा को नकल विहीन एवं शुचितापूर्ण तरीके से कराने के निर्देश दिए।

**सौगात**

### पीएम मोदी गोमती नगर रेलवे स्टेशन का करेंगे उद्घाटन, 385 करोड़ रुपए की लागत से हुआ तैयार

# प्रदेश के पहले विश्वस्तरीय रेलवे स्टेशन का लोकार्पण आज


समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्रदेश का पहला विश्वस्तरीय रेलवे स्टेशन का लोकार्पण 26 फरवरी हो होगा। पीएम मोदी गोमती नगर रेलवे स्टेशन का उद्घाटन करेंगे। करीब 385 करोड़ रुपए की लागत से इसको तैयार किया गया है। बताया जा रहा है कि पीएम मोदी इसका लोकार्पण कर सकते है। यह प्रोजेक्ट साल 2018 में शुरू हुआ था। यह यूपी का पहला विश्व स्तरीय स्टेशन होगा। दो दशक पहले तक मात्र तीन प्लेटफॉर्म वाला स्टेशन अब 6 प्लेटफॉर्म में तब्दील हो गया है। उससे पहले यह स्टेशन पर महज एक हाल्ट हुआ करता था।



रक्षामंत्री और लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह की पहल से इसका निर्माण हुआ है। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने इस स्टेशन की नींव रखी थी। लेकिन अब बहुत साल बाद इसको स्टेशन में तब्दील किया गया है। विभूति खंड की तरफसे स्टेशन का जो हिस्सा है उसको पूरी तरह से कमर्शल में तब्दील कर दिया गया है। रेलवे की तरफ से 10 एकड़ में इसका निर्माण किया गया है। स्टेशन की उत्तर दिशा की टर्मिनल बिल्डिंग भूतल के साथ दो तल की और दक्षिण टर्मिनल की बिल्डिंग भूतल के साथ एक तल की है। इसके अलावा 28 मीटर गुणे 85 मीटर का एयर कान कोर्स बनाया गया है। यह एक मात्र स्टेशन है जहां खरीददारी से लेकर सफर करना तक आसान होगा। इसमें मॉल से लेकर वेटिंग रूम, कैफेटेरिया, लाउंज की सुविधा भी होगी। इसमें नए टर्मिनल पर 14 लिफ्ट और 13 एक्सेलेटर यात्रियों के लिए होंगे। खरीदारी का आनंद उठाने के लिए गोमतीनगर स्टेशन पर एलडीए ने चार लाख वर्गफिट क्षेत्रफल में काम कराया है।

### लोकार्पण के समय रक्षामंत्री राजनाथ रहेंगे मौजूद




भारतीय जनता पार्टी के लखनऊ महानगर के अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने मीडिया को बताया कि 26 फरवरी को लखनऊ में गोमती नगर रेलवे स्टेशन का वर्चुअल लोकार्पण होगा। इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए लखनऊ के सांसद व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार की प्रात:काल 11:25 पर लखनऊ के एयरपोर्ट पहुंचेंगे। एयरपोर्ट से रक्षा मंत्री सीधे गोमती नगर रेलवे स्टेशन जाएंगे। गोमती नगर रेलवे स्टेशन पर रेल मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअल लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम में लखनऊ की जनता के प्रतिनिधि के रूप में रक्षामंत्री शामिल रहेंगे। कार्यक्रम में भाजपा महानगर के कार्यकर्ता भी सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम के उपरांत एयरपोर्ट स्तर की सुविधाओं से तैयार गोमती नगर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह अपराह्न 1:15 बजे स्टेशन से कालिदास मार्ग स्थित आवास जाएंगे।

# अनियंत्रित होकर पलटी दो ट्रैक्टर ट्राली

▸ मदद में पहुंची जनता दरबार, उचौलिया पुलिस व एनएचएआई की टीमें



**उचौलिया खीरी, समृद्धि न्यूज।**

उचौलिया थाना क्षेत्र के चेप्सली स्कूल के सामने एक गन्ने से भरी ट्राली व ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर हाइवे पर ही पलट गई, हालांकि हादसे में कोई हताहत नही हुआ। ट्रैक्टर ट्राली शिवपुरी के एक किसान का था जो अपने खेत से अजबापुर चीनी मिल को गन्ना लेकर जा रहे थे कि अचानक उचौलिया थाना क्षेत्र के चेप्सली स्कूल के पास अनियंत्रित होकर ट्रेक्टर ट्राली समेत पलट गया। सूचना पाकर पहुंची जनता दरबार, उचौलिया पुलिस व एनएचएआई की टीम। जिसके बाद एक और ट्रैक्टर बुलाकर किसी तरह गन्ने से भरी ट्राली को खाली करके ट्रैक्टर की मदद से सीधा किया गया और रास्ता क्लीयर किया गया। वही दूसरा मामला कोटरा में बन रहे पेट्रोल पंप के पास का है। जहाँ बरखेड़ा निवासी रवि मोहन जो अपने खेत से अजबापुर चीनी मिल के लिए गन्ने भरी ट्राली को ट्रैक्टर से लेकर जा रहा था कि अचानक कोटरा के पास बन रहे पेट्रोल पम्प के लास अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर व ट्राली पलट गया। जिसके बाद वहां भी जनता दरबार की टीम मौके पर पहुंची उसके बाद उचौलिया थाने की पुलिस व एनएचएआई की टीम भी पहुंची, इस पलटी ट्रैक्टर ट्राली को भी दूसरे ट्रैक्टर की मदद से सीधा करके फिर हाइवे क्लीयर करवाया गया।

इस दौरान जनता दरबार की टीम में एमडी व सीईओ डॉ. संजीत सिंह सनी, जीतू भार्गव, संजीव कुमार, उचौलिया थाने से एसआई उदयभान सिंह यादव, कांस्टेबल विकास सिंह, एनएचएआई की तरफ से विपिन ठाकुर अपने साथी के साथ व क्षेत्रीय ग्रामीण व समाजसेवी मौजूद रहे।

# संदिग्ध अवस्था में महिला की मौत, लगाया आरोप



मृतका के भाई सालिक राम निवासी बेचें पूर्वा ने पीएम कराने हेतु तहरीर दी है. पीएम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।
**-बृजेश कुमार मौर्य कोतवाली प्रभारी भीरा**

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

थाना भीरा क्षेत्र के गांव मलूकापुर में एक महिला की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई है । परिजनों ने गांव निवासी एक युवक पर जहर देकर मार डालने का आरोप लगाया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम मलूकापुर (बेल्वा) निवासी जगदीश प्रसाद की पत्नी राम बेटी उम्र करीब 45 वर्ष रात में अचानक बीमार हो गई और उल्टियां होने लगी जिसे परिवारीजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिजुआ लेकर पहुंचे । जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतिका के परिजनों का आरोप है कि दो महीना पूर्व गांव निवासी रविंदर ने राम बेटी की जमीन का बैनामा अपने नाम करा लिया था,और बहला फुसलाकर मकान भी आधा बिक्री करवाकर भूषा मशीन खरीदा था जिसका सौदा बीते दिवस कर दिया और रुपए नहीं दिए जब वह रुपए मांगती थी तभी लड़ाई झगड़ा पर उतारू हो जाता था । शनिवार शाम इस व्यक्ति ने ही उसे किसी चीज में जहर दे दिया जिससे उसकी रात में मृत्यु हो गई है। मृतका के भाई ने बताया करीब 20 वर्ष पूर्व हमारी बहन की शादी हुई थी। उनके कोई भी संतान नहीं है सारी जमीन गांव के ही लोगो ने बिक्री करवा ली। बहन के नाम करीब 4 बीघा जमीन थी जो मृतिका के ससुर ने उसके नाम करवाई थी। बैंक पास बुक पर कोई भी पैसा जमा नही है बैंक का खाता 2016 से बंद है।

# विपक्षियों ने हथियार से वकील पर किया हमला

**लखीमपुर खीरी।** पुरानी रंजिश के चलते वकील पर विपक्षियों ने किया जानलेवा हमला,पीट पीट कर बेहोश कर दिया जिसमे वकील को कई गंभीर चोटें आई। परिजनों ने बिजुआ सामुदायिक केंद्र में भर्ती करवाया। थाना भीरा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कचनारा निवासी अरविंद कुमार पुत्र महेश प्रसाद जोकि पेशे से वकील है। पुलिस को दी तहरीर में बताया कि जमीन को लेकर गांव के ही विपक्षियों से पुरानी रंजिश है।जिसके चलते कुछ माह पूर्व भी विवाद हुआ था जिसमे धारदार हथियारों से विपक्षियों ने हमला किया था जिसकी रिपोर्ट भीरा थाने में पंजीकृत करवाई गई थी उसी केस में पुलिस द्वारा दोनो पार्टियों पर धारा 7/16 के तहत कार्यवाही कर दी गई थी जिसकी जमानत के लिए पीड़ित शनिवार को गांव में जमानत दारो से मिलने गया था। तभी श्री कृष्ण कुमार के घर के पास पहले से घात लगाकर बैठे विपक्षी राकेश कुमार,श्याम किशोर पुत्र लालता प्रसाद अपने अन्य साथियों के साथ पीड़ित अरविंद कुमार पर जानलेवा धारदार हथियार व लाठी डंडों से हमला कर दिया। पीड़ित मौके पर बेहोश हो गया। शोर गुल सुनकर तमाम ग्रामीण मौजूद हो गए जिन्होंने पीड़ित के घर पर जानकारी दी। पीड़ित के परिजनों ने डायल 112 पुलिस को सूचना दी और एम्बुलेंस द्वारा अरविंद को एसएचसी बिजुआ भिजवाया पीड़ित ने लिखित तहरीर भीरा पुलिस को दी।

पुरानी रंजिश के चलते आपस मे विवाद हुआ है दोनो पक्षों से तहरीर मिली है दोनो तरफ से मुकदमा पंजीकृत किया गया है।
**-बृजेश कुमार मौर्य कोतवाली प्रभारी भीरा**

# नपा अध्यक्ष ने त्रिलोक गिरि शक्ति केन्द्र पर सुनी मन की बात



**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

प्रधानमंत्री के 110 वें मन की बात संस्करण को नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने गोला गोकर्णनाथ के शक्ति केन्द्र त्रिलोक गिरि के बूथ संख्या 192 पर बूथ कमेटी एवं पन्ना प्रमुखों के साथ मन की बात सुनी मन की बात का कार्यक्रम सुनने के बाद बूथ कमेटी की बैठक कर कार्यकर्ताओं को लाभार्थी सम्पर्क अभियान को सफल बनाने के लिए जरुरी जानकारियां दी। इस अवसर पर शक्ति केंद्र संयोजक शिवम गुप्ता गुरु जी, बूथ अध्यक्ष हरिश्चंद्र गुप्ता, बूथ अध्यक्ष गोविंद कुमार, वशिष्ठ कार्यकर्ता प्रमोद कुमार गुप्ता, विशाल गुप्ता ,अनिल मिश्रा लिटिल रस्तोगी, पवन गुप्ता अश्विनी रस्तोगी ,प्रिंस गुप्ता विशाल गुप्ता ,मोनू रस्तोगी, मोनू शर्मा ,लालमणि शर्मा, कृष्णा आदि उपस्थित रहे।

# इंडो-नेपाल सीमा पर एसएसबी ने नगदी नेपाली सिगरेट के साथ युवक को पकड़ा

**गौरीफंटा बॉर्डर, समृद्धि न्यूज।**

इंडो-नेपाल सीमा गौरीफंटा बॉर्डर से एसएसबी 39वीं वाहिनी ने एक व्यक्ति को 200000 रुपए भारतीय करेंसी और 100 पैकेट नेपाली खुखरी सिगरेट के साथ पकड़ा। इस समय भारत नेपाल सीमा गौरीफंटा बॉर्डर पर एसएसबी ने कमर कस ली है और तस्करों के खिलाफ अभियान छेड़ दिया है।

एसएसबी लगातार आए दिन तस्करों के ऊपर शिकंजा कसे हुए हैं। आए दिन किसी न किसी तस्कर को हिरासत में ले रहे हैं और लाखों का माल बरामद कर रहे हैं। ऐसा ही एक मामला गौरीफंटा इंडो-नेपाल सीमा का सामने आया है जिसमें एक युवक अचल सक्सेना को हिरासत में लिया



है जो की गौरीफंटा बाजार में चाय की दुकान करता है और भारत से नेपाली करेंसी नेपाली ले जाकर एक्सचेंज करता है वहीं नेपाल में भारतीय करेंसी को तस्करी कर इंडिया लाया जाता है। इसको अंजाम देने के लिए तस्कर नूडल्स यानी चाउ- चाउ के गत्तों में नेपाल से खुकरी सिगरेट, चाइनीज लाइटर, की तस्करी धड़ल्ले से कर रहे हैं। वहीं दूसरी और एसएसबी ने भी शिकंजा कसना शुरू कर दिया है विगत शाम को ही 200000 की भारतीय मुद्रा और चाउ-चाउ के डिब्बे के अंदर 100 नेपाली खुखरी सिगरेट की डिब्बी इंडिया लाई जा रही थी जिसको एसएसबी ने पकड़ लिया और कस्टम के सुपुर्द कर दिया है।

# अमृत भारत योजना के तहत चयनित स्टेशन का शिलान्यास कार्यक्रम आज

**हैदरगढ़, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

▸ स्टेशन मास्टर जोगिंदर सिंह ने बताया कि यह रेलवे स्टेशन अमृत भारत योजना के तहत चयनित है

अमृत भारत योजना के तहत चयनित रेलवे स्टेशन हैदरगढ़ पर होने वाले शिलान्यास कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोर-जोर से जारी है इस कार्यक्रम सांसद उपेंद्र सिंह रावत विधायक दिनेश रावत जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत सहित बड़ी संख्या में जन प्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक हिस्सा ले रहे। यह जानकारी देते हुए रेलवे स्टेशन हैदरगढ़ के स्टेशन मास्टर जोगिंदर सिंह ने बताया कि यह रेलवे स्टेशन अमृत भारत योजना के तहत चयनित है इस स्टेशन के विकास के लिए सोमवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसका शिलान्यास वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे ।

उल्लेखनीय है कि 26 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमृत भारत योजना के तहत पूरे देश में 554 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास एवम 1500 रोड ओवरब्रिज/ अंडरपास का शिलान्यास, उद्घाटन व राष्ट्र को समर्पण करने का कार्य टेलीकांफ्रेंसिंग के जरिए करेंगे।

## देवेश्वर महादेव मंदिर का 18वां वार्षिक उत्सव सम्मेलन 28 से

**हैदरगढ़, बाराबंकी।** कस्बा के भवन खेड़ा मोड पर स्थित देवेश्वर महादेव मंदिर का 18वां वार्षिक उत्सव सम्मेलन आगामी 28 व 29 फरवरी को मनाया जाएगा। संयोजक डॉक्टर राधेश्याम मौर्य ने यह जानकारी देते हुए बताया 28 फरवरी दिन बुधवार को रामचरितमानस का अखंड पाठ शुरू होगा एवं 29 फरवरी गुरुवार को अखंड पाठ के समापन पर संत समागम का आयोजन किया जाएगा जिसमें आमंत्रित श्री श्री 1008 महंत रामसेवक दास जी महाराज दलसिंहपुर, मानस प्रवक्ता लखनऊ राम केवल मिश्र कमल, दलसिंहपुर अयोध्या से समागत दिलीप शुक्ला शास्त्री एवं अवधी सम्राट मानस प्रवक्ता हरिनारायण तिवारी आदि संतों व विद्वानों द्वारा प्रवचन किया जाएगा।

# अयोध्या हॉस्टल की टीम ने जीता फाइनल

**मोहम्मदी खीरी, समृद्धि न्यूज।**

प्रधानमंत्री खेलो इंडिया के अंतर्गत राजापुर बेनी में स्वर्गीय रोहन सिंह ऑल इंडिया वॉलीबॉल टूर्नामेंट का दो दिवसीय डे एण्ड नाइट मैच का शानदार ढंग से समापन हुआ। अयोध्या हॉस्टल की टीम ने लखनऊ हॉस्टल की टीम को वेस्ट ऑफ फाइव के अंतर्गत लगातार तीन सेट जीतकर कप पर कब्जा जमाया। अयोध्या हॉस्टल की टीम के कप्तान को मुख्य अतिथि विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने और 51000 का नगद पुरस्कार और कप और मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया वही रनर रही लखनऊ हॉस्टल की टीम को रनर कप और 31000 रुपए का पुरस्कार दिया। वॉलीबॉल टूर्नामेंट के तीसरे विजेता आजमगढ़ हॉस्टल की



टीम को 11000 और कप देकर सम्मानित किया गया। इस वॉलीबॉल टूर्नामेंट में कुल 12 टीमों ने भाग लिया। सेमीफाइनल में पहुंचने वाली लखनऊ हॉस्टल ,अयोध्या हॉस्टल, आजमगढ़ हॉस्टल और प्रयागराज हॉस्टल की टीमे सेमी फाइनल में पहुंची। दोनों सेमीफाइनल बेहद ही रोचक और आकर्षक रूप से संपन्न हुए जिसमें भारी संख्या में दर्शकों की संख्या दिखाई दी। दर्शकों के बैठे के साथ-साथ पानी और चाय की बेहतर व्यवस्था रही। विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने विजेता उपविजेता तथा तीसरे नंबर की टीम को कप देकर कहा कि खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण अंग है। खेल हमको आपसी भाईचारा और जीतने की प्रेरणा देता है वही विधायक लॉकेट प्रताप सिंह ने वॉलीबॉल कमेटी को 100000 की नगद धनराशि भी दी। इस कार्यक्रम के आयोजक विधायक पुत्र वैभव प्रताप सिंह के माध्यम से आयोजित दो दिवसीय डे और नाइट वॉलीबॉल टूर्नामेंट कराने मे सभी के सहयोग के लिऐ बधाई दी। वॉलीबॉल टूर्नामेंट के आयोजन वैभव प्रताप सिंह को बेहतर टूर्नामेंट कराने के लिए नगर के मोहम्मदी खेल प्रेमियों ने शाल उड़ाकर सम्मान भी किया। इस कार्यक्क्रम में मुख्य रूप से कमेटी के ब्लॉक प्रमुख महेंद्र बाजपेई ,अध्यक्ष प्रभुज सिंह प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह पसगवां दीपक राठौर, पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, समिति अध्यक्ष देवेश ऋषि सिंह, सुशील त्रिवेदी आशीष त्रिवेदी इंद्रजीतसिंह पूर्व नगर अध्यक्ष सौरभ गुप्ता इंद्रजीत सिंह ,भूरे सिंह ,मोहित शुक्ला, सहित क्षेत्र के प्रधान उप प्रधान सहित गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे।

# सोशल ऑडिट टीम ने किया लाभार्थियों के अभिलेखों की जांच

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

प्रधानमंत्री आवास प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2020-21मे स्वीकृत परियोजनाओ के लाभार्थियों का सोशल ऑडिट क्षेत्रीय नगर एवं अध्ययन केंद्र लखनऊ से आई सोशल ऑडिट टीम द्वारा किया गया। आपको बताते चले कि दिनांक 23, 24 एवं 25 फरवरी 2024 को जनपद बाराबंकी की नगर पंचायत रामनगर,दरियाबाद एवं नगर पालिका परिषद नवाबगंज मे प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2020-21 मे स्वीकृत परियोजनाओ के लाभार्थियों का सोशल ऑडिट क्षेत्रीय नगर एवं अध्ययन केंद्र लखनऊ से आई सोशल ऑडिट टीम द्वारा किया गया।लाभार्थियो के अभिलेखो की जांच के साथ ही सोशल आडिट टीम के सदस्यो ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियो से सीधा संवाद किया।

क्षेत्रीय नगर एवं पर्यावरण अध्ययन केंद्र लखनऊ की अर्बन प्लानर सुश्री वर्तिका यादव एवं सोशल आडिट सलाहकार अभिषेक शर्मा के नेतृत्व मे आई टीम ने वित्तीय वर्ष 2021-22 के लाभार्थियो का डीपीआर देखा।लाभार्थियो से टीम सदस्यो ने शहरी आवास योजना का लाभ प्राप्त करने के बाद का अनुभव जाना।लाभार्थियो ने बताया कि वर्षा के दिनो होने वाली परेशानी अब दूर हुई है तथा वह अब अपना खुशहाल और उन्नत जीवन यापन कर रहे है।डूडा की ओर से तकनीकी जांच के बारे में टीम सदस्यों ने लाभार्थियों से जानकारी ली।

टीम ने लाभार्थियो के आवासो का स्थलीय निरीक्षण किया।उक्त सोशल ऑडिट मे डूडा के परियोजना अधिकारी सौरभ त्रिपाठी, सीएलटीसी आशीष कुमार चौरसिया, डीसी शिवम विश्वकर्मा, राजेश्वर वर्मा,जेई विवेक, रवि,सुनील,अमन लाभार्थियो मे संतोष कुमारी,अनिता, मोबिना एवं अन्य लाभार्थीगण उपस्थित रहे।

# वन माफियाओं की मिलीभगत से पेड़ों पर चला आरा

▸ स्थानीय लोगों द्वारा जब इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से की गई तो वन माफिया काटन छोड़ मौके से हो गए फरार

**सिद्धौर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

कोठी थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव में बीती रात वन माफियाओं ने वन विभाग की मिली भगत से काफी पुराने देसी आम के हरे-भरे पेड़ों को काटकर गिरा दिया। स्थानीय लोगों द्वारा जब इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से की गई तो वन माफिया काटन छोड़ मौके से फरार हो गए। कोठी थाना क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा गांव के पास एक आम की बाग में काफी मोटे और वर्षों पुराने हरे भरे देसी आम के पेड़ लगे हुए थे। जिन्हें लखनऊ के झींगामऊ निवासी राजीव ने जैदपुर थाना क्षेत्र के एक ठेकेदार के हाथ बेच दिया था। ठेकेदार ने वन विभाग के अधिकारियों से मिलकर बिना परमिट के बीती रात हरे-भरे आम के पेड़ों को काटकर गिरा दिया। पेड़ों की आवाज सुनकर गांव के लोग मौके पर जाकर इसकी सूचना उच्च अधिकारियों को दी।

उच्च अधिकारियों तक सूचना पहुंचने पर वन विभाग के वन दरोगा ने ठेकेदारों को मौके से जाने के लिए कहा जिससे वन माफिया पेड़ों को छोड़कर मौके से फरार हो गया। सुबह वन विभाग नाटकीय ढंग से मौके पर पहुंचा और वहां लोगों से पूछा कि यह पेड़ किसने काटे हैं। जब यह मामला थाना प्रभारी कोठी के पास पहुंचा तो उन्होंने कहा की वन माफिया के विरोध मुकदमा दर्ज किया जाएगा। वन विभाग के दरोगा नहीं पुलिस को बताया कि वन विभाग द्वारा जुर्माना वसूलने की कार्यवाही कर दी गई है। इसके बाद वन दरोगा सचिन पटेल व वीर भगत में सीमा विवाद को लेकर मामला छिड़ गया। वीर भगत का कहना था कि जिस क्षेत्र में पेड़ काटे हैं वह मेरा है, तो सचिन पटेल का कहना था कि यह क्षेत्र हमारे में आता है।

वन क्षेत्र अधिकारी हरख प्रदीप सिंह का कहना है दो आम के हरे-भरे पेड़ काटे गए हैं। जिसमें जुर्माने की कार्यवाही की गई है। सीमा विवाद का मामला आया था, सोमवार को तय किया जाएगा किसके क्षेत्र में है।

## महाशिवरात्रि पर सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग

**हैदरगढ़, बाराबंकी।** आगामी 8 मार्च को पड़ने वाले महाशिवरात्रि पर्व के मद्देनजर अवसानेश्वर मंदिर समिति द्वारा एसडीम को पत्र देकर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की गई है। समिति की ओर से दिए गए पत्र में महादेव मंदिर पर महाशिवरात्रि पर्व पर बड़ी संख्या में पूजा अर्चना के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उनकी सुविधा और सुरक्षा के लिए मंदिर परिसर में पुलिस चिकित्सा फायर ब्रिगेड पेयजल बैरिकेडिंग तथा स्नान घाट पर साफ सफाई नाव एवं गोताखोरों की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने की मांग उप जिलाधिकारी से की गई है।

# कई वर्षों बाद अचानक दिखे ये अनोखे पक्षी



**बांकेगंज खीरी। समृद्धि न्यूज**

लखीमपुर खीरी क्षेत्र में करीब दो दशक बाद लुप्तप्राय गिद्ध की दुर्लभ प्रजाति अचानक दिखने से वन महकमे के साथ ही पक्षी प्रेमियों की प्रसन्नता बढ़ी है। रविवार सुबह बांकेगंज क्षेत्र में कुकरा मार्ग पर लोहिया पुल के निकट एक पेड़ पर बड़ी संख्या में बैठे गिद्धों को देखकर लोगों में उत्साह दिखाई दिया राहगीर सड़क पर रुक कर वीडियो तथा फोटो खींचने लगे। विदित कई वर्षों से गिद्धों का दिखाई देना लगभग बंद हो गया था। प्रकृति के इन सफाई कर्मियों मौत हो जाने से किसी पशु की मौत हो जाने पर उसका शव सड़क अथवा रेलवे लाइन के किनारे दुर्गंध फैलता रहता था। उनकी विलुप्ति का कारण बन रहे डाइक्लोफिनेक सोडियम पर प्रतिबंध लगने के बाद सुखद परिणाम भी सामने आने लगे है। इसी कड़ी में रविवार को जब राहगीर कुकरा मार्ग से निकल रहे थे तो उन्हें लोहिया पुल के निकट एक पेड़ पर करीब दो दर्जन गिद्ध बैठे दिखाई दिए। इससे लोग रुक कर उन्हें देखने लगे तथा जिनके पास मोबाइल था वह उनका वीडियो बनाने लगे और फोटो खींचने लगे वह लोग यही चर्चा कर रहे थे कि पिछले कई वर्षों के बाद इतनी बड़ी संख्या में गिद्ध दिखाई दिए हैं। इस प्रकृति के लिए अच्छा संकेत माना जा सकता है।

मैलानी रेंजर साजिद हुसैन ने बताया कि गिद्ध वन क्षेत्र में कभी कभी दिखाई नहीं देते हैं। और यह बहुत ही सौभाग्य की बात है कि इतनी भारी संख्या में गिद्धों को एक साथ देखा गया है ।

## ग्राम प्रधान के नेतृव में चला सफाई अभियान

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** विकासखंड सिरौलीगौसपुर के अंतर्गत मरकामऊ में फैले गंदगी की साफ सफाई का काम वृहद स्तर पर किया गया। गांव में सफाई का कार्य ग्राम ने सफाई कर्मियों को लगाकर करवाई। सिरौलीगौसपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत मरकामऊ में जगह जगह कूड़े से नालियां पट गई थी जिससे नाली का गंदा पानी सड़क पर बह रहा था। रविवार को ग्राम प्रधान रेखा गुप्ता ने पूरे गांव में सफाई कर्मियों को लगाकर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराई गई। गांव में बनी नालियों को ग्राम प्रधान रेखा गुप्ता की मौजूदगी में सफाई कर्मियों ने साफ किया । जिससे ग्रामीणों ने राहत का सांस लिया है।

**आवश्यकता है**

विभागाध्यक्ष एवं प्रवक्ता डी.एल.एड. (बी.टी.सी.) पद हेतु
**वेतनमान**-NCTE के नियमानुसार।
**नोट**- इच्छुक अभ्यर्थी अपने सभी शैक्षिक अभिलेखों सहित विज्ञप्ति प्रकाशन से 15 दिन के अंदर अपना आवेदन पत्र संस्था में उपस्थित होकर/ डाक/ स्पीडपोस्ट/ई-मेल (guptameenu434@gmail.com) पर भेंजे।
कॉलेज पता- अक्षर ज्योति एकेडमी, नई जेल के सामने मोहनलालगंज-गोसाईगंज लखनऊ, पिन कोड-226301। कॉलेज रोड-226506

**प्रबन्धक**
**अक्षर ज्योति एकेडमी सिठौली खुर्द नई जेल के सामने पिन कोड-226301, लखनऊ।**

# मार्ग दुर्घटना में युवक की मौत

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

सफदरगंज एव मसौली थाना क्षेत्र मे अलग अलग हुई मार्ग दुर्घटना मे साईकिल सवार एक 36 वर्षीय युवक की मृत्यु हो गयी वही मसौली थाना क्षेत्र मे दुर्घटना मे गंभीर रूप से घायल हुए युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रविवार की सुबह सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम किशुनपुर मजरे अम्बौर निवासी 36 वर्षीय मुरली पुत्र अर्जुन रावत नित की भांति साईकिल से ग्राम पलहरी स्थित मुन्ना फ्लोर मिल पर काम करने के लिए आ रहा था साईकिल सवार ग्राम पलहरी से पूर्व ग्राम छब्बापुरवा के निकट पहुंचा ही था कि अयोध्या की ओर से तेज रफ्तार मे आ रहे ट्रेलर नंबर यूपी 21 बीएंन 8877 ने जोरदार टककर मार दी जिससे साईकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया सफदरगंज पुलिस जब तक घायल को जिला अस्पताल पहुंचाते उससे पूर्व घायल ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने ट्रेलर को कब्जे मे लेते हुए शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मसौली थाना क्षेत्र के अंतर्गत सहाबपुर टोल प्लाजा के निकट हाफडाला और रोडवेज की जोरदार भिडन्त में हाफडाला का चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया है। मसौली पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। सीतापुर जनपद के सदना थाना क्षेत्र के ग्राम अहमदपुर निवासी हाफडाला नरेश पुत्र डोरी लाल डालीगंज लखनऊ से राशन सामग्री लाद कर कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बहराइच लेकर जा रहा था हाफडाला सहाबपुर टोल प्लाजा के निकट पहुंचा ही था की सामने से तेज रफ्तार मे आ गोण्डा डिपो की रोडवेज बस ने टक्कर मार दी।

# आयुष्मान भव मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला आयोजित

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

सीएचसी सिरौलीगौसपुर में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा मंडल अध्यक्ष सिरौलीगौसपुर संतोष पाण्डेय की मौजूदगी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सीधे लाइव प्रसारण को एलसीडी के माध्यम से देखा गया। इस मौके पर सीएचसी अधीक्षक डॉ सन्तोष सिंह डॉक्टर देवेंद्र सिंह डॉ संतोष शुक्ला रश्मि सिंह चीफ फार्मासिस्ट अमित के अतिरिक्त सैकड़ो लोग मौजूद रहे। वहीं शासन की मंशा के अनुरूप सीएचसी सिरौलीगौसपुर अधीक्षक डॉ सन्तोष सिंह के नेतृत्व में सीएचसी समेत तीनों प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर आयुष्मान भवः कार्यक्रम के तहत साप्ताहिक मुख्य मंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया । 85 मरीजों की जांचें करके उनमें दवाओं का वितरण किया गया।आयुष्मान भवः साप्ताहिक स्वास्थ्य मुख्य मंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन सीएचसी सिरौली गौसपुर अधीक्षक के नेतृत्व में डाक्टर देवेन्द्र सिंह डॉ अफजल नोमानी डाक्टर सन्तोष शुक्ला डाक्टर रश्मी सिंह चीफ फार्मासिस्ट अमित ने 85 मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर दवायें दी।

## स्पोर्ट्स क्रियाओं से होता है शारीरिक व मानसिक विकास: सुनील सिंह

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** खेल या स्पोर्ट्स क्रियाओं में सक्रिय रुप से भाग लेने से व्यक्ति का शारीरिक और मानसिक विकास अच्छा होता है। यह हमें जीवन में बहुत सारी आवश्यक चीजों को सीखने और हमारे व्यक्तित्व आत्मविश्वास के स्तर में विकास और शारीरिक व मानसिक संतुलन बनाये रखने में मदद करता है। शिक्षा को बिना खेलों के अधूरा माना जाता है क्योंकि खेलों के साथ शिक्षा बच्चों को अध्ययन की ओर अधिक ध्यान खिंचती है उक्त विचार विकासखंड त्रिवेदीगंज के ग्राम दयाराम पुरवा में ग्राम प्रधान भानु बाजपेई द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच में पहुंचे पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह ने व्यक्त किये। क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में पहुंचे सुनील सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया।

# फ्री यूनानी मेडिकल कैंप में 300 मरीजों को वितरित की गई दवाएं

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

राहिमा यूनानी दवाखाना बाराबंकी की ओर से फ्री युनानी मेडिकल कैंप का आयोजन क्षेत्र के गदिया में स्थित ग्राम प्रधान नसीर अहमद कुरैशी के आवास पर आयोजित किया गया। कैंप में हकीम डॉ. मोहम्मद तुफैल, हकीम डॉ. मोहम्मद सुहैल और डॉ. मोहम्मद शादाब अज़ीम द्वारा लगभग 300 मरीजों की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाएं वितरित की गई। डा. मोहम्मद तुफैल ने बताया कि हमारे इस निशुल्क कैंप का मकसद समाज सेवा है। तमाम गरीब लोग पैसे के कारण अपना इलाज कराने डाक्टरों के पास नही जा पाते हैं,इसी को ध्यान में रखते हुए हम विभिन्न क्षेत्रों में निशुल्क कैंप का आयोजन कर मरीज को दवाई वितरित करते हैं। क्यों कि गरीबों की सेवा से बढ़कर कोई धर्म नही है। हम मानवता के नाते बिना भेदभाव लोगों की सेवा करते हैं और आगे भी अपने काम को जारी रखेंगे। उन्हों ने कहा कि समाज सेवा में सभी को बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए और गरीब लोगों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। डॉ. तुफैल ने बताया कि यूनानी पैथी में हर पुराने मर्ज का इलाज मौजूद है। इस मौके पर प्रधान नसीर अहमद कुरैशी,मौलाना अज़ीम नदवी, डॉ.उबैदुल्लाह,दीपक शर्मा, मो0 राफे, मो. बिलाल,हाफिज फैजान आदि मौजूद रहे।

# आईएएस सुहास के पैरा बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियन बनने पर सीएम ने दी बधाई

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार में खेल विभाग के सचिव आईएएस सुहास एल वाई ने फिर पैरा बैडमिंटन में अपना कमाल दिखाया है। थाईलैंड के पटाया में बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप में उन्होंने गोल्ड मेडल जीतने के साथ ही वर्ल्ड चैंपियन होने का गौरव हासिल किया है।

उन्होंने एमएस एसएल 4 में वर्ल्ड नंबर 2 सीड फ्रेडी सेतियावान को 21-18,21-18 से हराया। उनकी इस उपलब्धि पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी है। सीएम योगी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा, ष्पटाया, थाईलैंड में बीडब्लयूएफ विश्व चौंपियनशिप 2024 में विश्व चौंपियन बनने पर सुहास एल वाई को बधाई। फाइनल में आपकी जीत समर्पण और उत्कृष्टता का एक शानदार उदाहरण है। आपके भविष्य के सभी प्रयासों में अद्वितीय सफलता की कामना करता हूं। हम सभी को गर्व है। सुहास यतिराज देश की ब्यूरोकेसी में पैरा गेम्स में सबसे ज्यादा गोल्ड मेडल जीतने वाले पहले आईएएस ऑफिसर हैं। पहले भी उन्होंने खेल की दुनिया में भारत का नाम पूरे विश्व में रोशन किया है। सुहास एलवाई उत्तर प्रदेश कैडर में वर्ष 2007 बैच के आईएएस हैं।

# औद्योगिकीकरण के लिए किए जा रहे योगी सरकार के प्रयास ला रहे है रंग

**फैक्ट्रीज की संख्या, रोजगार, आउटपुट वैल्यू में हुई वृद्धि**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के औद्योगिकीकरण के लिए किए जा रहे योगी सरकार के प्रयास भी रंग ला रहे हैं। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) के एनुअव सर्वे ऑफ इंडस्ट्रीज (एएसआई) के ताजा आंकड़े और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय की ताजा रिपोर्ट इसी ओर इशारा कर रही हैं। एमओएसपीआई के वित्त वर्ष 2020-21 और 2021-22 के लिए जारी एएसआई डेटा के अनुसार उत्तर प्रदेश ने सभी महत्वपूर्ण इंडीकेटर्स जैसे फैक्टरीज की संख्या, रोजगार, आउटपुट वैल्यू में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है, जबकि कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश नई सक्रिय कंपनियों की उच्चतम विकास दर के साथ अग्रणी राज्य है। ग्रॉस वैल्यू एडेड की बात करें तो वर्ष 2016 से 2020 तक इसमें 7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है,

जबकि भारत में हिस्सेदारी 5.1 प्रतिशत से बढ़कर 5.7 प्रतिशत हो गई है। महामारी के बाद ग्रॉस वैल्यू एडेड वर्ष 2021 की तुलना में वर्ष 2022 में 28 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि हिस्सेदारी भी 5.8 प्रतिशत से बढ़कर 5.9 प्रतिशत हो गई।

उधर, कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, प्रदेश नई सक्रिय कंपनियों की उच्चतम विकास दर के साथ अग्रणी है। नवंबर 2022 से नवंबर 2023 की अवधि के दौरान उत्तर प्रदेश में शीर्ष 10 औद्योगिक राज्यों की तुलना में सक्रिय कंपनियों की संख्या में सबसे अधिक वृद्धि देखी गई है। 16.1 प्रतिशत के साथ उत्तर प्रदेश इस मामले में शीर्ष पर है।

### एमओएसपीआई ने जारी किया एएसआई डेटा

एमओएसपीआई ने वित्त वर्ष 2020-21 और 2021-22 के लिए एएसआई डेटा जारी किया है, जिसमें सभी महत्वपूर्ण इंडीकेटर्स जैसे फैक्टरीज की संख्या, रोजगार, आउटपुट वैल्यू में प्रदेश ने पर्याप्त उछाल दर्ज की है। साथ ही यह भारत में उप्र के शेयर में हुई वृद्धि को भी स्पष्ट करता है। वर्ष 2016 से वर्ष 2020 तक फैक्टरीज की संख्या 1.4 प्रतिशत की कंपाउंड एनुअल ग्रोथ रेट (सीएजीआर) से बढ़ी हैं, जबकि भारत में हिस्सेदारी 6.6 प्रतिशत पर लगभग स्थिर रही है। महामारी के बाद वित्त वर्ष 2021 की तुलना में वित्त वर्ष 2022 में फैक्टरियों में 6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि हिस्सेदारी भी 6.6 प्रतिशत से बढ़कर 7 प्रतिशत हो गई है। इसी तरह कुल संलग्न व्यक्तियों की बात करें तो 2016 से 2020 तक रोजगार 4.7 प्रतिशत के कंपाउंड एनुअल ग्रोथ रेट से बढ़ा है, जबकि भारत में हिस्सेदारी 6.6 प्रतिशत से बढ़कर 6.8 प्रतिशत हो गई है। महामारी के बाद वित्त वर्ष 2022 में 2021 की तुलना में रोजगार में 14 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि हिस्सेदारी भी 7.1 प्रतिशत से बढ़कर 7.6 प्रतिशत हो गई है।

# मुख्यमंत्री योगी ने अर्जुनगंज हादसे में घायल मरीजों का जाना हाल

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** अर्जुनगंज क्षेत्र में शनिवार रात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के काफिले के साथ भीषण हादसा हो गया। इस हादसे में 5 पुलिसकर्मियों सहित कम से कम 15 लोग घायल हो गए। हादसे में घायल मरीजों का इलाज लखनऊ के ट्रामा सेंटर में चल रहा है। आज उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ट्रामा सेंटर में जाकर मरीजों से मिले और उनका हालचाल जाना। इस दौरान उनके साथ डीजीपी प्रशांत कुमार भी मौजूद रहे। सीएम योगी ने सभी घायलों का बेहतर इलाज करने के निर्देश दिए।

लखनऊ के पुलिस आयुक्त एस बी शिरोडकर ने बताया कि शनिवार शाम को मुख्यमंत्री के काफ्लि के एक किलोमीटर आगे जिला पुलिस की एक बोलेरो जीप (एन्टी डेमो) चल रही थी। इस जीप के पहले पुलिस का एक इन्टर सेप्टर वाहन चल रहा था अर्जुनगंज बाजार क्षेत्र में इंटरसेप्टर वाहन एक कुत्ते से टकरा गया और कुत्ता मर कर सड़क पर पड़ा था। पीछे से तेज रफ्तार से आ रही एंटी डेमो जीप इस कुत्ते के ऊपर चढ़ने से अनियंत्रित होकर सड़क पर चल रही दो अन्य कारों से टकरा गई। उन्होंने बताया कि इस हादसे से जीप में बैठे पांच पुलिस कर्मियों समेत 15 लोग घायल हो गये जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

संयुक्त पुलिस आयुक्त आकाश कुल्हरी ने बताया कि बोलेरो जीप में बैठे पांच पुलिसकर्मी और दो कारों में बैठे 10 अन्य लोग घायल हुए हैं। उनके मुताबिक घायलों में से कुछ की हालत चिंताजनक है। पुलिस आयुक्त ने बताया कि चूंकि यह एंटी डेमो जीप मुख्यमंत्री के काफिले से एक किलोमीटर आगे चल रही थी इसलिए इस हादसे से मुख्यमंत्री के काफिले पर कोई असर नही पड़ा। उनके मुताबिक मुख्यमंत्री का काफिला अमौसी हवाई अड्डे से लौट रहा था और मुख्यमंत्री अपने वाहन में काफिले में मौजूद थे। इस घटना के बारे में जानकारी मिलते ही प्रमुख सचिव संजय प्रसाद, पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार अस्पताल पहुंचे और घायलों के बारे में डाक्टरों से जानकारी ली।

### सीएम के काफिले में घायल दो लोगों की मौत



**लखनऊ।** लखनऊ के अर्जुनगंज क्षेत्र में शनिवार रात को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के काफिले के करीब एक किलोमीटर आगे चल रही जिला प्रशासन की पुलिस जीप के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से पांच पुलिसकर्मियों सहित कम से कम 13 लोग घायल हो गये। जिसमें आज 02 लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि 40 वर्षीय महिला एवं 13 वर्षीय किशोरी का निधन सिर की चोट एवं कूल्हे की हड्डी टूटने के कारण हुआ है। केजीएमयू मुताबिक 2 अन्य वेंटिलेटर पर हैं। उनकी स्थिति गंभीर है। सिर पर चोट लगने से खून का जमाव हो गया है। अन्य घायल उपचार पर हैं, उन सभी की हालत स्थिर है। घायलों में 6 वर्षीय बालिका, 13 और 15 वर्ष के किशोर बालक, 25, 26 और 35 वर्ष के पुरुष और 35 वर्षीय महिला सम्मिलित हैं। सभी आईसीयू में भर्ती हैं। आप को बता दें कि शनिवार शाम को अर्जुनगंज बाजार क्षेत्र में मुख्यमंत्री के काफिले के एक किलोमीटर आगे चल रही एक पुलिस जीप दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दुर्घटना में 13 लोग घायल हो गए।

# लाभार्थी संपर्क अभियान में पहुंचे मंत्री ने शिकायत पर लिया एक्शन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** भाजपा के लाभार्थी संपर्क अभियान में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने शिकायत पर तुरंत एक्शन लिया, लेकिन अधिकारी से समस्या का समाधान करने के लिए कहने में कई नंबर डायल करना पड़ गया। पहले फोन जल संस्थान अयोध्या को लग गया, फिर एक व्यक्ति ने जीएम को फोन किया तो पता चला वो रिटायर हैं। इसके बाद वित्त मंत्री ने अपने पीए से नगर आयुक्त को फोन करने को कहा।

सात माल एवेन्यू में शिव पुरम में सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से मिलने पहुंचे। यहां पर लोगों ने उनसे समस्या के बारे में बताया कि पानी की टंकी और मोटर खराब है। छह महीने पहले शिकायत पर अधिकारी मोटर उठा ले गए। इस पर भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने जीएम जल संस्थान को फोन लगा दिया। सुरेश खन्ना ने उनसे फोन पर बात की तो उधर से कहा गया कि अयोध्या से। इसके बाद उन्होंने कहा मैंने अयोध्या किया था। वहीं, इसके बाद मंत्री के बगल में खड़े एक अन्य भाजपा कार्यकर्ता ने जीएम जल संस्थान को फोन किया तो उधर से कहा गया कि वह रिटायर हैं। फिर मंत्री ने अपने पीए को नगर आयुक्त को फोन करने का निर्देश दिया। इसी बीच एक्सईएन किशोरी से बात कर इसे सोमवार तक जमीन आसमान एक कर ठीक कराने का निर्देश दिया। वहीं सुरेश खन्ना ने नगर आयुक्त से बोले जहां जाओ वहां काम नहीं ठीक होने से क्रेडिबिलिटी को होता है नुकसान है। इसे कल तक ठीक कराया जाना चाहिए। सुरेश खन्ना ने कार्यक्रम में कहा कि फूलों की सौगात मिलेगी। कोई कसर नहीं छोड़ेंगे घर घर खुशियां लाएंगे। केसरिया ध्वज फहराकर यूपी स्वर्ग बनाएंगे। उन्होंने कहा आज उत्तर प्रदेश में 60 फीसद लाभार्थी हैं। कांग्रेस की जितने दिन सरकार रही। उन्होंने सिर्फ वोट बैंक देखा होगा। यहां सबका साथ सबका विश्वास सबका प्रयास के तहत काम किया जा रहा। विपक्ष की आगरा में रैली पर वह सायराना हो गए। उन्होंने कहा ना खंजर उठेगा ना शमशीर ये बाजू मेरे आजमाए हुए हैं। मंत्री ने घर घर जाकर लगाए पोस्टर अभियान के तहत मंत्री ने योजनाओं के लाभार्थियों को मोदी जी की गारंटी के बारे में बताया है। इस दौरान लाभार्थियों की समृद्धि-मोदी की गारंटी' के स्टीकर चिपकाए।

## खबरें एक नजर में

### मास्टर ट्रेनर्स ने दिया परामर्शदाताओं को तकनीकी प्रशिक्षण

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** हाईकोर्ट इलाहाबाद के निर्देशन में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा न्यायिक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान गोमती नगर लखनऊ में रविवार को वन डे सेन्सटीजेशन प्रोग्राम फॉर कौन्सिलर्स ऑफफेमिली कोर्ट ऑफ उत्तर प्रदेश का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ इरफान अहमद विशेष कार्याधिकारी न्यायिक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, संतोष कुमार-द्वितीय सचिव राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण तथा उच्चतम न्यायालय के मास्टर ट्रेनर्स द्वारा किया गया। कार्यक्रम तीन टेक्निकल सेशन्स में आयोजित किया गया जिसमें उच्चतम न्यायालय के मास्टर ट्रेनर्स द्वारा उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों के परिवार न्यायालयों में नियुक्त 85 परामर्शदाताओं को तकनीकी प्रशिक्षण उपलब्ध कराया गया जिससे न्यायालयों में लंबित पारिवारिक विवादों में दक्षता के साथ उभय पक्षकारों के मध्य सुलह-समझौता कराया जा सके। कार्यक्रम का संचालन निशांत देव विशेष कार्याधिकारी न्यायिक प्रशिक्षणएवं अनुसंधान संस्थान द्वारा किया गया। कार्यक्रम के समापन पर सन्तोष कुमार-द्वितीय सचिव, उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रतिभागियों का हृदय से आभार व्यक्त किया।

### राज्यसभा चुनाव : प्रतिबंधित रहेगा मतदान स्थल पर मोबाइल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्यों द्वारा राज्यसभा द्विवार्षिक निर्वाचन-2024 के लिए मतदान 27 फरवरी, को तिलक हॉल नवीन भवन लखनऊ में होना है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान दिवस पर मतदान एवं मतगणना स्थल पर मोबाईल फोन का प्रयोग प्रतिबंधित किया गया है। रिटर्निंग ऑफिसर एवं विशेष सचिव, विधान सभा बृज भूषण दुबे ने बताया कि चुनाव प्रत्याशी व उनके अधिकृत प्रतिनिधि, मतदाता, चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारी एवं मीडिया कर्मी का मतदान स्थल तिलक हॉल एवं कक्ष संख्या-80, विधान भवन, लखनऊ में मोबाईल फोन पूर्णरुपेण प्रतिबंधित रहेगा।

### भाजयुमो ने मोहनलालगंज में लगाई नमो युवा चौपाल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भाजयुमो मोहनलालगंज मंडल के अध्यक्ष शुभम सिंह ने रविवार को कार्यकर्ताओं के साथ परसपुर ठट्ठा, गौतमखेड़ा गौरा, परहेटा गांवो में नमो युवा चौपाल लगाकर युवाओं से सीधा संवाद किया गया। मंडल अध्यक्ष ने युवाओं को केंद्र को मोदी सरकार व प्रदेश की योगी सरकार से जुड़ी युवाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गयी साथ ही मोदी व भाजपा को पुनः मतदान कर भारी मतों से विजयी बनाने व 400 सीटों को जीतने का संकल्प दिलाया गया। चौपाल में जिला उपाध्यक्ष भाजयुमो विशाल तिवारी, जिला उपाध्यक्ष सनी पाण्डेय, जिला कार्यसमिति सदस्य मुरारी सिंह राठौर मंडल उपाध्यक्ष व सभासद हिमांशु सिंह शुभम, मंडल मंत्री मधुर मिश्रा उपस्थित रहे।

# केंद्र व प्रदेश सरकार के कार्यक्रमों के सफल आयोजन में निकाय अध्यक्षों की भूमिका अहम

समृद्धि न्यूज



**निकाय अध्यक्ष एसोसिएशन उप्र के तत्वावधान में पदभार ग्रहण व अभिनंदन समारोह का आयोजन**

**लखनऊ।** स्थानीय निकाय अध्यक्ष एसोसिएशन उप्र द्वारा स्थानीय होटल में पदभार ग्रहण एव अभिनंदन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। आयोजन का शुभारंभ एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष देशराज सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया।

प्रदेश के लगभग समस्त जनपदों से पधारे स्थानीय निकाय अध्यक्षों को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष देशराज सिंह ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार के समस्त कार्यक्रमों के सफल आयोजन में निकाय अध्यक्षों की भूमिका प्रमुख होती है परंतु निकाय अध्यक्षों की समस्याओं के प्रति सरकार की उदासीनता चिंता का विषय बन गया है। क्षेत्रीय विधायक व सांसदों की अनावश्यक भूमिका से निकाय की स्वतंत्रता व कार्यक्षमता दोनों प्रभावित हो रही है। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व में भी प्रदेश सरकार को निकाय अध्यक्षों की समस्याओं से संबंधित 11 सूत्रीय माँग पत्र भेजी जा चुकी है, परंतु आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई जिससे अध्यक्षों का आक्रोशित होना स्वाभाविक है।

श्री सिंह ने कहा कि आज के सम्मेलन में जो 11 सूत्रीय माँग प्रस्तावित किये गये है उन्हें शीघ्र ही मुख्यमंत्री, व नगर विकास मंत्री से भेटकर सौंपा जायेगा और उन्हें उम्मीद है कि सरकार इस पर तत्काल सकारात्मक कार्यवाही का निर्देश देगी। समारोह को सम्बोधित करते हुये एशोसियेशन की प्रदेश महासचिव खुर्शीद मंसूरी ने भारी संख्या में उपस्थित अध्यक्षगणों का अभिनन्दन करते हुये कहा कि आप सबकी भारी उपस्थिति से स्पष्ट है कि एशोसियेशन अपनी लड़ाई लड़ने में सक्षम हो चुका है और हमारी 11 सूत्रीय मांग पर सरकार को विचार करना ही होगा। उन्होने निकाय अध्यक्षों को निःशुल्क गनर, शिष्टाचार राशि 50 हजार किये जाने व 15वें वित्त की योजनाओं में जिला प्रशासन को अनावश्यक हस्तक्षेप तत्काल बन्द किये जाने तथा निकाय अध्यक्षों को 60 हजार रूपये मानदेय के रूप में दिये जाने की मांग को बिल्कुल उचित व न्याय संगत बताया है। उन्होंने कहा कि अध्यक्षगणों की समस्याओं के निदान से ही प्रदेश में विकास की धारा आम लोगों तक पहुंच पाएगी। एसोसिएशन की प्रदेश उपाध्यक्ष सरिता गुप्ता ने कहा कि लोकतन्त्र में जनप्रतिनिधियों को कार्य की स्वतन्त्रता दिया जाना अति आवश्यक है और निकाय अध्यक्षों के अधिकार में कटौती करके लोकतंत्र की हत्या का प्रयास बन्द होना चाहिये।

# भाजपा शासन में किसान और नौजवान परेशान : अखिलेश

**आगरा पहुंची कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ/आगरा।** उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच सहमति बन गई है। बुधवार को सीट बंटवारे का आधिकारिक ऐलान भी हो गया है। समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस को 17 सीटें दी हैं। जिसके बाद सपा प्रमुख अखिलेश यादव आज (25 फरवरी) आगरा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने के लिए पहंचे और शामिल भी हुए। बताया जा रहा है कि लगभग 7 साल बाद यूपी के दो लड़के अखिलेश यादव और राहुल गांधी एक बार फिर से एक मंच पर नजर आए हैं।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्राट आज आगरा पहुंच गई है। यात्रा का उत्तर प्रदेश में आज आखिरी दिन है। आगरा में पहुंची भारत जोड़ो न्याय यात्रा में समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव भी शामिल हुए। इस दौरान वहां पर प्रियंका गांधी भी मौजूद रहीं। यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा नफरत फैलाने का काम करती है। हम इस नफरत को मोहब्बत से हटाएंगे। देश में अन्याय बढ़ रहा है। आपको बता दें कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने के लिए आगरा पहुंचे सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि हमारा एक ही संदेश है, भाजपा हटाओ, देश बचाओ, संकट हटाओ।

इस दौरान अखिलेश यादव ने कहा कि हम जय जवान, जय किसान का नारा लगाते हैं, लेकिन भारतीय जनता पार्टी के लोग भारत माता की जय बोलने से थकते नहीं है। उन्होंने कहा कि सोचो जिस देश का किसान दुखी है, नौजवान के सपने तोड़े जा रहे हैं, युवाओं का भविष्य ना हो, उनके पास रोजगार ना हो। आज का युवा डिग्री जलाकर आत्महत्या कर रहा है।



**उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन में उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल राम नाईक को 'पद्म भूषण' हेतु मनोनीत होने पर सम्मानित किया।** समृद्धि न्यूज

### छह मार्च को कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा का जिला मुख्यालयों पर होगा सत्याग्रह

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा की बैठक वीपी मिश्र की अध्यक्षता मे हुई जिसमें इप्सेफद्वारा घोषित सांकेत कार्यक्रम का यूपी में करने का निर्णय लिया गया। मोर्चा के महासचिव शशि कुमार मिश्र ने इप्सेफके निर्णय के प्रस्ताव को बैठक में रखा जिस पर मोर्चा के सभी पदाधिकारियों ने सर्वसम्मत प्रस्ताव का समर्थन करते हुए 06 मार्च को लखनऊ में नगर निगम पर सत्याग्रह में सत् प्रतिशत भागीदारी करने का निर्णय लिया। बैठक में यह भी आक्रोश व्यक्त किया गया कि राज्य सरकार 7 वें वेतन आयोग की वेतन विसंगतियों पर वेतन समिति की संस्तुतियों को लागू नहीं हो रही है तथा अन्य मांगों पर मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव के कई बार लिखित सख्त निर्देशों के उपरान्त भी विभागीय मंत्री एवं प्रमुख सचिव तथा अपर मुख्य सचिव विभागाध्यक्ष कभी बैठक नहीं करते जिसकी वजह से कर्मचारियों में अत्यधिक आक्रोश व्याप्त है। रिक्त पदों पर भर्ती एवं पदोन्नतियां भी समय से नहीं हो रही है। आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को विभागीय रिक्त पदों पर नहीं रखा जा रहा है जो कि गलत है। घाटे में चल रहे राजकीय निगमों के कर्मचारियों को वेतन, भत्ते एवं अन्य सुविधायें नहीं मिल रही है। स्थानीय निकाय कर्मचारियों की वेतन विसंगतियां, कैडर पुनर्गठन तक दैनिक कर्मचारियों का नियमितीकरण नहीं हो रहा है। तदर्थ शिक्षकों का विनियमितीकरण नहीं किया जा रहा है। कैशलेश इलाज की व्यवस्था भी ठीक से लागू नहीं हो पा रही है। बैठक में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष सुरेश कुमार रावत, महामंत्री अतुल मिश्र, राज्य कर्मचारी महासंघ एवं जवाहर भवन, इन्दिरा भवन कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष सतीश पाण्डे, महामंत्री राम कुमार धानुक राजकीय निगम महासंघ के अध्यक्ष मनोज कुमार मिश्र, महामंत्री घनश्याम यादव, रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के महामंत्री गिरीश चन्द मिश्र आदि उपस्थित रहेंगे।

**एकजुटता** | **उत्तर प्रदेश की विधानसभा में आठ बार के विधायक और तीन बार कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं चौधरी**

# रूठों को मनाने व युवाओं को जोड़ने में जुटे राम गोविंद

**नेता प्रतिपक्ष रहते उनके वक्तव्य सुनने को आतुर रहते थे विपक्षी ही नहीं सत्तारूढ़ दल के भी सदस्य**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** खांटी समाजवादी लीडर रामगोविंद चौधरी ने रूठों को मनाने,युवाओं को जोड़ने के साथ ही सपा को एकजुट रखने निकल पड़े हैं। पूर्व प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर के खास सिपहसालार रहे श्री चौधरी नेताजी के भी उतने ही खास रहे हैं। वे पार्टी अध्यक्ष से अपनो को दूर न जाने देने की गुजारिश करने में जुट गए हैं ।

उत्तर प्रदेश के बागी बलिया जिले की छात्र राजनीति से निकलकर पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाले कश्मीर से कन्याकुमारी तक पैदल यात्रा, बलिया से दिल्ली तक पैदल यात्रा एवं बलिया के एक-एक गांव में पैदल यात्रा कर सामाजिक पृष्ठभूमि में गहरी छाप छोड़ते हुए उत्तर प्रदेश की विधानसभा में आठ बार के विधायक और तीन बार कैबिनेट मंत्री के साथ साथ नेता विरोधी दल का दायित्व संभाल चुके उत्तर प्रदेश में 1977 से लेकर आज तक राजनीति से जुड़ा हर वह व्यक्ति चाहे वह किसी भी राजनीतिक दल का हो राम गोविंद चौधरी का नाम बड़े ही अदब और सम्मान से ईमानदारी की मिसाल देते हुए लेता है क्योंकि राम गोविंद चौधरी ने सदैव समाज के पिछड़े, शोषित, वंचित, नौजवानों, किसानों मजदूर एवं महिलाओं के हक को उत्तर प्रदेश की बात विधानसभा से लेकर सड़क तक बड़ी बेबाकी से रखते थे।

नेता विरोधी दल रहते सत्ता पक्ष के विधायक भी उनको सुनने के लिए विधानसभा में घंटो इंतजार करते थे और कहते थे कि आज चौधरी साहब से बहुत कुछ सीखने को मिला उत्तर प्रदेश में नेताजी के नाम से विख्यात मुलायम सिंह यादव जब पहली बार मुख्यमंत्री बनने के लिए विधायकों से समर्थन जुटा रहे थे तब पूर्वांचल में सजातीय विधायकों ने पूर्वांचल के ही किसी व्यक्ति को मुख्यमंत्री बनाने के लिए लामबंदी की थी। सूत्र बताते हैं उस समय भी राम गोविंद चौधरी ने चंद्रशेखर के कहने पर पूर्वांचल के यादव समाज के विधायकों के घर-घर जाकर नेताजी मुलायम सिंह यादव को मुख्यमंत्री बनाने के लिए एडी से चोटी तक का जोर लगा दिया था ।जब पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर बीमारी की हालत में अस्पताल में थे तो नेताजी ने अस्पताल जाकर उनका हाल-चाल लिया और कहा कि आप मेरी एक मदद कर दीजिए और राम गोविंद चौधरी को समाजवादी पार्टी में दे दीजिए। इनकी पूरे उत्तर प्रदेश में एक अलग छाप है यह बडे अनुभवी समाजवादी नेता है। इनकी समाजवादी पार्टी में बहुत जरूरत है ,वहां मौजूद लोग बताते हैं कि चंद्रशेखर ने कुछ देर सोचने के बाद राम गोविंद चौधरी का हाथ पकड़कर मुलायम सिंह के हाथ में रख दिया और कहा कि तुमने मेरी बहुत सेवा की है। मेरे साथ रहकर बहुत आंदोलन किए हैं। अब मुलायम सिंह के साथ रहकर उत्तर प्रदेश का विकास करो तब से लेकर आज तक राम गोविंद चौधरी ने समाजवादी पार्टी को लगातार आगे बढ़ाने के लिए अपनी जान हथेली पर रखकर तन मन धन से मेहनत कर रहे हैं। राम गोविंद चौधरी के करीबी लोग बताते हैं कि समाजवादी पार्टी ने विषम परिस्थितियों में उत्तर प्रदेश में हुए उपचुनाव में जहां-जहां इनको लोकसभा, विधानसभा, विधान परिषद, जिला पंचायत चुनाव का प्रभारी बनाया तो राम गोविंद चौधरी ने अपनी कुशल रणनीति, सामाजिक, छात्र संघ और व्यक्ति का संबंधों के बल पर उन सभी चुनावों को जीतकर समाजवादी पार्टी की झोली में सौंप दिया ।

# विकसित भारत संकल्प को आगे बढ़ाने में युवाओं की अहम भूमिका : स्वतंत्र देव

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** जूनियर हाईस्कूल भिनगा में युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मंत्री जल शक्ति विभाग सिंचाई एवं जल संसाधन, बाढ़ नियंत्रण, परती भूमि विकास, लघु सिंचाई, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग स्वतन्त्र देव सिंह ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि देश एवं प्रदेश सरकार जन-जन के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है, इसलिए सरकार सबका साथ-सबका विकास की तर्ज पर कार्य कर रही है। जिसके तहत विकसित भारत के संकल्प के साथ, मोदी की गारंटी तथा विकसित भारत संकल्प को आगे बढ़ाने में युवाओं की अहम भूमिका है।

हमारी सरकार का प्रयास है कि कोई भी गरीब, असहाय व्यक्ति झुग्गियों में रहने के लिएमजबूर न हो, सबके पास पक्की छत हो,अपना पक्का घर हो। देश एवं प्रदेश सरकार गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवारों के घर का सपना पूरा करने में भी हर संभव मदद कर रही है। इसके अलावा रेहड़ी, ठेले-पटरी, फुटपाथ पर काम करने वालों को आज पीएम स्वनिधि योजना से इन साथियों को बैंकों से सस्ता और आसान ऋण मिल रहा है और युवा शक्ति व नारी शक्ति दोनों ही सशक्त हो रही है।

सरकार के द्वारा लोगो को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु सरकार ने जो बीणा उठाया है जो बहुत ही सराहनीय है। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की प्रेरणा से गरीब, असहाय, वंचितो को राशन, आवास, गैस सिलेण्डर, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह, आयुष्मान कार्ड-गोल्डेन कार्ड, पीएम स्वनिधि, शौचालय, बिजली आदि योजनाओं का लाभ घर-घर तक पहुँचाया जा रहा है।

# दबंगों के आतंक से त्रस्त महिला ने आत्मदाह करने का किया प्रयास

- पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई करने की लगाई गुहार

कर्नलगंज/ गोण्डा, समृद्धि न्यूज।



कोतवाली क्षेत्र के एक गाँव में दबंगों द्वारा एक महिला की भूमि पर जबरन कब्जा करके घर में घुसकर रखे सामानों में तोड़फोड़ करते हुए पीड़ित परिवार को मारपीट कर बदसलूकी करने एवं लाखों रुपए के जेवर सहित कीमती सामान उठा ले जाने का मामला सामने आया है। दबंगों से त्रस्त पीड़ित महिला ने स्थानीय कोतवाली में न्याय न मिलने पर तहसील के सामने आत्मदाह करने की कोशिश की। पुलिस पर मामले में कार्रवाई ना करने का गंभीर आरोप है। महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने एवं कार्यवाही किये जाने की गुहार लगाई है। कर्नलगंज कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम भोंका के बक्शीपुरवा की रहने वाली नज्जो (45) वर्ष पत्नी समी अहमद भूमि विवाद को लेकर गाँव के दबंगों से इतना परेशान हो गई कि उन्होंने आत्मघाती कदम उठाने का फैसला कर लिया।

शनिवार को कोतवाली में आयोजित थाना समाधान दिवस में शिकायती पत्र देने के बाद कोई कार्यवाही ना होने पर तहसील के सामने सड़क पर आकर हाथ में बोतल में ज्वलनशील पदार्थ लेकर आत्मदाह करने जा रही थी कि इतने में कुछ पुलिस कर्मी पहुँच गए और बोतल छीनकर कार्रवाई करने का आश्वासन देते हुए उसे शांत कराये। कोतवाली में दी गई तहरीर के मुताबिक दिनांक 24/02/2024 को दिन में करीब 10 बजे विपक्षी गण वली मोहम्मद व खुशी मोहम्मद पुत्र गण अजीमुल्ला व बाउर पुत्र फकीरे, सज्जो पत्नी वली मो0, आशिया पत्नी वली मो0, छप्पन पत्नी अजीमुल्ला, सलमा पत्नी रकीब व अजीज अहमद पुत्र इसमाईल, साफिया पत्नी अजीज अहमद, निवासियान ग्राम भोंका बक्शी पुरवा व अन्य कई लोग अज्ञात पुरानी रंजिश को लेकर प्रार्थिनी के सहन के रास्ते को सभी विपक्षीगण मिलकर जबरन बंद करने लगे,3 सके मना करने पर विपक्षीगण प्रार्थिनी के परिवार के सदस्यों व प्रार्थिनी को मां बहन की भद्दी भद्दी गाली देते हुए घर में घुसकर लात मूका घूंसा से मारने लगे एवं प्रार्थिनी के पुत्री मंतशा के कपड़े को फाड़ने लगे व लज्जा भंग करने लगे और घर में रखा बक्सा विपक्षीगण उठा कर ले गये एवं जान से मार डालने की धमकी देने लगे व घर में लगा सीसीटीवी कैमरा को तोड़कर तालाब में फेंक दिया और नल, बाथरूम व अन्य गृह उपयोगी सामान को तोड़ दिया।

बक्शे में जेवरात सोने चांदी व 5000 नगदी रखा था जिसे विपक्षीगण उठा ले गये। पीड़ित महिला ने बताया कि उसका पति रोजी रोटी के सिलसिले में बाहर रहता है और घर पर छोटे छोटे बच्चे हैं। महिला का आरोप है कि विपक्षीगण गांव के ही वली मोहम्मद व खुशी मोहम्मद आदि लोग जबरन उसके कमरे की दीवार तोड़कर उसकी भूमि पर अवैध कब्जा करके मकान बनवा रहे हैं,जिससे उसके घर का रास्ता अवरुद्ध हो रहा है। शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। क्षेत्राधिकारी चंद्रपाल शर्मा का कहना है कि महिला की शिकायत पर पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया है। जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

# ट्रेन की चपेट में आने से महिला का कटा पैर, हालत नाजुक

- सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद रेफर

कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।



स्थानीय क्षेत्र के रेलवे स्टेशन करनैलगंज पर बड़ा हादसा हो गया,जहाँ शनिवार की देर शाम को ट्रेन से नीचे गिर कर एक महिला का पैर कट गया और महिला खून से लथपथ हो गई।

गंभीर रूप से घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया जहां डॉक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद उसे रेफर कर दिया गया। घायल महिला का नाम सबरूल निशा पत्नी निजामुद्दीन 50 वर्ष बताया जा रहा है,जो महाकवि तुलसीदास महाविद्यालय परसपुर के निकट की रहने वाली बताई जा रही है।

# सफाई कर्मचारी संघ हलधरमऊ ब्लॉक अध्यक्ष रमेश सिंह, महामंत्री राम निहोर निर्विरोध निर्वाचित

गोंडा, समृद्धि न्यूज।



गोंडा उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के अंतर्गत विकासखंड हलदरमऊ के ब्लाक कार्यकारिणी का चुनाव ब्लॉक मुख्यालय पर चुनाव अधिकारी अमीर अहमद व जिलाध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी महामंत्री शिवराम शुक्ला के देख रेख में संपन्न कराया गया 10:00 बजे से नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई 12:00 बजे तक सभी पदों पर एकल नामांकन होने के कारण संघ के जिला अध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी ने बताया कि ब्लॉक अध्यक्ष पद पर रमेश सिंह कार्यवाहक अध्यक्ष अनरुद्ध तिवारी महामंत्री राम निहोर कोषाध्यक्ष नकुल यादव संगठन मंत्री भोले शंकर संप्रेक्षक राजेश मिश्रा सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हुआ निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न होने के बाद चुनाव अधिकारी व संघ के जिलाध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी सभी निर्वाचित पदाधिकारी को प्रमाण पत्र देकर व माला पहनकर स्वागत किया निर्वाचित पदाधिकारी ने कर्मचारियों को आश्वासन दिया कि कर्मचारी हित में संगठन कार्य करेगा आप सभी कर्मचारी अपने दायित्व का निर्वहन करते रहें द्वितीय पाली में 1:00 से 3:00 तक विकासखंड करनैलगंज में नामांकन प्रक्रिया संपन्न कराई गई ब्लॉक अध्यक्ष पद पर भगवान बक्स सिंह व रवि गोस्वामी ब्लॉक महामंत्री पद पर रामपाल गौतम व राजेंद्र मुन्ना कोषाध्यक्ष पद पर अजय वर्मा व सत्य प्रकाश सिंह की आमने-सामने लड़ाई होगी वही दो पदों पर संगठन मंत्री पद पर घनश्याम विश्वकर्मा व संप्रेक्षक पद पर रमेश कुमार निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए इस मौके पर धनीराम शुक्ला सत्य प्रकाश दिनेश मोरिया पूर्व अध्यक्ष देवमणि शुक्ला लल्लन प्रसाद शुक्ला विनय शंकर तिवारी कमल किशोर सिंह जितेंद्र सिंह विजय प्रताप सिंह शहीद कई कर्मचारी उपस्थित रहे।



## सेवानिवृत्त होमगार्ड के जवानों को एसोसिएशन ने दी भावभीनी विदाई

गोण्डा, समृद्धि न्यूज। उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स अवैतनिक अधिकारी व,कर्मचारी एसोसिएशन के तत्वाधान में सेवानिवृत्ति होमगार्ड्स विदाई सम्मान समारोह का आयोजन गांधी पार्क में किया गया। सेवानिवृत हुए जवान लालचंद पाण्डेय , आनंद तिवारी व सदानंद गिरि कम्पनी नगर प्रथम को अंग वस्त्र ,मिष्ठान, साल धार्मिक ग्रंथ, छाता ,टॉर्च व नगद धनराशि देकर संगठन के पदाधिकारियों ने दी ढेरों शुभकामनाएं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष नरेंद्र अंकम ओझा ने सेवानिवृत्त हुए जवानों को शेष जीवन में हमेशा स्वस्थ सुखी खुशहाल रहने की कामना किया। संचालन पूर्व मण्डल अध्यक्ष दिनेश पांडे ने किया। कार्यक्रम को कम्पनी अध्यक्ष नगर प्रथम अरुण श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष प्रमोद मिश्रा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष जय प्रकाश गोस्वामी, कम्पनी अध्यक्ष झंझरी राजेंद्र दूवे, कोषाध्यक्ष पी सी जगप्रसाद यादव, कम्पनी उपाध्यक्ष प्रमोद मिश्रा, सूर्यमणि मिश्रा, पीसी देवनारायण शुक्ला,गुलाब मिश्रा, ओंकार पांडे, गिरीश तिवारी, ननबच्चा उपाध्याय,मधुर श्याम ,बाबूराम मिश्रा, घनश्याम दुबे, सत्येंद्र सिंह अनिल श्रीवास्तव, दधिराम वर्मा सहित कई होमगार्ड्स जवान मौजूद थे।

# विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

रुपईडीह /गोंडा, समृद्धि न्यूज।



बाबा पाटन दीन स्मारक इंटर कॉलेज कोचवा में रविवार को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें बच्चों ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। विद्यालय परिवार ने बच्चों को सम्मानित करते हुए उनका उत्साह वर्धन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एमएलसी के प्रतिनिधि बृजेंद्र प्रताप सिंह एवं जिला विज्ञान क्लब किस समन्वयक एवं प्रोफेसर डॉ रेखा शर्मा ने सामूहिक रूप से मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए एमएलसी प्रतिनिधि बृजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि वार्षिकोत्सव शिक्षा का एक महत्वपूर्ण अंग होता है। जिसमें बच्चे अपनी प्रतिभा को गीत, संगीत, नाटक,व एकांकी के माध्यम से अपनी प्रतिभा को प्रस्तुत कर प्रदर्शित करते हैं। शिक्षकों को बच्चों के रुचि के अनुसार शिक्षा देनी चाहिए। अभिभावकों को बच्चों की निगरानी करना चाहिए। जिससे बच्चे अपने मार्ग से भटक न सके। इसी प्रकार विशिष्ट अतिथि विज्ञान क्लब की जिला सामान्य एवं प्रोफेसर डॉ रेखा शर्मा, डॉ केडी त्रिवेदी, कमलेश्वर पाठक, श्याम किशोर पांडे, दिलीप मिश्रा, ने लोगों को संबोधित कर आधुनिक युग में विज्ञान की महत्व शिक्षक छात्र समन्वय सहित अनेक टिप्स दिए। विद्यालय के बच्चों ने स्वागत गीत, राष्ट्रगीत, लोकगीत, देश भक्ति, नाटक, एकांकी, होली गीत, कव्वाली प्रस्तुत कर लोगों को मन मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रबंधक एवं पूर्व प्रधान लक्ष्मी नारायण मिश्र एवं संचालन आज्ञाराम ने की। इसमें शिव बहादुर मिश्रा, शैलेंद्र मिश्रा, मंजू मिश्रा, प्राचार्य उपेंद्र कुमार मिश्रा, दिवाकर प्रसाद, कौशल किशोर तिवारी, राजेश विश्वकर्मा, अरविंद शर्मा, प्रिया जायसवाल, प्रीति जायसवाल, दुर्गा, रागिनी मिश्रा, आंचल मिश्रा, माही शर्मा, जितेंद्र मिश्रा, राजकुमार, चंद्रशेखर मिश्रा, बब्बू मिश्रा, मानस तिवारी, शिवराज पाठक रहे। विद्यालय की छात्रा मुस्कान, महिमा, पूजा, प्रियंका, कोमल चौरसिया, सोनिया, शिवानी, नैंसी, मधु, राधा मोर्या, नेहा, शिल्पा, श्वेता ,रागनी, रजनी सिंह, शालिनी मिश्रा, आरती, ललिता, सचिन, आदर्श ,करन, संदीप, संजय, अरविंद सहित सैकड़ो छात्र छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिससे लोगों का मन मुग्ध हो गया।

## खबरें एक नजर में

### महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, चार पर केस दर्ज

बहराइच, समृद्धि न्यूज। रामगांव थाना क्षेत्र निवासी महिला की देर रात को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मायके पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत चार लोगों के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या और दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जनपद के नवाबगंज निवासी मैसर जहां का विवाह राम गांव थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुर गोडवा निवासी सहजाद के साथ हुआ था। शनिवार रात को महिला का शव घर में फंदे से लटकता मिला। परिवार के लोगों ने पुलिस के साथ मायके में जानकारी दी। प्रभारी निरीक्षक शशि कुमार राणा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक महिला के पिता की तहरीर पर पति समेत चार लोगों के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या, मारपीट करने और दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारियों को एनआईसी में मिला नियुक्ति पत्र



गोंडा, समृद्धि न्यूज। शासन के निर्देशानुसार रविवार को एनआईसी गोण्डा में जनपद के 14 नव नियुक्त आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारियों को मुख्य अतिथि माननीय जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्र एवं आयुक्त देवीपाटन मंडल योगेश्वर राम मिश्र तथा जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने नियुक्ति पत्र वितरित किया। इसके साथ ही प्रदेश के सभी 18 मण्डलों में सन्दर्भित पद चिकित्साधिकारी आयुर्वेद के 611 पदों के लिए सितम्बर 2022 में जारी हुये विज्ञापन के बाद विभिन्न चरणों में परीक्षा प्रक्रिया क्रमानुसार लिखित परीक्षा 08 जनवरी, इन्टरव्यू 19 सितम्बर 2023 एवं चिकित्सीय परीक्षण 20 जनवरी से 26 जनवरी 2024 के बीच सम्पन्न हुयी। जिसमें परीक्षा के बाद कुल 611 पदों के सापेक्ष चयनित कुल 392 अभ्यर्थियों नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम प्रदेश के मण्डलों में आयोजित किया गया। जिसमें से 18 मण्डलों में से 03 मण्डल वाराणसी, कानपुर, लखनऊ मण्डल के चयनित अभ्यर्थियों का नियुक्ति पत्र वितरण समय 11-12 बजे के बीच लोक भवन, लखनऊ में माननीय मुख्यमंत्री जी के कर कमलों द्वारा वितरित किया गया। जिसका लाइव प्रसारण प्रदेश के शेष सभी 15 मण्डलों में देखा गया। इसके साथ ही प्रमुख सचिव आयुष उ0प्र0 शासन, लखनऊ के आदेशानुसार हमारे देवीपाटन मण्डल में चयनित कुल 14 अभ्यर्थियों का नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आदित्य वर्मा, प्रोफेसर डॉ0 आर0 वी0 यादव नोडल अधिकारी, डॉ0 अरुण कुमार कुरील क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी गोंडा, डॉ0 दिग्विजय नाथ क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी बलरामपुर, डॉ0 रंजन क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी बहराइच / श्रावस्ती, ओम प्रकाश सिंह, आदर्श मिश्रा, सुधांशु द्विवेदी सहित विभाग के सभी अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### अनियंत्रित पिकप की चपेट में आकर बाइक सवार घायल, रेफर

कर्नलगंज/ गोण्डा, समृद्धि न्यूज। कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत गोण्डा- लखनऊ हाइवे स्थित मसौलिया गांव के पास अनियंत्रित पिकप की चपेट में आकर बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और उसका दूसरा साथी भी चोटहिल हो गया। घायल युवक को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से गोण्डा रेफर कर दिया गया।
मिली जानकारी के मुताबिक कर्नलगंज कस्बा निवासी माज अंसारी और अफजल नदीम रविवार को कैसरगंज जा रहे थे तभी गोण्डा- लखनऊ हाइवे स्थित मसौलिया गांव के पास मैजिक की चपेट में आकर घायल हो गए। दोनों लोगो को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कर्नलगंज लाया गया,जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक द्वारा माज को गोण्डा रेफर कर दिया गया। जबकि अफजल नदीम का यहीं इलाज चल रहा है। इस संबंध में जानकारी करने हेतु प्रभारी निरीक्षक से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उनका फोन नेटवर्क क्षेत्र से बाहर था।

एडीजी जोन ने डीआईजी और एसपी के साथ की बैठक, थानाध्यक्षों को दिए सुरक्षा के टिप्स

# अपराध नियंत्रण में सक्षम है बहराइच पुलिस : के एस प्रताप

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



जिले में रविवार को एडीजी गोरखपुर जोन केएस प्रताप पहुंचे। उन्होंने आपरेशन कवच और लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक की। अपराध पर अंकुश के लिए थानाध्यक्षों के साथ अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

एडीजी जोन गोरखपुर केएस प्रताप रविवार को जिला मुख्यालय पहुंचे। पहली बार जिले के दौरे पर आए एडीजी जोन को पुलिस टीम ने सलामी दी। इसके बाद उन्होंने पुलिस लाइन में पुलिस के अधिकारियों व कर्मियों के साथ मीटिंग की। उन्होंने कहा कि अपराध पर अंकुश के लिए बहराइच पुलिस तत्पर है। आगे भी अपराध पर अंकुश लगाने का काम होगा। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर मीटिंग की गई है और आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। एडीजी ने कहा कि इंटरनेशनल बॉर्डर को देखकर ऑपरेशन कवच पर जोर दिया जा रहा है।

अपराधियों पर जिला बाजार की कार्रवाई की जा रही है जीरो टॉलरेंस के आधार पर सभी अपराधियों पर कार्रवाई की जाएगी। किसी को भी बक्शा नहीं जाएगा। इसके बाद एडीजी ने जिले के थानों में तैनात थानाध्यक्षों को सुरक्षा को लेकर टिप्स दिए।

एडीजी की मीटिंग पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला, अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा, एएसपी ग्रामीण, सीओ सिटी राजीव सिसोदिया, कैसरगंज, रूपेंद्र गौड़, नानपारा राहुल पांडेय, प्रभारी निरीक्षक शशि कुमार राणा, दद्दन सिंह, अमितेंद् सिंह, कमल शंकर चतुर्वेदी,आरती वर्मा, सौरभ सिंह, ब्रिजा प्रसाद समेत सभी 23 थानों के थानाध्यक्ष और सीओ मौजूद रहे।

# संघ की शाखा में भारत माता के योद्धा का होता है निर्माण



बहराइच, समृद्धि न्यूज।

- आरएसएस को समझना है तो शाखा में आओ : अजय
- स्वयंसेवक का संघ और शाखा के प्रति श्रद्धा भाव ही शाखा संगम है

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा नगर सहित जनपद के विभिन्न विकास खंडो में शाखा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शाखा संगम कार्यक्रम मे बहराइच नगर के विभिन्न बस्तियो एवं विकासखंड क्षेत्र में ग्रामीण क्षेत्रों में लगने वाली सभी शाखाएं एक स्थान पर लगाई गई। बहराइच नगर में किसान पीजी कॉलेज में आयोजित शाखा संगम कार्यक्रम में उपस्थित स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए जिला प्रचारक अजय ने कहा कि संघ की शाखा के माध्यम से व्यक्तित्व का निर्माण होता है, संघ की शाखा से निकले स्वयंसेवक समाज के विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्र भावना के साथ भारत माता को परम वैभव के शिखर पर पहुंचने का कार्य कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि संकट के समय विपरीत परिस्थितियों में संघ के स्वयंसेवक अग्रिम पंक्ति में खड़े होकर समाज एवं राष्ट्र रक्षा का कार्य करते हैं यह सीख स्वयंसेवकों के अंदर नियमित लगने वाली संघ की शाखा से ही उत्पन्न होती है।

इसी क्रम मे विशेश्वरगंज खंड के गंगवल बाजार मे शाखा संगम कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह विभाग संघचालक कृष्णानंद, कैसरगंज खंड में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघचालक वासुदेव का उद्बोधन स्वयंसेवकों को प्राप्त हुआ।

हुजूरपुर खंड स्थित रामलीला मैदान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला सह संघचालक डॉ मनोज, तेजवापुर खंड के ग्राम बेड़नापुर में जिला कार्यवाह भूपेंद्र, महसी खंड के ग्राम वैकुंठा में विभाग बौद्धिक प्रमुख अशोक, चितौरा खंड में कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला शारीरिक एवं प्रशिक्षण प्रमुख शिवम व फखरपुर स्थित रामलीला मैदान मे आयोजित शाखा संगम मे सह जिला कार्यवाह अंकुश ने स्वयंसेवकों को संबोधित किया।

शाखा संगम कार्यक्रम में नगर संघचालक डॉ गोविंद शेखर ,सह नगर संघ चालक कमल शेखर सहित सभी खण्डो के खंड कार्यवाह धर्मेंद्र ,अशोक, विवेक ,सुधीर ,मोहित वरुण, अभिषेक, टीकाराम ,अमर सौरभ ,सहित खण्ड सह सैकड़ो की संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# ताइक्कांडो के द्वारा आत्मरक्षा करेंगी श्रमिकों की बेटियां

- बालिका विहान विद्यालय में आयोजित हुआ प्रशिक्षण, उपहार में मिला बैग

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



शहर के हुजूरपुर रोड स्थित बालिका विहान विद्यालय में चल रहे ताइक्कांडो प्रशिक्षण का समापन रविवार को हुआ। इस दौरान छात्राओं ने आपदा से बचाव के साथ आत्म रक्षा के टिप्स सीखे। बालिकाओं को उपहार में बैग दिया गया। शहर के हुजूरपुर रोड स्थित बालिका विहान विद्यालय में श्रमिकों की बेटियां निःशुल्क शिक्षा ग्रहण करती है।

स्माजस्शास्त्र विभाग द्वारा संचालित विद्यालय में जिले के 100 छात्राओं को पठन-पाठन के साथ आत्मरक्षा के टिप्स दिए जा रहे हैं। इसी क्रम में इनर व्हील क्लब की ओर से एक दिवसीय ताइक्कांडो का प्रशिक्षण अहर्त कनौजिया के द्वारा दिया जा रहा था। जिसका समापन रविवार को हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि इनर बेल क्लब की मंडल अध्यक्ष सुषमा अग्रवाल, संध्या गोयल, जिलाध्यक्ष अंजू सिंह और जिला उपाध्यक्ष ममता गुप्ता रहीं।

दीप प्रज्वलित का प्रशिक्षण का समापन हुआ। इसके बाद अतिथियों के सामने छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। ताइक्कांडो के द्वारा अपने आत्मरक्षा का संकल्प लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान आग लगने पर कैसे बचाव किया जाए इसकी भी जानकारी दी गई। इसके बाद सदस्यों की ओर से सभी छात्राओं को बैग वितरित किया गया। ताइक्कांडो प्रशिक्षण में छात्र स्नेहा पांडे, मानसी पांडे, दिशा पाठक, काजल और कैंडल में मोनिशा खुशबू कौशिकी अव्वल रहीं। इस दौरान मंजू पांडे, अंजू, सरोज लोहिया, रूपाली अग्रवाल, चेतना अग्रवाल, वार्डन प्रिया प्रसाद, निधि मिश्रा, रूमन देवी समेत अन्य मौजूद रहे। वार्डेन प्रिया प्रसाद ने बच्चों को प्रशिक्षण देने और बैग देने पर सभी का आभार जताया। वार्डेन प्रिया प्रसाद ने अतिथियों को बच्चों के द्वारा बनाए गए सुंदर क्राफ्ट देकर सम्मानित किया गया।

## एचटी लाइन की चपेट में आने से दो श्रमिक झुलसे, लखनऊ रेफर

बहराइच, समृद्धि न्यूज। शहर से सटे शेखवापुर गांव में मस्जिद के मीनार निर्माण में लगे दो श्रमिक शनिवार रात को करंट की चपेट में आ गए दोनों को जिला अस्पताल भर्ती कराया गया। यहां इलाज के दौरान हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज लखनऊ रेफर कर दिया गया है।मेरठ जनपद के मवाना थाना क्षेत्र के सतना गांव निवासी जैद (23) पुत्र असलम और मुजफ्फरनगर जिले के तिवाती गांव निवासी उस्मान (24) पुत्र फुरकान श्रमिक हैं। दोनों दरगाह थाना क्षेत्र के शेखवापुर गांव में बन रहे मस्जिद में काम कर रहे हैं। दरगाह थाने के प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि गांव में मस्जिद का इस समय मीनार बनाया जा रहा है। जिसमें मेरठ और मुज़फ़्फ़र नगर जिले के श्रमिक काम कर रहे थे। शनिवार रात 9:00 बजे दोनों श्रमिक निर्माण के दौरान एचटी लाइन को छू गए। एचटी लाइन छूने के चलते दोनों गंभीर रूप से झुलसकर नीचे गिर गए। वहां मौजूद लोगों की मदद से दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टर मनोज चौधरी ने बताया कि प्राथमिक इलाज के दौरान दोनों की हालत गंभीर होने पर लखनऊ रेफर कर दिया गया है।

# तीन दिवसीय बहराइच महोत्सव का गेंदघर मैदान में हुआ रंगारंग शुभारम्भ

- महोत्सव के माध्यम से हम अपनी विरासत को आगे आने वाली पीढ़ी को सौंप सकेंगे: डॉ संजय निषाद

बहराइच, समृद्धि न्यूज।




तीन दिवसीय बहराइच महोत्सव का रविवार को आगाज हो गया। जिसमें जिले के प्रभारी मंत्री ने डीएम, एसपी व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। जिले के गेंदघर मैदान में आयोजित बहराइच महोत्सव में मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने सांसद बहराइच अक्षयवर लाल गोंड, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह, एमएलसी पदमसेन चौधरी, विधायक महसी सुरेश्वर सिंह, पयागपुर के सुभाष त्रिपाठी, बलहा की सरोज सोनकर, भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, जिलाधिकारी मोनिका रानी, पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला, सीडीओ रम्या आर, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, मुख्य राजस्व अधिकारी दिपेन्द्र पाल सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर सहित अन्य अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व संभ्रान्तजन, उद्यमियों, व्यापारियों एवं पार्टी पदाधिकारियों की उपस्थिति में फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर बहराइच महोत्सव का भव्य शुभारम्भ किया। मुख्य अतिथि ने जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ विभिन्न विभागों तथा श्री अन्न व रसोईया प्रतियोगिता के लिए सजाये गये स्टालों का अवलोकन करते हुए मौजूद अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की । मुख्य अतिथि डॉ. निषाद ने प्रदेश के सभी जनपद में महोत्सव के आयोजन के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन से युवा पीढ़ी को जनपद के सांस्कृतिक, सामाजिक एवं पौराणिक महत्व को समझने का अवसर मिलेगा। मुख्य अतिथि ने जनपदवासियों से अपील की कि स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किये उत्पादों जैसे चिकनकारी, खादी उत्पाद, पापड़ नमकीन, टेराकोटा, शहद, हस्तशिल्पी, गोबर से निर्मित दीया, धूपबत्ती, डिटर्जेन्ट पाउडर, मल्टीग्रेन आटा, चाट व बताशा, दरी व रेडीमेट की अधिक से अधिक खरीद समूहों का उत्साहवर्द्धन करें। कार्यक्रम को सांसद बहराइच अक्षयवर लाल गोंड, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह, एमएलसी पदमसेन चौधरी, विधायक महसी सुरेश्वर सिंह, पयागपुर के सुभाष त्रिपाठी, बलहा की सरोज सोनकर, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय सहित अन्य वक्ताओं ने बहराइच महोत्सव आयोजन के लिए प्रदेश सरकार एवं मुख्यमंत्री के प्रयासों तथा सफल आयोजित जिलाधिकारी के नेतृत्व अधिकारियों द्वारा किये गये प्रयासों की सराहना की। डीएम मोनिका रानी व एसपी वृन्दा शुक्ला ने मुख्य अतिथि सहित अन्य जनप्रतिनिधियों को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।

# मेड़ के विवाद में भिड़े भाई, जमकर हुई मारपीट, चार घायल

- पुलिस ने दोनों पक्ष के आठ लोगों पर दर्ज किया के

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



जिले के कोड़री गांव में मेड़ के विवाद को लेकर भाई आपस में भिड़ गए। दोनों के परिवार के लोगों ने जमकर मारपीट करते हुए धारदार हथियारों से एक दुसरे पर वार किये। इस मारपीट में दोनों पक्ष के छह लोग घायल हो गए। चार घायलों को हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। दोनों पक्ष के आठ लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम कोड़री गांव निवासी राम कुमार और किशोरी भाई हैं। दोनों का खेत आसपास स्थित है। शनिवार शाम को राम कुमार ने खेत के मेड़ को काट दिया था। इसको लेकर किशोरी और सुखराम नाराज थे। सभी ने मेड़ की कटान अधिक होने की बात कहते हुए रात आठ बजे विवाद शुरू कर दिया। इसके बाद सभी ने एक दूसरे पर लाठी डंडे के साथ धारदार हथियार का प्रयोग किया। मारपीट में राम कुमार, कृपा राम, मनीराम, अमिरका और भुलाई समेत छह लोग घायल हो गए। सभी सीएचसी में भर्ती कराया गया। यहां चार घायलों की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक एसके सिंह ने बताया कि दोनों पक्ष ने एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। दोनों पक्ष भाई हैं। उन्होंने बताया कि तहरीर के आधार पर दोनों पक्ष के आठ लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। मेडिकल रिपोर्ट के आधार अन्य धाराएं भी बढ़ाई जा सकती हैं।

# पीएम ने किया एम्स रायबरेली का वर्चुवल लोकार्पण

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा राजकोट से देश के पांच अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान का लोकार्पण किया गया। एम्स के लोकार्पण के कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जहां मुख्य अतिथि थे वही केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल और स्मृति जुबिन ईरानी मौजूद थी इसके अलावा उत्तर प्रदेश के भी कई मंत्री इस पूरे कार्यक्रम में शामिल थे।

केंद्र व राज्य सरकार के संयुक्त योगदान से एम्स में 100 बेड का क्रिटिकल केयर ब्लॉक जनता को समर्पित किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज देश के 5 एम्स के लोकार्पण का अवसर है। रायबरेली की जनता को बधाई। आज आपकी दशकों पूर्व जो मांग थी उसका विधिवत उद्घाटन हुआ है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल से क्रांतिकारी परिवर्तन देखने को मिला। मोदी सरकार ने सुरक्षा व बेहतर स्वास्थ्य की गारंटी दी है। हर युवा के हाथ को आजीविका व नागरिक को सम्मान दिया है गया। स्वच्छ भारत निर्माण व जनता के बेहतर स्वास्थ्य के लिये कार्य हो रहा है।




### जो 70 वर्ष में नहीं हुआ वो 10 वर्ष में हो गया : मुख्यमंत्री

यूपी में 2 एम्स होने जा रहे हैं। एक गोरखपुर में संचालित है और अब रायबरेली में भी फुल फ्लैस में चालू हो जायेगा। रायबरेली में गत वर्ष 100 छात्रों का प्रवेश हुआ है। 70 वर्ष में जितना कार्य हुआ है उतना 10 वर्ष में हमने हासिल किया। उस समय डबल इंजन सरकार के सामने स्वाथ्य सबसे बड़ा विषय था। मेडिकल की सुविधायें खराब थी। तब 45 मेडिकल कॉलेज थे। अब 65 हैं। 15 निर्माणधीन है। निजी क्षेत्र को भी प्रोत्साहित कर रहे हैं। पीएम जनारोग्य योजना जिसमे 5 लाख बीमा का कवर का लाभ दिया जा रहा है। एम्स का उद्घाटन मील का पत्थर साबित होगा। प्रयागराज में सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल शुरू होगा। डबल इंजन की सरकार प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को आगे आगे बढ़ा रही है।

### ये कामगारों की पार्टी है नामगारो की नहीं : स्मृति



कामगारों के मंच को प्रणाम करते हुए केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि नामदार व कामदार में क्या अंतर है एम्स इसका उदहारण है। रायबरेल एम्स को 8 साल की यात्रा करनी पड़ी। 16 दिसम्बर 2018 को समर्पित 900 करोड़ की लागत से इसे शुरू किया गया। आज 800 से 900 सर्जरी हर महीने हो रही है। बरसो बरस नामदार ने वोट लिया लेकिन सेवा नही की। अमेठी साक्षी है इस बात का की 30 साल पहले मेडिकल कालेज नही बनाया लेकिन अपना गेस्ट हाउस बना डाला। जो 30 साल में नही हुआ वह मोदी सरकार ने 3 महीने में कर दिया। मेडिकल कालेज अमेठी में खुलने का रास्ता साफ हुआ है। आज अमेठी में डायलसीसी सेंटर खुला है। अमेठी में सिटी स्कैन नही था , आज 200 बेड का अस्पताल मिला। ब्लड बैंक मिला। आजादी से अब तक 380 मेडिकल कॉलेज कांग्रेस ने दिए। आज मोदी कार्यकाल में 706 संख्या हो गई है। 13 करोड़ लोग गरीबी से उभर पाए। 10 करोड़ को जन औषिधि योजना का लाभ दिया गया। 24 करोड़ महिलाओ ने स्तन कैंसर सहित अन्य बीमारियों का उपचार कराया।

## संघ का शाखा संगम कार्यक्रम आयोजित



सरेनी (रायबरेली), समृद्धि न्यूज।

रविवार को खंड सरेनी में सरेनी न्याय पंचायत के झाऊ खेड़ा खेल मैदान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शाखा संगम कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें सभी स्वयंसेवकों ने सहभाग किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खंड संचालक गणेश शंकर ने कहा कि कई शाखाओं का एक ही स्थान पर एक परिसर में समागम होना ही शाखा संगम है।संघ की पहचान शाखा से ही होती है,क्योंकि शाखा व्यक्ति निर्माण की एक प्रयोगशाला है। सह खंड संचालक देशराज ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को समझना है तो शाखा में जाना पड़ेगा। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए प्रतिदिन शाखा जाना आवश्यक होता है, क्योंकि मनुष्य में अंतर्निहित शक्तियों को जगाने का माध्यम शाखा ही है। खंड कार्यवाह नीरज सिंह ने कहा कि शाखा पर होने वाली विभिन्न गतिविधियों से व्यक्ति का सर्वांगीण विकास होता है और सामाजिक समरसता का विकास होता है। देश की वास्तविक उन्नति समरस समाज से ही संभव है, हमें समाज में रहकर अपने विचारों और कर्मों से राष्ट्र की उन्नति में सहयोग करना चाहिए। इस मौके पर सह वैदिक प्रमुख प्रेम सिंह, मंडल कार्यवाह कुबेर सहित सत्यम, महेंद्र, अमित, सुनील, विश्वास, आनंद, राहुल, प्रांसु मिश्रा, आर्यन सिंह, अर्जुन, विवेक आदि स्वयंसेवक मौजूद रहे!

## खबरें एक नजर में

### विवाहिता ने ससुरालीजनों पर लगाया प्रताड़ना का आरोप

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले में रहने वाली विवाहिता ने अपने पति और अन्य ससुरालीजनों पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाया है। पीड़िता ने कार्यवाही किये जाने को लेकर गंगाघाट कोतवाली में आरोपीजनों के खिलाफतहरीर दी है। मनोहर नगर निवासी इसरा की शादी वर्ष 2023 में लखनऊ के दौलतगंज ठाकुरगंज के रहने वाले मो.तुफैत उर्फराजा के साथ हुआ था। उसने बताया कि शादी के समय उसके माता-पिता ने अपनी क्षमता के अनुसार दहेज दिया। जिसके बाद ससुरालीजन उससे और दहेज की मांग करने लगे न देने पर उसे मारा पीटा। जिसपर कई बार समझाया भी गया। इसके बावजूद ससुरालीजन मारते पीटते हैं और उसे घर से भगा दिया। जिसपर पीड़िता ने पति और ससुरालीजनों के खिलाफकार्यवाही करने के लिये पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

### ध्वजों के साथ निकली श्री खाटू श्याम की निशान यात्रा

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** रविवार को श्री खाटू श्याम सेवा समिति शुक्लागंज के तत्वावधान में खाटू श्याम का महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जहां गोपीनाथपुरम् स्थित श्याम मंदिर से भक्त निशान लेकर कानपुर की ओर रवाना हुये। इस दौरान जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई। इसके साथ ही प्रसाद बांटा गया। रविवार सुबह गोपीनाथपुरम् स्थित श्री श्याम मंदिर में खाटूजी के ध्वज लेकर भक्त कानपुर फीलखाना के लिये भक्त रवाना हुये। जहां खाटू श्यामजी की आरती के पश्चात निशान यात्रा प्रारंभ हुई। मुख्य निशान यात्रा प्रारंभ हुई जो राजधानी मार्ग से होते हुए कानपुर फीलखाना स्थित खाटू श्याम मंदिर पहुंची। शोभायात्रा में बैंडबाजों के साथ बग्घी में श्री खाटू श्यामजी का भव्य दरबार सजा था। बाबा श्याम बग्घी में सवार भक्तों को दर्शन देते हुए निकले। भक्त रास्ते भर श्री खाटूबाबा के जयकारे लगाते हुए निकले। इसके पूर्व खाटू मंदिर में भव्य उत्सव की शुरूआत सुबह छह बजे बाबा के विशेष श्रृंगार और अभिषेक के साथ हुई। शाम को बाबा को निशान अर्पित कर भक्त महाआरती की गई। यात्रा में अवधेश कुमार बाजपेयी, गौरव, मनोज त्रिवेदी, राम प्रकाश दीक्षित, छोटू बाजपेयी, दीपू बाजपेयी, गोपाल शर्मा आदि श्याम प्रेमी मौजूद रहे।

### निरंकारी मिशन के सेवादारो ने की मां गंगा की साफ-सफाई

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** संत निरंकारी मिशन द्वारा आयोजित प्रोजेक्ट अमृत के तहत रविवार की सुबह शुक्लागंज गंगातटों पर स्वच्छता को लेकर सफाई अभियान शुरू किया गया। जहां सुबह 8 बजे दोपहर 1 बजे तक सेवादारों ने गंगा नदी के किनारे अभियान के तहत सेवा दी। इस अभियान में करीब 300 संगत व सेवा दल यूनिट नंबर 371 के सेवादल शामिल हुए। संत निरंकारी मिशन उन्नाव के मुखी शीतल शरण मिश्रा ने बताया कि आज के दिन पूरे देश में मिशन की ओर से यह अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा की सतगुरु का संदेश है कि प्रदूषण अंदर का हो या बाहर का हो दोनों ही हानिकारक है अंदर का प्रदूषण वैर विरोध नफरत लाता है, और बाहर का प्रदूषण समाज में गंदगी करता है। निरंकारी मिशन द्वारा प्रोजेक्ट अमृत के अंतर्गत स्वच्छ जल स्वच्छ मन परियोजना का दूसरा चरण चलाया गया सतगुरु बाबा हरदेव सिंह के संदेश को साकार करने के लिए निष्काम भाव से सेवा का कार्य कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गंगाघाट नगरपालिका अध्यक्ष कौमुदी पाण्डेय प्रतिनिधि संदीप पाण्डेय, वीरेंद्र शुक्ला (सपा नेता) मौजूद रहे। इस मौके पर मुकेश कुमार, गिरीश, धर्मेंद्र कुमार पांडे, एके पाल, प्रदीप यादव, नरेंद्र तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे।

### दंगा व बलवा नियंत्रण के लिए किया गया अभ्यास

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन एवं आकस्मिक परिस्थितियों व आगामी त्योहारों में सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था व समाज में सुरक्षित, भयमुक्त वातावरण बनाने के लिये पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीना के नेतृत्व व अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अखिलेश सिंह के कुशल पर्यवेक्षण में चांदमारी बट कांशीराम में अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ दंगा नियन्त्रण का पूर्वाभ्यास किया गया। इस दौरान जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण, समस्त थाना प्रभारीगण, प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन मय पुलिस बल द्वारा विधि-विरुद्ध भीड़ को तितर-बितर करने के लिये रबर बुलेट गन, लाठी चार्ज, आंसू गैस के गोले एंटी राइट गन, टियर गैस गन, हैंड ग्रेनेड आदि शस्त्रों के संबन्ध जानकारी साझा करते हुए बलवा ड्रिल का अभ्यास किया गया। साथ ही समस्त सर्किल के पुलिसकर्मियों को पुलिस अधिकारियो द्वारा दंगाइयों, बलवाइयों पर एंटी राइट गन, टियर गैस गन, हैंड ग्रेनेड, टियर स्मोक सेल, नेट आदि के प्रयोगों के समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में अवगत कराया गया तथा फायर ब्रिगेड की गाड़ियों का इन परिस्थितियों में किस प्रकार प्रयोग करना है, की जानकारी दी गई ताकि किसी भी विषम परिस्थिति में सिखलाये गये तरीकों से ऐसी परिस्थितियों का अच्छे से सामना किया जा सके। दंगा/बलवा नियंत्रण ड्रिल में करीब 350 अधिकारी-कर्मचारीगण द्वारा भाग लिया गया।

## मकान का ताला तोड़ लाखों के जेवर व नकदी चोरी



उन्नाव, समृद्धि न्यूज।

माखी थाना क्षेत्र के कस्बा चकलवंशी चौराहे के परियर मार्ग पर ताला बंद घर के बाहरी गेट का ताला तोड़कर अंदर पहुंचे चोरों ने अलमारी में रखी डेढ़ लाख रुपये की नगदी सहित तीन लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के आभूषण पार कर दिया। सुबह पीड़िता घर पहुंची तो ताला टूटा हुआ पड़ा था। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आस-पास की दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरे से चोरों की तलाश कर रही है। पीड़िता ने अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।

चकलवंशी कस्बा के परियर मार्ग निवासी प्रेमवती के पति रमाकांत की दस माह पहले मौत हो चुकी है तबसे वह तीन छोटी बेटियों के साथ रहती है और कास्मेटिक जूता चप्पल की दुकान चलाती है। साथ में ननंद शशि देखभाल के लिए रहती है। शनिवार को ननंद अपने गांव पंडितखेड़ा चली गयी थी जिसपर पीड़िता घर के गेट पर ताला लगाकर मियागंज मार्ग निवासी पिता राममिलन के घर चली गयी थी। मध्यरात्रि के बाद चोर घर के बाहर पहुंचे और मेन गेट का ताला तोड़कर अंदर पहुंचे, जहां कमरे में रखी अलमारी बक्से का ताला तोड़कर अंदर रखे सोने-चांदी के आभूषण नगदी सहित तीन लाख रुपये कीमत का सामान पार कर दिया। इस सम्बंध में थाना प्रभारी संदीप कुमार मिश्रा ने बताया कि तहरीर मिली है मौके पर हल्का इंचार्ज को भेजा गया है।



### गंगा भक्तों ने गंगा तट पर चलाया स्वच्छता अभियान

डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज। गंगा तट डलमऊ के स्नान घाटों पर गंगा स्नान के बाद फैली गंदगी को गंगा भक्तों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाकर साफ किया गया संस्कृत महाविद्यालय बड़ा मठ डलमऊ के स्वामी दिव्यानंद महाराज ने बताया कि गंगा नदी के स्थान घाटों को स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से पिछले कई वर्षों से निरंतर साप्ताहिक साफ सफाई के क्रम में रविवार को गंगा तट डलमऊ के बड़ा मत घाट पक्का घाट महावीरन घाट बारूदा घाट में फैली गंदगी को गंगा भक्तों के साथ मिलकर साफ सफाई की गई है और कूड़े को निस्तारित किया गया स्वामी दिव्यानंद ने बताया कि भाग पूर्णिमा के अवसर पर जिले व अन्य जिलों के श्रद्धालु भक्त गंगा स्नान करने आते हैं और अपने वस्त्र अगरबत्ती के पेंच माचिस फूलमाला आधुनिक प्रकार की शादी विवाह में प्रयुक्त हुई सामग्री आदि लाकर गंगा के किनारे डालकर चले जाते हैं पक्के घाटों की सफाई तो नगर पंचायत की कर्मचारी करते हैं परंतु कच्चे घाटों पर कोई कर्मचारी दिखाई नहीं देता छोटा मठ घाट बिजली के खंबे पर लाइट न होने के कारण लोगों को अंधेरे में स्नान करना पड़ता है इस मौके पर राम चैतन्य स्वामी गीतानंद स्वामी दिव्यानंद संदीप कुमार मिश्रा सुशील शास्त्री भंवर जी तिवारी आदि के साथ अन्य गंगा भक्त मौजूद रहे।

### मेहेर बाबा का विशाल भंडारा आयोजित



**बछरावां रायबरेली।** मेहेर बाबा के जयकारे के साथ संपन्न हुआ विशाल भंडारे का आयोजन। प्रतिवर्ष की भांति मेहेर बाबा के अवतरण दिवस के अवसर पर होने वाले विशाल भंडारे मे हजारों की संख्या में भक्तों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। आपको बता दें कस्बे के महाराजगंज रोड पर स्थित मेहेर पैथोलॉजी संचालक पीयूष सिंह की अगुवाई में बाबा के 130 वे अवतरण दिवस पर लैब के निकट भंडारे का आयोजन किया गया द्य भंडारे के पूर्व बाबा के चित्र पर माल्यार्पण किया गया तथा भजन आरती की गई। इस अवसर पर सुंदरकांड समिति के प्रमुख सतीश सिंह, तथा डॉ आकाश, पूर्व जिला पंचायत सदस्य विनय वर्मा, व्यापार मंडल महामंत्री अंकित शुक्ल सहित भारी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

## टीपीएल शिक्षा अवार्ड बेस्ट फिजिकल एजुकेशन टीचर अवार्ड से सम्मानित हुए मोहम्मद मुजफ्फर आलम

लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

मोहम्मद मुजफ्फर आलम को टीपीएल शिक्षा अवार्ड बेस्ट फिजिकल एजुकेशन टीचर 2023 से सम्मानित किया गया।दिल्ली के एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में शारीरिक शिक्षा से जुड़ी देश की नामी गिरामी हस्तियों के बीच यह सम्मान दिया गया।रायबरेली जिला एमेच्योर बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष मुजफ्फर आलम वैसे तो जिले के बॉक्सिंग खिलाड़ियों के आगे बढ़ाने के लिए हमेशा अपना आर्थिक और शारीरिक योगदान देते रहते है और समय समय पर खिलाड़ियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित कर उनका उत्साह बढ़ाते हुए सम्मानित करते है और इसी क्रम में स्कूलों के खिलाड़ियों के लिए भी शारीरिक शिक्षा में कई प्रकार से योगदान किया और कई वर्षों तक केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से संचालित स्कूल में फिजिकल एजुकेशन टीचर के तौर पर कार्य कर रहे है। इनकी खेल की तमाम उपलब्धियों को देखते हुए शनिवार को दिल्ली में उन्हें बेस्ट फिजकल एजुकेशन टीचर 2023 से सम्मानित किया गया।



मुजफ्फर आलम के इस अवार्ड से सम्मानित होने पर अनिल कुमार मिश्रा (मुन्ना भैया) बॉक्सिंग के जिला सचिव सन्त लाल,उपाध्यक्ष अताउर रहमान,कोषाध्यक्ष डिम्पी तिवारी,ओलम्पिक जिला सचिव लक्ष्मीकांत शुक्ला,माध्यमिक खेल जिला सचिव अजय सिंह चंदेल,प्रशांत शुक्ला,पूनम यादव,महताब आलम, अखण्ड दीप सोनकर,सुनील,ब्रजेश त्रिपाठी,चंदर,सलमान खान,अभिषेक सोनकर आदि लोगो ने शुभकामनाएं दिया।

## 'झारखंडेश्वर धाम स्थित महादेव स्वयंभू हैं'

महाराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

आज समाज में जहां तमाम तरह के अपवाद दिखाई दे रहे हैं वहीं सामाजिक सद्भाव एवं हिन्दू मुस्लिम भाई चारे का केंद्र बना रहे अमांवा स्थित झारखण्डेश्वर शिव मन्दिर जहां तक इसके पुरातन होने की बात है तो कुछ स्थानीय लोग इसे रामायण काल से भी जोड़ते हैं किन्तु प्रमाण नही मिलते ऐसा भी कहा जाता है कि अमांवा तिलोई राजघराने का भू भाग था जो कालान्तर में बंटवारे के राजा नवल सिंह को मिला जिनके वंशज आज भी धनुहा अमेठी में रहते हैं चूंकि कान्हपुरिया क्षत्री शिव उपासक थे इस नाम से एक मंदिर मोहन गंज से शायमंऊ की तरफ चलने पर बाई ओर आता है अतः अनुमान लगाया जा सकता है कि हो न हो इसे



कान्हपुरिया राजा द्वारा बनवाया अथवा संरक्षित किया गया हो कहते हैं कि आजादी की लड़ाई के समय महान क्रान्तिकारी राना बेनी माधव सिंह ने यहां शरण ली भोलेनाथ नाथ की कृपा से अंग्रेज भ्रमित हुए और राना बेनी माधव सिंह सुरक्षित रहे वर्तमान मंदिर उन्हीं के द्वारा जिर्णोद्धार कराया हुआ है मंदिर के अन्दर विग्रह पर गहरा कटे का निशान है जो मुग़ल काल में आततायियों के बर्बर आक्रमण का प्रमाण है कुछ खंडित मूर्तियां भी मंदिर में देखने को मिलती हैं जो पुरातत्व सर्वेक्षण के द्वारा प्रमाणित की जा सकती हैं वर्तमान में मंदिर की प्रतिष्ठा आस पास कई कोस के अलावा आस पास के जिलों तक है लोग सावन के महीने में कांवड़ यात्रा कर जल चढ़ाते हैं वहीं हर यहां से अमरनाथ यात्रा पर जत्था जाता है लोगों के सभी संस्कार यहां होते रहते हैं शिवरात्रि पर मेले का आयोजन अभूतपूर्व होता वहीं हर पूर्णिमा पर भंडारा होता रहता है मंदिर में हिंदू तथा मुस्लिम भाईयों के द्वारा अक्सर घंटे चढाये जाते हैं।

### रोजगार मेले में 42 को मिला रोजगार

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन व राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अंतर्गत विकास खंड फतेहपुर चौरासी में स्थित अयोध्या प्रसाद मिश्र महाविद्यालय में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार ने दीप प्रज्वलित कर किया। जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुजीत सिंह एवं समस्त कर्मचारियों के सहयोग से रोजगार मेले का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उन्नाव, पुणे, लखनऊ, औरंगाबाद, दिल्ली, गुजरात आदि राज्यों की प्रमुख कम्पनियां आई। जिनमें वेलस्पन इंडिया लिमिटेड, पीपल ट्री, पुखराज, टाटा मोटर्स, ब्राइट फ्यूचर लिमिटेड, प्रथम एजुकेशन सहित 9 कंपनियों ने प्रतिभाग किया और साथ ही 364 से अधिक कुशल अभ्यर्थी साक्षात्कार में उपस्थित हुए जिसमें से 42 से अधिक लोगों को चयनित किया गया। इस दौरान विद्यालय प्रबंधक अखिलेश मिश्रा, अतुल मिश्रा, पवन पाण्डेय, स्वामी शंकर यादव सहित सैकड़ों की संख्या में युवा पहुंचे।

## विराट कवि सम्मेलन आयोजित



**कार्यक्रम में उपस्थित कवियों ने अपनी कविताओं से मोहा श्रोताओं का मन**

बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

बसंत उत्सव मेला के उपलक्ष्य मे रविवार को 11:00 बजे से विकास क्षेत्र की पस्तौर ग्राम सभा में स्थित प्रसिद्ध शिव मंदिर कंजेश्वर धाम में स्वामी विचित्रानंद जी महाराज के नेतृत्व में विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।

इस कवि सम्मेलन का कुशल संचालन कवि नीरज पांडे के द्वारा किया गयाद्य वहीं कवि सम्मेलन मे डॉक्टर देवी बक्स सिंह, श्यामल मजूमदार, प्रमोद पंकज, हरिहर दत्त पांडे, सुनीत बाजपेई, मधुप श्रीवास्तव नरकंकाल, गीता गंगवार, रामश्रय सिंधु, जमुना पांडे अबोध, सुखदेव प्रसाद, भूखन भैया, अमलेश कुमार, श्याम किशोर, उत्तम सोनी सागर, निर्मल श्रीवास्तव, सौरभ शुक्ला, उत्कर्ष उत्तम, विनोद दीक्षित, चंद्रहास सिंह, शैलेंद्र गुलशन सहित देश एवं प्रदेश के अन्य कवि एवं कवियत्रियों ने अपना कविता पाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया।

कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था की जिम्मेदारी कार्यक्रम के व्यवस्थापक राजेंद्र वर्मा द्वारा पूरी की गई। इस मौके पर कार्यक्रम के आयोजक स्वामी विचित्रानंद जी महाराज ने बताया कि पूर्व में हमने कार्यक्रम को लेकर जो निवेदन क्षेत्र वासियों से किया था वह साकार हुआ है, क्षेत्रवासी हमारे निवेदन पर इस कार्यक्रम में पधारे इसके लिए हम सभी का आभार प्रकट करते है।

## सहकारी समिति के गोदाम का सांसद ने किया शिलान्यास

उन्नाव, समृद्धि न्यूज।

विकास खंड मियागंज के अंतर्गत परेंदा समिति में 100 मैट्रिक टन गोदाम का शिलान्यास सांसद साक्षी महाराज, भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार, सफीपुर विधायक बंबालाल दिवाकर, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष अरुण सिंह की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित मानस मोहन राणा राज दरबार परेन्दा, विशाल विमल प्रधान प्रतिनिधि परेंदा, प्रवीन रावत अध्यक्ष प्रधान संघ मियागंज, लकी रावत, शुभम सिंह प्रधान मुस्तफाबाद एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया जिसमें परेन्दा समिति के सचिव



अरविंद प्रकाश अवस्थी एवं सहकारिता विभाग स्टाफ उपेंद्र सिंह, संजय सिंह, गणेश प्रसाद रावत, नितिन निदेशक डीसीडीएफ वीरपाल सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष हैदराबाद, सदस्य जिला पंचायत फूलचंद रावत ने उपस्थित सहकारिता परिवार के वरिष्ठ जन्म एवं क्षेत्र के सहकारिता सदस्य उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य मेले में मरीजों का हुआ परीक्षण

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** रविवार को न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जनआरोग्य मेले का आयोजन हुआ। जहां मरीज पहुंचे। इस दौरान मेले में मौजूद मरीजों ने उनका परीक्षण किया। इसके साथ ही उन्हें दवाइयां दी। राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में एलोपैथिक के डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया गया। मरीजों को दवा बांटी गई। इसके अलावा डॉ0 शिप्रा झा ने मरीजों को परामर्श देने के साथ ही दवाइयां बांटी। इसके साथ ही अन्य डॉक्टरों ने भी मरीजों का परीक्षण किया। डॉक्टरों ने बताया कि मेले के दौरान 62 मरीजों का परीक्षण किया गया और उन्हें दवाइयां बांटी गई है। जिसमें चर्म रोग, लीवर पेट से संबंधित, सांस, मधुमेह, उच्च रक्त चाप, खून की कमी, गर्भवती महिलाएं शामिल हैं। वहीं मेले में आये खांसी, जुकाम, बुखार के मरीजों की जांच की गई।

### सर्पदंश से युवक की हालत गंभीर

उन्नाव, समृद्धि न्यूज।


आसीवन थाना क्षेत्र में रविवार को खेत पर फसल देखने गए युवक को जहरीले कीड़े ने काट लिया। शोरगुल सुनकर खेतों में काम कर रहे अन्य लोगों ने गंभीर हालत में मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डाक्टर ने उसकी हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कुलहा अटौरा गांव निवासी राहुल रविवार को खेत पर गया था, जहां वह घास उखाड़ने लगा। इसी बीच छिपकर बैठे कीड़े ने काट लिया जिसपर उसने मदद के लिए गुहार लगायी तो अन्य लोग मौके पर पहुंचे और परिजनों को जानकारी दी। मौके पर पहुंचे परिजन ग्रामीणों के साथ अस्पताल ले गए जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम आयोजित

उन्नाव, समृद्धि न्यूज।

फतेहपुर चौरासी कस्बे के शीतला देवी मंदिर प्रांगण में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को जागरूक किया गया तथा सम्बंधित विभागों के स्टाल लगवाकर ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाई जा रही जनहितकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। मुख्य अतिथि भाजपा विधायक ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

नगर पंचायत में स्थित प्रसिद्ध देवीपीठ माँ शीतला देवी मंदिर प्रांगण में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत लोगों को योजनाओं की जानकारी व लाभार्थियों के घर जाकर मोदी गारंटी कार्ड दिए। कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा



विधायक श्रीकांत कटियार ने किया जिसमें आवास योजना के लाभार्थियों के घर-घर जाकर मोदी की गारंटी के बारे में बताया वहीं मौजूद लोगों को सम्बोधित करते हुए भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही गरीबों की जनहितकारी योजनाओ की जानकारी दी तथा जागरूक किया। चेयरमैन मिथलेश जायसवाल ने भी किसान सम्मान निधि, वृद्धावस्था पेंशन में बढोत्तरी, पीएम आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, शौचालय आदि से सम्बंधित जानकारियां दी। वहीं मोदी सरकार द्वारा भेजी गई गारंटी वैन में भी योजनाओं का प्रसारण नागरिकों को दिखाया गया। कार्यक्रम में राजस्व विभाग, पंचायती राज विभाग, स्वास्थ्य विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग, समाज कल्याण विभाग आदि विभागों के स्टाल लगाए गए। इस मौके पर ईओ अरविंद सिंह, पवन पाण्डेय, कुलदीप शुक्ला, रामदास कश्यप, अवधेश लोधी, अतुल मिश्रा, अवधेश शुक्ला, नितिन जायसवाल आदि लोग मौजूद रहे।

### ट्रेन की चपेट में आकर अधेड़ की मौत

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के गजियाखेड़ा निवासी एक अधेड़ रविवार शाम सरैयां क्रासिंग के पास ट्रेन की चपेट में आकर एक अधेड़ की दर्दनाक मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को पीएम के लिये भेजा है। गजियाखेड़ा गांव निवासी सीताराम (50) पुत्र प्यारेलाल शाम करीब सवा चार बजे बैराज मार्ग स्थित सरैयां रेलवे क्रासिंग से कुछ आगे ट्रैक पार कर रहा था, तभी वह ट्रेन की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। गेटमैन की सूचना पर पहुंची डायल पुलिस ने घायल को इलाज के लिये निजी अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी और बच्चे दहाड़े मारकर रोने लगे। जिसके बाद पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भर पीएम के लिये भेजा है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत छैराशी विकास खण्ड बिजुआ खीरी

पत्रांक मेमो / टेन्डर / 2023- 2024 दिनांक 25/02/2024

**अति अल्प कालीन निविदा**

मनरेगा योजना अन्तर्गत छैराशी विकास खण्ड बिजुआ खीरी में निम्नलिखित कार्यों पर सीमेंट, मौरंग, ईंट, गिट्टी, बालू, मिट्टी, इंटरलॉक सामग्री पर आवश्यकता है। इच्छुक फर्म दिनांक- 26-02-2024 से 28-02-2024 तक अपना टेन्डर ग्राम पंचायत में समय दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध करा सकते हैं। दिनांक 28-02-2024 को शायं 05:00 बजे ग्राम पंचायत छैराशी में समिति के समक्ष खोला जायेगा।

टेन्डर के सम्बन्ध में जानकारी प्रधान/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी छैराशी से किसी भी कार्य दिवस में की जा सकती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | लागत |
|---|---|---|
| 1. | रामसागर के घर से सरवन के खेत तक खडंजा निर्माण कार्य | अनुमानित लागत 238070/- |

प्रधान राजवीर, ग्राम पंचायत छैराशी, विकास खण्ड बिजुआ खीरी
सचिव अरविंद, ग्राम पंचायत छैराशी, विकास खण्ड बिजुआ खीरी

## कार्यालय ग्राम पंचायत बेलवा विकास खण्ड बिजुआ खीरी

पत्रांक मेमो / टेन्डर / 2023- 2024 दिनांक 25/02/2024

**अति अल्प कालीन निविदा**

मनरेगा योजना अन्तर्गत बेलवा विकास खण्ड बिजुआ खीरी में निम्नलिखित कार्यों पर सीमेंट, मौरंग, ईंट, गिट्टी, बालू, मिट्टी, इंटरलॉक सामग्री पर आवश्यकता है। इच्छुक फर्म दिनांक- 26-02-2024 से 28-02-2024 तक अपना टेन्डर ग्राम पंचायत में समय दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध करा सकते हैं। दिनांक 28-02-2024 को शायं 05:00 बजे ग्राम पंचायत बेलवा में समिति के समक्ष खोला जायेगा।

टेन्डर के सम्बन्ध में जानकारी प्रधान/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी बेलवा से किसी भी कार्य दिवस में की जा सकती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | लागत |
|---|---|---|
| 1. | पीडब्लूडी रोड से करन सिंह के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य | अनुमानित लागत 386932/- |
| 2. | छोटे के घर से सोनू के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य | अनुमानित लागत 391419/- |
| 3. | अनमोल यादव के घर से जाकिर के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य | अनुमानित लागत 395562/- |

प्रधान विनय, ग्राम पंचायत बेलवा, विकास खण्ड बिजुआ खीरी
सचिव गोल्डी वर्मा, ग्राम पंचायत बेलवा, विकास खण्ड बिजुआ खीरी

## संदेशखाली प्रकरण तुष्टिकरण की राजनीति का कुफल

**आशीष वशिष्ठ**

पश्चिम बंगाल के उत्तर 24-परगना जिले में कालिंदी नदी के किनारे बसा गांव संदेशखाली पिछले कई दिनों से चर्चाओं में है। तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख और उसके दो सहयोगियों पर यहां की महिलाओं ने कथित अत्याचार और यौन उत्पीड़न के कई गंभीर आरोप लगाए गये हैं। संदेशखाली की पीड़िताओं ने जो बातें जिम्मेदार लोगों को बताई हैं, वह 21 वीं सदी में अकल्पनीय है। ऐसे में अहम सवाल है कि कोई शाहजहां शेख कैसे इतना निरंकुश हो जाता है? शाहजहां जैसे अत्याचारियों को ताकत कहां से मिलती है? इन सवालों का जवाब भाजपा प्रवक्ता एवं सांसद सुधांशु त्रिवेदी के बयान में छिपा है। सुधांशु के अनुसार, 'जो कुछ संदेशखाली में हो रहा है वो मात्र एक घटना नहीं बल्कि एक राजनीति सोच है, जो 78 वर्ष पूर्व नोआखाली से लेकर आज के संदेशखाली तक बंगाल के लिए नासूर बनती जा रही है। शाहजहां शेख एक व्यक्ति नहीं एक प्रवृत्ति है जिसे मात्र बंगाल में नहीं बल्कि पूरे भारत में एक विशेष प्रकार का सेक्युलर संरक्षण प्राप्त है।'राजनीतिक इतिहास के पन्ने पलटें तो पता चलता है कि कांग्रेस पार्टी को मुस्लिम तुष्टिकरण की जननी कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। आजादी के बाद नेहरू से वर्तमान तक पार्टी तुष्टिकरण की राजनीति को समर्पित रही है। आजादी के बाद घरेलू ही नहीं, विदेशी नीति भी तुष्टिकरण से तय होती थी। सबसे बड़ी विडंबना यह रही कि जिन मुसलमानों के नाम पर कांग्रेस ने देश में तुष्टिकरण की नीति का आगाज किया उन मुसलमानों की माली हालत सुधरने की बजाय बिगड़ती चली गई। दूसरी विडंबना यह हुई कि कांग्रेसी तुष्टिकरण का संक्रमण क्षेत्रीय पार्टियों, मीडिया, बुद्धिजीवियों तक होता गया। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की सरकार मुस्लिम तुष्टिकरण के बलबूते ही सत्ता में आई थी। सत्ता पर काबिज होने के बाद से तृणमूल की सरकार ने मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए हिंदुओं व दूसरे समुदायों की पूरी तरह अनदेखी की। हिन्दुओं के धार्मिक उत्सवों और यात्राओं तक में सरकार ने अड़चन लगाने का काम किया। पश्चिम बंगाल में हिन्दुओं की जो दुर्दशा हो रही है, वो किसी छिपी नहीं है। तृणमूल के नेता और कार्यकर्ता जिस तरह का अत्याचार कर रहे हैं, वो सुनकर हैरानी होती है कि हम किसी लोकतांत्रिक व्यवस्था में रहते हैं और पश्चिम बंगाल में लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुई सरकार है। पश्चिम बंगाल हो या फिर दिल्ली, मुस्लिम तुष्टिकरण को लेकर इनमें होड़ है। दिल्ली के दंगों में आम आदमी पार्टी के नेताओं की भूमिका सर्वविदित है।

# अमेरिका ने रूस-यूक्रेन युद्ध की दूसरी बरसी पर पांच सौ नए प्रतिबंधों का ऐलान कर कसी नकेल

**किशन सनमुखदास**




**संयुक्त राष्ट्र शायद इस स्थिति या पावर में नहीं है कि वैश्यविक विवादों या उपरोक्त दोनों युद्ध को रोक सके जिसका अंदेशा आज समाप्त हुए रायसोनी डायलॉग में भारतीय विदेश मंत्री ने के बयान में ही चलता है। इसके पूर्व भी माननीय पीएम कह चुके हैं कि संयुक्त राष्ट्र को सशक्त करने की जरूरत करनी होगी। वैसे तो अनेक देश अपने हालात और सुलभ परिस्थितियों को दिशा देने अनेक प्रतिबन्ध संबंधित देशों पर लगाते रहते हैं, उपरोक्त दोनों युद्ध जिसमें रूस यूक्रेन का अब तीसरा वर्ष शुरू हो चुका है ऊपर से आज दिनांक 24 फरवरी 2024 को अमेरिका नें रूस पर 500 नए प्रतिबंधों का ऐलान कर दिया है, मतलब साफ है की नकेल कसना है। मेरा मानना है यह स्थिति रूसी विपक्षी नेता और रूसी राष्ट्रपति के ध्रुविरोधी गैलेक्सी नवलेनी की मौत को लेकर निकाली गई भड़ास का नतीजा है।**

वैश्विक गोंदिया - वैश्विक स्तरपर सर्वविदित है कि रूस यूक्रेन की लड़ाई को 2 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं और 25 फरवरी 2024 से यह तीसरे वर्ष में प्रवेश कर गई है। उधर हमास-इजरायल युद्ध भी लंबा पीछे खींचा जा रहा है। दुनियां बट चुकी है और धड़ाधड़ एक दूसरे पर प्रतिबंधों की बौशार हो रही है जिसका दुष्टपरिणाम मानव प्रजाति पर ही पढ़ रहा है। क्योंकि प्रतिबंधों से उन वस्तुओं और सेवाओं की कीमतें बड़ रही है, सुविधियें घटेगी, शॉर्टेज मचेगी तो व्यवस्थाएं धुयस्थ होगी जिसका प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से दुष्टपरिणाम संबंधित चीजों से नागरिकों पर ही पड़ेगा जिसे रेखा अंकित करना होगा।

संयुक्त राष्ट्र शायद इस स्थिति या पावर में नहीं है कि वैश्यविक विवादों या उपरोक्त दोनों युद्ध को रोक सके जिसका अंदेशा आज समाप्त हुए रायसोनी डायलॉग में भारतीय विदेश मंत्री ने के बयान में ही चलता है। इसके पूर्व भी माननीय पीएम कह चुके हैं कि संयुक्त राष्ट्र को सशक्त करने की जरूरत करनी होगी। वैसे तो अनेक देश अपने हालात और सुलभ परिस्थितियों को दिशा देने अनेक प्रतिबन्ध संबंधित देशों पर लगाते रहते हैं, उपरोक्त दोनों युद्ध जिसमें रूस यूक्रेन का अब तीसरा वर्ष शुरू हो चुका है ऊपर से आज दिनांक 24 फरवरी 2024 को अमेरिका नें रूस पर 500 नए प्रतिबंधों का ऐलान कर दिया है, मतलब साफ है की नकेल कसना है। मेरा मानना है यह स्थिति रूसी विपक्षी नेता और रूसी राष्ट्रपति के ध्रुविरोधी गैलेक्सी नवलेनी की मौत को लेकर निकाली गई भड़ास का नतीजा है। इन प्रतिबंधों के बल पर रूसपर नकेल कसना हो सकता है।

चुंकि अमेरिका ने रूस पर फिर 500 नए प्रतिबंध लगाने का ऐलान कर दिया है, और रूस पर नकेल कसने की कोशिश की है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्धि जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल माध्यम से चर्चा करेंगे, अमेरिका नें यूक्रेन पर चल रहे हमले और रूसी विपक्षी नेता एलेक्सी नवलेनी की मौत को लेकर रूस पर 500 नए प्रतिबंध लगाए हैं। साथियों बात अगर हम अमेरिका द्वारा रूस यूक्रेन युद्ध की दूसरी बरसी पर रूस पर 500 नए प्रतिबंध लगाने की करें तो, यूक्रेन पर हमले के दो साल बाद अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ ने रूस पर नए प्रतिबंधों की घोषणा की है। ये प्रतिबंध रूसी राष्ट्रपति के आलोचक और विपक्षी नेता एलेक्सी नवलेनी की मौत के बाद लगाए गए हैं। इससे पहले भी अमेरिका समेत कई पश्चिमी देशों ने रूस के खिलाफ प्रतिबंधों की बौछार की हुई है। इनमें रूस के साथ व्यापार पर रोक के अलावा डॉलर में पेमेंट पर प्रतिबंध और रूसी व्यापारियों नेताओं की संपत्तियों की जब्ती जैसे प्रतिबंध शामिल हैं। यूरोपीय यूनियन ने तो रूसी व्यापारिक जहाजों के अपने हवाई क्षेत्र में उड़ान भरने पर भी प्रतिबंध लगाया हुआ है। इसके बावजूद रूस ने यूक्रेन पर अपने हमले नहीं रोके हैं। ये हमले दो साल बाद भी उसी तेजी से जारी हैं। पुतिन ने कहा है कि वह यूक्रेन से नवनाजीवादी सरकार के खात्मे तक नहीं रुकने वाले हैं। रूस यूक्रेन के बीच जारी युद्ध को दो वर्ष हो चुके है। इस युध्द में पश्चिमी देशों का यूक्रेन के तरफ झुकाव रहा है। युध्द में अमेरिका समेंत कई यूरोपीय देशों ने हथियार से लेकर कूटनीतिक सहयोग किया है। युद्ध शुरू होते ही अमेरिका सहित सभी देशों ने रूस पर कई आर्थिक प्रतिबंध लगा दिए थे। वहीं युध्द के दूसरी वर्षी पर बाइडन सरकार ने 500 से अधिक आर्थिक प्रतिबंध लगाए है। बता दें इसको लेकर राष्ट्रपति जो बाइडेन ने शुक्रवार को रूस के खिलाफ नए प्रतिबंधों का ऐलान किया अमेरिका ने रूस के खिलाफ 500 से ज्यादा नए प्रतिबंधों की वजह रूस का यूक्रेन पर हमला और विपक्षी नेता नवलनी की मौत को माना जा रहा है।

मेरिका के इस कदम से वैश्विक अर्थव्यवस्था पर खतरा मंडरा रहा है। अमेरिका ने प्रतिबंधों के लिए 200 पन्नों की लिस्ट जारी की है। गौर करने वाली बात यह है कि इस लिस्ट से कंपनियां और मेटल सेक्टर, ज्यादा एनर्जी रिलेटेड पनिशमेंट और बैंकों रिलेटेड सेक्टर्स ने नाम गायब हैं। वहीं विशेषज्ञों की माने तो यह वास्तव में रूस की अर्थव्यवस्था को पंगु बनाएगा ही, साथ ही अमेरिका की अर्व्यवस्था को भी इससे झटका लग सकता है। प्रतिबंधों में विदेशी बैंट भी शामिल हो सकते हैं, जो यूक्रेन के खिलाफ युद्ध जारी रखने में लिए टेक्नोलॉजी और मैटिरियल की खरीद में मदद करते हैं। साथ ही ये बैंक रूस की मदद यूरेनियम और एल्यूमीनियम और निकल जैसी धातुओं के व्यापार में भी करते हैं. अमेरिका संभावित रूप से जमी हुई रूसी संपत्तियों को जब्त और बांट सकता है।प्रतिबंध का ऐलान करते हुए अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि यूक्रेन के बहादुर लोग भविष्य की रक्षा और अपनी फ्रीडम के लिए लड़ते रहे हैं, वहीं नाटो भी अब पहले से कहीं ज्यादा मजबूर और एकजुट हुआ है. उन्होंने कहा किअमेरिका यूक्रेन के समर्थन में रूस की आक्रमकता के लिए जवाबदेह ठहराना चाहते हैं। बता दें कि अमेरिका ने रूस के करीब 100 फर्मों पर सख्त बैन लगाया है। साथीयों बात अगर हम रूसी विपक्षी नेता गैलेक्सी नवलेनी की मौत और 500 प्रतिबंधों की करें तो, अमेरिका ने यूक्रेन पर चल रहे हमले और रूस के विपक्ष के नेता एलेक्सी नवेलनी की मौत को लेकर रूस पर 500 नए प्रतिबंधों का एलान किया है। यूक्रेन पर रूसी हमले के दो साल पूरे होने के मौक़े पर एलान किए गए इन प्रतिबंधों में रूस के प्रमुख कार्ड पेमेंट सिस्टम, आर्थिक और सैन्य संस्थानों और नवेलनी की आर्कटिक सर्कल जेल के अधिकारी भी शामिल हैं। उधर यूरोपीय यूनियन ने भी सैन्य तकनीक को लेकर नए प्रतिबंधों की एलान किया है। गुरुवार को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने सैन फ़्रांसिस्को में नवेलनी की पत्नी और बेटी से मुलाक़ात की थी। उन्होंने कहा कि इसमें कोई शक नहीं कि नवेलनी की मौत के लिए रूस के राष्ट्रपति को दोषी ठहराया जाना चाहिए। अमेरिका के इन नए प्रतिबंधों में क़रीब 100 फर्म और ऐसे लोग भी शामिल हैं जिन्हें निर्यात पर प्रतिबंध का सामना करना है। अमेरिका ने जेल में बंद विपक्षी नेता अलेक्सी नवालनी की मौत और यूक्रेन के खिलाफ जारी युद्ध को लेकर शुक्रवार को रूस पर 500 नए प्रतिबंध लगाए हैं, जिसका लक्ष्य उसकी ऊर्जा आय को और कम करना है, जो युद्ध के प्रयासों को बढ़ावा देती है और बनाए रखती है।अमेरिका ने रूसी युद्ध को पिछले दरवाजे से समर्थन देने वाले देशों के खिलाफ भी 100 प्रतिबंधों की घोषणा की है, जिनमें चीन, संयुक्त अरब अमीरात और लिकटेंस्टीन शामिल हैं।

## विचार

# जमानत पर सुप्रीम कोर्ट की मंशा

**प्रेम शर्मा**



**दंड प्रक्रिया संहिता पहली बार 1882 में तैयार की गई थी और समय-समय पर संशोधनों के साथ इसका उपयोग जारी है। यूनाइटेड किंगडम का जमानत अधिनियम, 1976 जमानत देने की प्रक्रिया निर्धारित करता है। इसका एक प्रमुख विशेषता यह है कि कानून का एक उद्देश्य कैदियों की आबादी के आकार को कम करना है। कानून में प्रतिवादियों के लिये कानूनी सहायता सुनिश्चित करने के प्रावधान भी हैं। अधिनियम जमानत दिये जाने के लिये एक सामान्य अधिकार को मान्यता देता है।**

भारत में कई मामलों में पुलिस की मनमानी सामने आती रहती है। कई बार सत्ता पक्ष, निजी स्वार्थ स्थानीय दबाव के चलते पुलिस साधारण मामलों में इतना कड़ा और असंवैधानिक रूख अख्तियार कर लेती है कि साधारण से दोष में इंसान का जीवन बर्बाद हो जाता है। कई ऐसे मामले जिनमें साधारण से प्रयास में जमानत हो जाए वो लम्बे समय से तक जेलों में सड़ते रहते है।

भारत के सुप्रीम कोर्ट द्वारा बहुत अधिक एवं विवेकहीनगिरफ्तारियों की प्रवृत्ति, विशेष रूप से गैर-संज्ञेय अपराधों के लिये अनुचित ठहराया जा चुका है।इसने इस बात पर जोर दिया कि संज्ञेय अपराधों के लिये भी गिरफ्तारी अनिवार्य नहीं है और इसे आवश्यक होना चाहिये। सर्वोच्च न्यायालय ने इस बात को रेखांकित किया कि जमानत से संबंधित कानून में सुधार किया जाना अति आवश्यक है और सरकार से यूनाइटेड किंगडम के कानून की तर्ज पर एक विशेष कानून बनाने पर विचार करने का आह्वान किया। दो न्यायाधीशों की बेंच ने जुलाई 2021 में जमानत कानून में सुधार, (सतेंद्र कुमार अंतिल बनाम सीबीआई) पर दिये गए एक पुराने फैसले को लेकर कुछ स्पष्टीकरण जारी किये हैं। देश में जेलों की स्थिति, जहाँ दो-तिहाई से अधिक विचाराधीन कैदी हैं, का उल्लेख करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने रेखांकित किया कि गिरफ्तारी एक कठोर उपाय है जिसका संयम से प्रयोग किये जाने की आवश्यकता है। सैद्धांतिक रूप से न्यायालय ने मनमानी गिरफ्तारी के विचार को जेल नही, जमानत के नियम की अनदेखी करने वाले न्यायाधीशो की औपनिवेशिक मानसिकता से जोड़ा है। दंड प्रक्रिया संहिता पहली बार 1882 में तैयार की गई थी और समय-समय पर संशोधनों के साथ इसका उपयोग जारी है। यूनाइटेड किंगडम का जमानत अधिनियम, 1976 जमानत देने की प्रक्रिया निर्धारित करता है। इसका एक प्रमुख विशेषता यह है कि कानून का एक उद्देश्य कैदियों की आबादी के आकार को कम करना है। कानून में प्रतिवादियों के लिये कानूनी सहायता सुनिश्चित करने के प्रावधान भी हैं। अधिनियम जमानत दिये जाने के लिये एक सामान्य अधिकार को मान्यता देता है। इसकी धारा 4 (1) के अनुसार, यह कानून उस व्यक्ति पर लागू होता है जिसे अधिनियम की अनुसूची 1 में दिये गए प्रावधान में जमानत दी जाएगी। जमानत खारिज करने के लिये अभियोजन पक्ष को यह दिखाना होगा कि जमानत हेतु प्रतिवादी पर विश्वास करने के लिये आधार मौजूद हैं कि वह हिरासत में आत्मसमर्पण नहीं करेगा, न ही जमानत पर रहते हुए अपराध करेगा या गवाहों के साथ हस्तक्षेप करेगा और न ही न्याय के मार्ग में बाधा डालेगा, तब तक प्रतिवादी को अपने कल्याण या सुरक्षा के लिये या अन्य परिस्थितियों में हिरासत में नहीं लिया जाना चाहिये।न्यायालय के अनुसार सीआरपीसी में स्वतंत्रता के बाद किये गए संशोधनों के बावजूद यह बड़े पैमाने पर अपने मूल ढाँचे को बरकरार रखता है, जैसा कि अपने विषयों पर औपनिवेशिक शक्ति द्वारा तैयार किया गया था। न्यायालय ने कहा कि फैसलों के बावजूद संरचनात्मक रूप से संहिता अपने आप में मौलिक स्वतंत्रता के मुद्दे के रूप में गिरफ्तारी के लिये जिम्मेदार नहीं है। इसने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि यह जरूरी नहीं कि मजिस्ट्रेट अपनी विवेकाधीन शक्तियों का समान रूप से प्रयोग करें।

न्यायालय के निर्णयों में एकरूपता और निश्चितता न्यायिक व्यवस्था की नींव है। एक ही तरह के अपराध के आरोपी व्यक्तियों के साथ एक ही न्यायालय या अलग-अलग न्यायालय द्वारा कभी भी भिन्न व्यवहार नहीं किया जाएगा।इस तरह की कार्रवाई भारत के संविधान के अनुच्छेद 14 और 15 का गंभीर उल्लंघन होगी।यहॉ इस बॉत पर ध्यान देना चाहिए कि संहिता की धारा 88, 170, 204 और 209 के तहत आवेदन पर विचार करते समय जमानत आवेदन पर जोर देने की जरूरत नहीं है।ये धाराएँ मुकदमे के विभिन्न चरणों से संबंधित हैं जिनके आधार पर मजिस्ट्रेट आरोपी की रिहाई पर फैसला कर सकता है।ये मजिस्ट्रेट की पेशी के लिये बॉण्ड लेने की शक्ति (धारा 88) से लेकर समन जारी करने की शक्ति (धारा 204) तक हैं।सर्वोच्च न्यायालय के अनुसार इन परिस्थितियों में मजिस्ट्रेट को नियमित रूप से एक अलग जमानत आवेदन पर जोर दिये बिना जमानत देने पर विचार करना चाहिये। इसी लिए पहले भी सर्वोच्च न्यायालय ने सभी राज्य सरकारों और केंद्रशासित प्रदेशों को आदेशों का पालन करने और विवेकहीन गिरफ्तारी से बचने के लिये स्थायी आदेशों की सुविधा प्रदान करने का भी निर्देश दिये थे। भारतीय दंड संहिता भारत की आधिकारिक आपराधिक सहिंता है जिसे वर्ष 1834 में स्थापित भारत के पहले विधि आयोग की सिफारिशों पर चार्टर अधिनियम, 1833 के तहत वर्ष 1860 में लॉर्ड थॉमस बबिंगटन मैकाले की अध्यक्षता में तैयार किया गया था। भारत में वास्तविक आपराधिक कानून के प्रशासन के लिये मुख्य कानून है। यह वर्ष 1973 में अधिनियमित किया गया था और 1 अप्रैल, 1974 को लागू हुआ था। अनुच्छेद 20 यह कहते हुए मनमानी गिरफ्तारी के विरुद्ध सुरक्षा प्रदान करता है कि कोई व्यक्ति किसी अपराध के लिये तब तक दोषी नहीं ठहराया जाएगा, जब तक कि उसने ऐसा कोई कार्य करते समय, जिसमें वह अपराधी के रूप में आरोपित है, किसी प्रवृत्त विधि का अतिक्रमण नहीं किया है या उससे अधिक सजा का भागी नहीं होगा जो उस अपराध के किये जाने के समय प्रवृत्त विधि के अधीन अधिरोपित की जा सकती थी। अनुच्छेद 21 जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की सुरक्षा प्रदान करता है।किसी व्यक्ति की नजरबंदी भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गारंटीकृत जीवन और स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन है।अनुच्छेद 22 गिरफ्तारी और नजरबंदी के खिलाफ सुरक्षा प्रदान करता है।

हाल में सुप्रीम कोर्ट का केंद्र सरकार से यह पूछना मायने रखता है कि जमानत के प्रावधानों से संबंधित नया कानून लाने पर काम हो रहा है या नहीं। दरअसल, यह मामला सुप्रीम कोर्ट के ही जुलाई 2022 में दिए एक आदेश से जुड़ा है। उसमें कोर्ट ने केंद्र सरकार को कहा था कि जिन मामलों में अधिकतम सजा सात साल से कम हो, उनमें जमानत को लेकर नया कानून बनाया जाए। इस संबंध में जो कोर्ट की चिंता है, वह देश के सिविल सोसाइटी सदस्यों की बातों से भी लंबे समय से झलकती रही है।

## ओपन बुक एग्जाम

पहले शिक्षा नीति में बदलाव फिर किताबों के पाठ्यक्रम में बदलाव किए गए। समय के साथ-साथ शिक्षा के ढांचे में भी बोर्ड (सीबीएसई) ने 10वीं और 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए ओपन बुक एग्जाम के नए पैटर्न को स्वीकार कर लिया है। इसका पायलट रन जल्द ही आयोजित किया जाएगा। अगर प्रस्तावों के अनुरूप सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो इस वर्ष नवम्बर-दिसम्बर में कुछ चुनिंदा स्कूलों में पायलट प्रोग्राम के तहत आयोजन किया जा सकता है। ओपन बुक एग्जाम का कॉन्सेप्ट कोई नया नहीं है। बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय सहित कई शिक्षण संस्थानों में इस तरह के प्रयोग पहले ही किए जा चुके हैं। इसमें परीक्षार्थियों को यह स्वतंत्रता होती है कि वह अपने साथ जो भी सहायक सामग्री, निर्धारित पाठ्य पुस्तकें लेकर जा सकते हैं और दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखने में उनकी मदद ले सकते हैं। जब भी एग्जाम आते हैं तो नकल रोकने के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं। परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थियों की कड़ी जांच होती है। फिर भी नकल को शत-प्रतिशत रोका नहीं जा सका है। क्योंकि नकल माफिया नए-नए तरीके ढूंढ लेता है। अब तो प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के प्रश्न पत्र भी लगातार लीक हो रहे हैं। यद्यपि भारत बुनियादी ढांचे की कमी के दौर से काफी आगे निकल चुका है। भारत के पास अब आईटी की ताकत है, इसलिए जरूरी है कि पुरानी सोच और परम्परागत ढांचे से बाहर निकला जाए और नई व्यवस्था को लागू किया जाए। जब भी कोई नए प्रयोग किए जाते हैं तो कई तरह की प्रतिक्रियाएं, आशंकाएं और अफवाहें सामने आती हैं तथा अच्छे और बुरे परिणामों को लेकर बहस शुरू हो जाती है। ओपन बुक एग्जाम को लेकर भी शिक्षाविदों से लेकर समाजशास्त्रियों और अभिभावकों तक चर्चा शुरू हो चुकी है कि ओपन बुक एग्जाम कितना कारगर होगा और कितना नहीं। इस कार्यक्रम के तहत अंग्रेजी, मैथ्स, साइंस और बॉयोलोजी जैसे विषयों की परीक्षा ली जाएगी और यह नोट किया जाएगा कि नए तरीके के लिए जा रहे एग्जाम के दौरान प्रश्नपत्र को हल करने में छात्रों को कितना समय लगता है। छात्रों समेत सभी हित धारकों से फीडब्बैक भी लिया जाएगा। आमतौर पर माना जाता है कि इस समय आयोजित होने वाले क्लोज्ड-बुक एग्जाम के मुकाबले ओपन-बुक एग्जाम आसान होंगे, लेकिन सीबीएसई ने इस मिथक को नकार दिया है। सीबीएसई ने स्पष्ट किया है कि यह भी उतना ही मुश्किल होगा। इस एग्जाम के लिए छात्रों को केवल किताब में दिए कंटेंट को रट्टा मारकर याद रखने पर निर्भर रहने के बजाय उसमें दी गई अवधारणाओं, एनालिसिस और कॉन्सेप्ट्स को समझने और उसे पेश करने की योग्यता दिखानी होगी।



## राशिफल

**मेषः**- किसी श्रेष्ठजन के प्यार से मन प्रसन्न होगा। किसी की कटु वाणी मन को दुखित कर सकती है। उच्च महत्वकांक्षाएं व्यावसायिक क्षेत्र में अधिक परिश्रम के लिए प्रेरित करेंगी।

**बृषभ :**- भौतिक महत्वकांक्षाएं अभाव का एहसास कराएंगी। परिजनों से कुछ भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं। अच्छी योजनाओ द्वारा महत्वपूर्ण कायरें को समयानुकूल पूर्ण करेंगे।

**मिथुन :**- भावनाओं पर नियंतण्ररख अपने दायित्वों के प्रति सजग होना प्रगति का सूचक है। बचकाना स्वभाव महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एकाग्रता का अभाव पैदा करेगा। शिक्षा-प्रतियोगिता में परिश्रम का लाभ मिलेगा।

**कर्क :**- महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। कुछ नयी आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। भौतिक-सुख साधन में व्यय संभव।

**सिंह :**- भावना से उद्वेलित मन निकट संबंधों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। पूर्वाग्रहवश संबंधियों के प्रति नकारात्मकता को न पालें।

**कन्याः**- नये संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। जीविका क्षेत्र में मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रयत्नशील होगा। रोजगार में व्यस्तता रहेगी किंतु जरूरी कार्य समय से पूर्ण करें।

**तुलाः**- कुछ नयी अभिलाषाएं आपको उत्साहित करेंगी। शासन-सत्ता की दिशा में केंद्रित लोगों को लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। किसी महत्वपूर्ण दायित्व की पूर्ति हेतु समुचित व्यवस्था हेतु मन चिंतित होगा।

**वृश्चिकः**- किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां अर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रेरित करेंगी। भावनाप्रधान मन रिश्तों से सहज ही प्रभावित हो जाता है।

**धनुः**- रोजगार क्षेत्र में आपकी महत्वपूर्ण योजनाएं सार्थक होती हुई नजर आएंगी। श्रेष्ठजनों से नजदीकियां पैदा होंगी। व्यावसायिक यात्राएं करनी पड़ सकती हैं।

**मकरः**- सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों में मधुरता बढ़ेगी।

**कुंभः**- पुरानी समस्याओं को हल कर सुख की अनुभूति करेंगे। शासन-सत्ता से जुड़े लोगों को लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। पूजा-पाठ में पूरा दिन मन केंद्रित होगा।

**मीनः**- पिता के सहयोग से मुश्किल दिनों में राहत मिलेगी। बालसुलभता व असंयमित शब्दों का प्रयोग संबंधों में कटुता लाएगा। आकस्मिक नई आशंकाओं से प्रभावित मन कोई गलत निर्णय ले सकता है।

# कृषि कारोबार और किसान

**किसान को संपन्न बनाना स्वतंत्रता के बाद से ही सरकारों की वरीयता रही है परंतु इस काम में पूरी सफलता मिली हो ऐसा नहीं कहा जा सकता। 1991 से पहले तक की सरकारों ने कृषि क्षेत्र में सार्वजनिक निवेश लगातार किया और कृषि क्षेत्र की स्थिति को बेहतर बनाने का प्रयास किया परंतु इसके बाद इस क्षेत्र में सार्वजनिक निवेश लगातार घटता गया जिसका असर यह हुआ कि किसान और खेती लावारिस जैसी बनती चली गई आर्थिक उदारीकरण के दौर में सर्वाधिक जोर औद्योगिकरण पर रहा और सेवा क्षेत्र पर रहा। वित्तीय क्षेत्र में सुधार के बाद कृषि क्षेत्र की स्थिति बदलने की उम्मीद थी मगर ऐसा नहीं हो सका और इस क्षेत्र के हिस्से में वित्तीय क्षेत्र के हुए सुधारों का सुफल अपना कोई प्रभाव नहीं डाल सका। कृषि बीमा योजना हालांकि शुरू की गई परंतु इससे भी किसानों को यथोचित लाभ नहीं मिला और उनकी स्थिति जस की तस बनी रही।**

किसान आंदोलन को लेकर जो गतिरोध पैदा हुआ है वह कृषि क्षेत्र के हित में नहीं है। हरियाणा और पंजाब के बॉर्डर पर जिस तरह की परिस्थितियां बनी हुई हैं उन्हें देखकर यह कहा जा सकता है की ना तो सरकार और ना ही किसान पीछे हटने के लिए तैयार है। सरकार ने किसानों से जो वार्ता की पेशकश की है वह चार दौर की वार्ता विफल होने के बाद नई पेशकश है जिसे मानने से किसान पीछे हट रहे हैं। इसका कारण यह लगता है की पिछली वार्ताओं में किसानों की उन मांगों पर सरकार ने कोई विशेष ध्यान नहीं दिया जिन्हें लेकर वे आंदोलित हैं। इनमें प्रमुख मांग 23 फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा के साथ ही इनको संवैधानिक मान्यता देना है। किसान चाहते हैं की न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रणाली को कानूनी जामा पहनाया जाए। वास्तविकता यह है कि जब से देश में आर्थिक उदारीकरण का दौर शुरू हुआ है तभी से कृषि क्षेत्र की घनघोर उपेक्षा हुई है और इसे अपने हाल पर छोड़ दिया गया है। यह किसानों की मेहनत और उनकी लगन का ही फल है कि भारत लगातार अनाज उत्पादन में उत्तरोत्तर वृद्धि करता जा रहा है। हालांकि हर साल कुछ ना कुछ समर्थन मूल्य में वृद्धि होती है परंतु वह उस कमी की भरपाई नहीं कर पाती जो कि किसान के लागत मूल्य में वृद्धि होने से होती है। इसी वजह से खेती घाटे का सौदा बनता जा रहा है लेकिन इसके बावजूद आज भी भारत में 60 प्रतिशत लोग कृषि क्षेत्र पर निर्भर हैं। भारत के संदर्भ में यह विचारणीय प्रश्न है कि यदि खेती की स्थिति अच्छी होगी अर्थात किसान यदि संपन्न होंगे तो देश की आर्थिक व्यवस्था अच्छी होगी और देश लगातार प्रगति के पथ पर आगे बढ़ेगा। किसान को संपन्न बनाना स्वतंत्रता के बाद से ही सरकारों की वरीयता रही है परंतु इस काम में पूरी सफलता मिली हो ऐसा नहीं कहा जा सकता। 1991 से पहले तक की सरकारों ने कृषि क्षेत्र में सार्वजनिक निवेश लगातार किया और कृषि क्षेत्र की स्थिति को बेहतर बनाने का प्रयास किया परंतु इसके बाद इस क्षेत्र में सार्वजनिक निवेश लगातार घटता गया जिसका असर यह हुआ कि किसान और खेती लावारिस जैसी बनती चली गई आर्थिक उदारीकरण के दौर में सर्वाधिक जोर औद्योगिकरण पर रहा और सेवा क्षेत्र पर रहा। वित्तीय क्षेत्र में सुधार के बाद कृषि क्षेत्र की स्थिति बदलने की उम्मीद थी मगर ऐसा नहीं हो सका और इस क्षेत्र के हिस्से में वित्तीय क्षेत्र के हुए सुधारों का सुफल अपना कोई प्रभाव नहीं डाल सका। कृषि बीमा योजना हालांकि शुरू की गई परंतु इससे भी किसानों को यथोचित लाभ नहीं मिला और उनकी स्थिति जस की तस बनी रही। यही कारण है की किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी जामा पहनाने की मांग कर रहे हैं क्योंकि कृषि भी ऐसा सेवा क्षेत्र है जो देश के गरीब से गरीब व्यक्ति की सेवा उसे अनाज उपलब्ध कराकर करता है। इसीलिए किसान को धरती का भगवान कहा जाता है। पंजाब के शंभू बॉर्डर और खनोरी बॉर्डर पर जो किसानों और सुरक्षा बलों के बीच आमने-सामने की स्थिति बनी हुई है उसे हर हालत में टाला जाना चाहिए और बीच का ऐसा रास्ता निकाला जाना चाहिए जिससे किसानों के हकों पर भी प्रभाव न पड़े और सरकार भी अपनी बात किसानों तक पहुंचा सके। इसके लिए जरूरी है कि किसानों की ओर से एक ऐसा उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल तैयार किया जाए जो सरकार से सीधे दो टूक बात करें और उसे यह समझाएं की समर्थन मूल्य को कानूनी दर्जा देने से सरकार पर कोई अतिरिक्त धन का बोझ नहीं पड़ेगा क्योंकि जितना सरकार कृषि जन्य वस्तुओं के आयात पर खर्च करती है उससे कम में ही किसानों को समर्थन मूल्य देने का भार पड़ेगा। किसान यह मांग नहीं कर रहे हैं कि उनकी सभी 23 फसलों को सरकार खरीदे वह केवल यह मांग कर रहे हैं की सरकार या खुले बाजार में कोई भी व्यक्ति या व्यापारी घोषित समर्थन मूल्य से नीचे के दामों पर इन फसलों की खरीदी ना करें। हमें यह देखना होगा की एक तरफ जब औद्योगिक वस्तुओं के दाम बढ़ते हैं और अन्य उपभोक्ता सामग्री के दामों में वृद्धि होती है तो कृषि लागत मूल्य में भी समानुपाती वृद्धि होती है इसकी पूर्ति करने के लिए उसे बढ़े हुए दामों की आवश्यकता है परंतु खुले बाजार में मांग और आपूर्ति के समीकरण के चलते किसान की फसल के दाम व्यापारी निचले स्तर पर ही तय करते हैं हालांकि सरकार समर्थन मूल्य कुछ फसलों का तय करती है परंतु इन फसलों की विशेष रूप से गेहूं व चावल की खरीदारी केवल 16 प्रतिशत ही सरकार कर पाती है और बाकी फसल किसान को खुले बाजार में निचले दामों पर बेचनी पड़ती है। किसानों की मांग यही है की समर्थन मूल्य से नीचे के भाव पर कोई भी व्यापारी उनकी फसल ना खरीदें और यदि ऐसा होता है तो समर्थन मूल्य और बाजार मूल्य के बीच के अंतर की भरपाई सरकार को अपने खजाने से करनी चाहिए।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

# मवेशियों का आतंक, 27 बीघा गेहूं, मटर की फसल की सफाचट

**कालपी, जालौन समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश में सबसे ज्यादा गौशाला होने के मामले में जनपद पहले पायदान में खड़ा है। जहां आये दिन ग्रामीणांचल में आवारा गौवंशों द्वारा किसानों के खेतों में लहलहाती फसलों को अपने पेट का निबाला ही नहीं बल्कि हरी भरी फसलों को पैरों से रौंदकर नष्ट कर किसानों की बर्बादी की कहानी लिख देते हैं। बीती रात्रि अन्ना जानवरों का आतंक मंगरौल के पांच किसानों की 27 बीघा में लहलहाती गेहूं व मटर फसलों को बर्बाद कर दिया गया। इस मामले में जहां जिम्मेदार अधिकारियों ने अभी तक अपना मौन व्रत तोड़ने का साहस नहीं दिखा पा रहे हैं तो वहीं पीड़ित किसानों के सामने साल भर तक अपने परिवार का भरण पोषण कैसे करेंगे इसको लेकर परेशान दिख रहे हैं। महेवा ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम मंगरौल पड़री नरहान गांवों के किसानों को आखिर कब अन्ना मवेशियों से राहत मिलेगी जबकि गांव में गौशाला भी संचालित है। बीती रात को अन्ना मवेशियों ने दर्जनों किसानों की कई बीघा गेहूं मटर की फसल को सफाचट कर उसे पैरों तले रौंद दिया।

रखवाली के बाद भी वह अन्ना मवेशियों का झुंड खेतो में घुसकर फसल को नष्ट कर देता है। सरकार ने करोड़ों रुपये खर्च कर गांव-गांव गौशाला बन बाई है। लेकिन कुछ ऐसे भी गांव है जो इस सुविधा से वंछित है। गांव में अन्ना मवेशियों का कहर किसानों को झेलना पड़ रहा है। हम बात करते है महेवा ब्लॉक क्षेत्र का दूसरा सबसे बड़े गांव की जहां अन्ना मवेशियों की समस्या से यहां का किसान तीन साल से जूझ रहा है। लेकिन प्रशासन के कानों में जूं तक नही रेंग रही है। शनिवार की रात को मंगरौल निवासी किसान धर्म सिंह निषाद की 8 बीघा गेहूं, सुरेंद्र सिंह की 4 बीघा, लाखन प्रजापति की चार बीघा, मनोज बाजपेई की 6 बीघा मटर, संदीप मिश्रा की 5 बीघा मटर फसल अन्ना मवेशियों ने चर ली। किसानों ने बताया की रात रात भर जागकर हम लोग खेतो की रखवाली करते है। कि हमारी मेहनत फसल के रूप में रंग लाएगी। लेकिन अन्ना मवेशियों का झुंड खेतों में घुसकर फसल चौपट कर पूरी मेहनत पर पानी फेर देता है। लेकिन जिम्मेदारों कानो में जूं तक नहीं रेंग रहे हैं जिससे किसान खून के आंसू रो रहा है यदि यही हाल रहा तो किसान खेती करना छोड़ देगा जबकि सरकार आवारा गौवंशों के रखरखाव के लिए करोड़ों रुपए पानी की तरह बहा रही है लेकिन जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते आवारा गौबंशों पर पूर्णता रोक नहीं लग रही है।

## मंगरौल के किसानों ने डीएम से बची गायों से छुटकारा दिलाने की गुहार



**कालपी।** महेवा ब्लॉक क्षेत्र के किसानों ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश के बाद तत्कालीन खंड विकास अधिकारी विपिन कुमार ने क्षेत्र में ज्यादातर गायों को गौशाला मे बंद करवा दी थी लेकिन एक लगभग 40 गायों का झुंड रह गया था जिसको पकड़ने की प्रक्रिया चल रही थी लेकिन उनका स्थानांतरण होने के बाद बो गायों का झुंड नही पकड़ा गया जिससे बो गायों का झुंड मौका पाकर किसानों की घर आई फसलो को सफा चट किए जा रहा है लेकिन ब्लॉक के जिम्मेदारों को किसानों की इस विकट समस्या से कोई लेना देना नहीं है।यदि अन्ना मवेशियों की कोई व्यवस्था नही हुई वही किसानों ने ईमानदार तेज तर्रार जिलाधिकारी से क्षेत्र में बची यह 40 गायों से छुटकारा दिलाने की मांग की है।

# पीएम ने मन की बात में खेत, खलिहान से जुड़े विषय उठाये

**कुठौंद, जालौन समृद्धि न्यूज।**

फरवरी माह के अंतिम रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात कार्यक्रम को 25 फरवरी रविवार, सुबह 11 बजे, देश को संबोधन के जरिए आम जनता से सीधे-संवाद में कहा पशुपालन, आवास योजना शौचालय, समूह की बहनों को व्यापार करने के लिऐ कम ब्याज पर ऋण दिया जाएगा जिससे की गरीब किसान बहिनें आत्म निर्भर हो सकें और बताया की लोकसभा चुनाव होने के कारण तीन माह के लिऐ मन की बात कार्यक्रम को स्थिगत किया जा रहा है फिर से मोदी जी की भाजपा सरकार बनने पर प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम शुभ अंक (111) वां एपिसोड से किसान भाइयों को जून में फिर से सुनने को मिलेगा



प्रधानमंत्री के मन की बात सुनती महिला नेत्री पूजा शुक्ला व अन्य।

भाजपा नेत्री पूजा शुक्ला ने कुठौंद बूथ 46, 47, 48 पर खेत खलियान से लेकर घर-घर किसानों, बहिनों भाईयों से आग्रह कर सभी को ले जाकर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम को सुनने के लिए दुर्गा रिसोर्ट मिहौना रोड़ पर एलसीडी के मध्यम से क्षेत्र के सम्मानित किसान भाईयों, बहिनों व भारतीय जनता पार्टी की कुठौंद मण्डल महिला मोर्चा की बहिनें व सिरसा कलार से जिला पंचायत सदस्य अनिल सेंगर, पूर्व प्रधान विवेक सिंह चौहान, किसान मोर्चा मण्डल उपाध्यक्ष अमित गुप्ता, निशी मिश्रा, सुनीता, आरती, रिचा, नीलम, लालजी मिश्रा,वरुण शुक्ला एवं सैकड़ों की संख्या में देवतुल्य कार्यकर्ताओं के साथ माव प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम को सुना।

# जन चौपाल में भाजपा नेताओं ने बताई सरकार की योजनायें



कार्यक्रम को संबोधित करती भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित।

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम रूरा मल्लू में केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई। भाजपा जिलाध्यक्ष ने समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण कराने का भी आश्वासन दिया। विकासखंड के ग्राम रूरा मल्लू में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जन चौपाल का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार तरक्की कर रहा है। शीघ्र ही हम विकसित राष्ट्र होंगे। पूर्व में जहां योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को नहीं मिल पाता था। अब सभी पात्र व्यक्ति योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। मोदी की गारंटी वाली एलईडी वैन के माध्यम से ग्रामीणों को केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान ग्रामीणों को विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान कार्ड के माध्यम से मुफ्त इलाज, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई और पात्र व्यक्तियों को उनका लाभ लेने के लिए भी प्रेरित किया गया। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और उनका निस्तारण कराने का आश्वासन दिया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष रामजी राजावत, जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र सिंह सेंगर, नागेंद्र सेंगर, उपेंद्र गुर्जर, प्रशांत दिवेदी, राजीव दिवेदी, आदित्य मिश्रा, सुभाष दिवेदी, जीतू राजावत, मोहित गोस्वामी, ओमजी परिहार आदि मौजूद रहे।



## तन की सफाई के साथ-साथ मन की सफाई जरूरीः माता सुदीक्षा

**उरई (जालौन)।** संत निरंकारी मंडल ब्रांच उरई की तरफ से सफाई अभियान चलाया गया यह सफाई अभियान प्रत्येक वर्ष चलाया जाता है इस वर्ष भी यह अभियान माहिल तालाब उरई में सुबह 7 बजे से चलाया गया जिसमे निरंकारी मिशन के सेवादल सदस्यों तथा संगत के भक्तों ने भाग लिया इस अवसर पर ब्रांच उरई के प्रमुख राजीव महेंद्रु ने सभी का आभार जताते हुए कहा प्रदूषण अंदर का हो या बाहर का दोनो हानिकारक है। आज निरंकारी मिशन की प्रमुख सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज यह संदेश दे रही है कि मन में जो प्रदूषण फैला है इसी की वजह से बाहर भी प्रदूषण नजर आता है इसीलिए मन के स्वच्छ होने से ही संसार में फैले बाहरी प्रदूषण में भी स्वक्षता आयेगी। इस मौके पर ब्रांच मुखी राजीव महेंद्रु, ज्ञान प्रचारक कमल, त्रिभुवन, कृष्णकान्त, भानसिंह, सुकरन, आदर्श, संतराम, मोहित चौरसिया तथा मोना महेंद्रु ने महिला सेवादल शिक्षिका शीतल जी के साथ इस सफाई अभियान में सहभागिता निभाई।

# वाहन टकराने से 5 बाराती गम्भीर रूप से घायल

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

बीती मध्य रात कालपी उरई मार्ग पर अनियंत्रित ट्राले ने कार में जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें सवार 5 बाराती गम्भीर रूप से घायल हो गए। पुलिस पिकेट में ड्यूटी में तैनात पुलिस कर्मियों ने राहगीरों को सीएचसी पहुंचा, जहां हालत ज्यादा गम्भीर होने पर जिला चिकित्सालय रिफर कर दिया गया।

शनिवार की देर रात नगर के मोहल्ला रामचबूतरा निवासी इशाक मंसूरी की लड़की की बारात जालौन से कालपी आई थी। वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होकर बराती वापिस जालौन जा रहे थे। मध्य रात करीब 1 बजे बरातियों की कार जैसे ही जोल्हूपुर मोड़ पहुंची तभी आगे चल रहा ट्राला अनियंत्रित होकर कार से टकरा गया। जिसमें सवार 18 वर्षीय नासिर पुत्र सोनू जालौन, 35 वर्षीय इस्माइल पुत्र कल्लू उरई, 34 वर्षीय असलम पुत्र यासीन जालौन, राइस पुत्र सत्तार जालौन तथा लल्लू पुत्र लालता प्रसाद तोपखाना जालौन गम्भीर रूप से घायल हो गए। इस दौरान पुलिस पिकेट में ड्यूटी में तैनात कर्मियों ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में भर्ती कराया। चिकित्साधिकारी डॉ. शेख शहरयार ने घायलों का प्राथमिक उपचार करके हालत गंभीर होने पर सभी घायलों को जिला चिकित्सालय उरई के लिए रिफर कर दिया गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद ने बताया कि घायलों का उपचार कराया गया है। उन्होंने कहा कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।



दुर्घटना में घायल हुये राहगीर।

## खबरें एक नजर में

### 10 लीटर कच्ची शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**उतरौला,बलरामपुर।** प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार दूबे के नेतृत्व में थाना को0 उतरौला पर गठित टीम हे.का. कृष्णकान्त पटेल व का0 सौरभ यादव द्वारा 10लीटर अवैध कच्ची शराब 01 प्लास्टिक की पिपिया में अभियुक्त रंजीत कुमार पुत्र राजेन्द्र प्रसाद निवासी देवरिया मैनहा बनियनडीह थाना को0 उतरौला जनपद बलरामपुर के कब्जे से देवरिया मैनहा के पास से अभि0 उपरोक्त को मय शराब के गिरफ्तार किया गया। जिसके संबंध में थाना स्थानीय पर मु.अ.सं. 29/24 धारा 60 (1) आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया ।

### हारजीत की बाजी लगाते तीन जुआड़ी पकड़े

**जालौन,उरई।** नगर में चल रहे जुआ के फड़ पर पुलिस ने छापामारी कर तीन लोगों को पकड़ा है। पकड़े गए आरोरियों के पास से पुलिस ने लगभग 2600 रुपये नगद व ताश की गड्डी बरामद की है। नगर में मोहल्ला हिरदेशाह में एक गेस्ट हाउस के पास खाली मैदान में कुछ लोग हार जीत की बाजी लगा रहे थे। किसी ने इसकी सूचना चौकी पुलिस को दे दी। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी रमेश सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस को देखते ही कुछ लोग वहां से भाग निकले। पुलिस ने मौके से हार जीत की बाजी लगा रहे हिमांशु निवासी कछोरन, शकील दबगरान व मोनू हरीपुरा को पकड़ लिया। पुलिस ने जुआ के फड़ से ताश की गड्डी व 1820 रुपये और जामा तलाशी में 800 रुपये बरामद किए। पकड़े गए तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### उस्मानी इंटर कालेज में तकरीर का आयोजन

**उतरौला,बलरामपुर।** मोहल्ला सुभाष नगर में स्थित उस्मानी इण्टर कालेज के निकट मदरसा जामिया अहले सुन्नत गुलशन ए तैय्यबा फातिमा मदरसा के तरफ़ से हर साल की तरह इस साल भी 27/2/24 की रात्रि में एक तकरीरी प्रोग्राम किया जाएगा,और उसी समय रात्रि में ही मुफ्ती अहसन रजा खान साहिबे सज्जादा बरेली शरीफ के द्वारा मदरसे के निजी भूमि पर मदरसे के लिए ग्राम अल्लीफजोत में शिलान्यास का कार्यक्रम किया जाएगा। उसके बाद तकरीरी प्रोग्राम किया जाएगा।

### अवकाश के दिन शासकीय दस्तावेजों में कार्य करते तीन पकड़े

**जालौन,उरई।** जिला जज के निरीक्षण में न्यायालय सिविल जज के यहां चतुर्थ शनिवार को अवकाश होने के बाद भी कार्यालय में तीन अनधिकृत व्यक्तियों को शासकीय दस्तावेजों में कार्य करते हुए पकड़ा गया। प्रभारी प्रशासनिक अधिकारी की तहरीर पर कोतवाली में पकड़े गए तीनों व्यक्तियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई। जिला जज के यहां प्रभारी प्रशासनिक अधिकारी अनिल कुमार ने पुलिस को बताया कि नगर में स्थित न्यायालय सिविल जज (जूडि) के कार्यालय में चतुर्थ शनिवार होने के चलते न्यायिक कार्य संबंधी अवकाश था। लेकिन कार्यालय संबंधी कार्यो के निस्तारण के लिए कार्यालय खुला हुआ था। दोपहर करीब दो बजकर दस मिनट पर जिला जज द्वारा कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जब जिला जज भूतल पर स्थित न्यायालय (जूडि) के कार्यालय में पहुंचे तो वहां पर अनधिकृत रूप से तीन व्यक्ति मौजूद मिले।

# जन-जन तक पहुंचाई जाएंगी प्रधानमंत्री के मन की बातें : विधायक गौरीशंकर

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**

रविवार को मंडल नगर प्रथम के बूथ नंबर 299 महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष रजनी खरे के आवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात 110वां एपिसोड पर उनकी प्रमुख बातों को सुना गया। जिसमें सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात से युवाओं को बहुत कुछ सीखने को मिला है। जबसे भाजपा की सरकार देश और प्रदेश में बनी है लगातार विकास कार्यों को कराया जा रहा है। इससे विपक्ष पूरी तरह से परास्त हो गया है। आगे भी विकास कार्य कराए जाएंगे। मन की बात में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ड्रोन द्वारा किसानों को हो रहे फायदे, केन नदी में ड्रोन के माध्यम से घड़ियालों पर नजर, नारी सशक्तिकरण, संस्कृति, पशुपालन में बकरी पालन, जल समितियां का नेतृत्व संबंधित कई जानकारियां दीं। साथ ही देश में बढ़ते बकरी पालन, महिला प्राकृतिक खेती में बढ़ावा, पहली बार देश में वोट डालने वालों से देश हित में वोट करने की अपील की सहित कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। विधायक ने कहा कि 110वें मन की बात एपिसोड में जो जानकारियां मिलीं हैं उसे जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।



# मेले में 94 रोगियों का हुआ उपचार, 14 की हुई जांच

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

शासन के निर्देशों पर स्वास्थ्य तथा चिकित्सा कार्यक्रम के तहत रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर दिनेश गुप्ता की अध्यक्षता में आयुष्मान भव मेले का आयोजन किया गया।इस मौके पर चिकित्सकों डॉक्टर विशाल सचान तथा डॉक्टर गोपाल जी द्विवेदी के द्वारा 94 मरीजों का सफलतापूर्वक उपचार किया गया। सीएचसी परिसर में आयोजित साप्ताहिक मेले में आए मरीजों को जागरुक करते हुए डॉक्टर गोपाल जी द्विवेदी ने कहा कि बदलते मौसम में सभी लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की जरूरत है ।उन्होंने बताया कि किसी प्रकार की बीमारी होने पर चिकित्सकों की सलाह पर इलाज करायें। चिकित्सा अधीक्षक डॉ दिनेश तथा चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विशाल सचान ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर प्रत्येक रविवार को मेले का आयोजन किया जाता है ।मेले में सभी प्रकार की चिकित्सकीय सुविधा जनता को उपलब्ध कराई जाती है। मेले में मरीजों के हीमोग्लोबिन, शुगर, बीपी आदि का 14 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए गये ।इस मौके पर कुलदीप सचान, जितेंद्र सोनी अशोक कुमार ममता किरण राठौर, आदि कर्मचारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे। इसी प्रकार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महेवा तथा नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र उदनपुरा में भी आयुष्मान भव मेलो का आयोजन किया गया।



मेले में मरीजों का इलाज करते चिकित्सक।

चिकित्सकों ने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया लोगों को

## अवैध रूप से शराब ले जाते सात को पुलिस ने पकड़ा

**जालौन,उरई।** कोतवाली पुलिस ने अलग अलग स्थानों से सात लोगों को अवैध शराब के साथ पकड़ा है। पकड़े गए आरोपितों के पास से 44 क्वार्टर देशी शराब के तथा 55 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई है। कोतवाली पुलिस ने अवैध शराब की बिक्री के खिलाफ अभियान चलाया। अभियान के दौरान छिरिया के पास से भगवान सिंह एवं सिकरी मोड़ से कमल सिंह निवासीगण क्यामदी को पकड़ा। जिसके पास से 44 क्वार्टर देशी शराब के बरामद हुए। इसके साथ ही मनीष कुमार नारोभास्कर को सारंगपुर मोड़, रामसिंह व आदर्श निवासीगण सालाबाद को लौना रोड, अफरोज भवानीराम को जगनेवा मोड़ और वसीम शाहगंज को चुंगी नंबर चार के पास से पकड़ा। जिनके पास से पुलिस ने 55 लीटर कच्ची शराब बरामद की है।

# शांतिभंग में दस अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**श्रीदत्तगंज, बलरामपुर समृद्धि न्यूज।**

25 फरवरी को थाना श्रीदत्तगंज बलरामपुर में शांति भंग के मामले में 10 व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया । उक्त गिरफ्तार व्यक्ति के विरुद्ध थाना स्थानीय पर धारा- 151/107/116 सीआरपीसी की कार्यवाही कर न्यायालय उतरौला भेजा गया। नाम पता अभियुक्तगण 1. रामचरन वर्मा पुत्र श्रीराम उम्र 53 वर्ष निवासी ग्राम पडरौना गायडीह थाना श्रीदत्तगंज जनपद बलरामपुर 2.राम लक्ष्मन वर्मा पुत्र श्रीराम उम्र 46 वर्ष निवासी ग्राम पडरौना गायडीह थाना श्रीदत्तगंज जनपद बलरामपुर 3.राजित राम वर्मा पुत्र रामलक्ष्मन उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम पडरौना मश0 गायडीह थाना श्रीदत्तगंज जनपद बलरामपुर 4. रोहित वर्मा पुत्र रामचरन वर्मा उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम पडरौना मश. गायडीह थाना श्रीदत्तगंज जनपद बलरामपुर 5. राम प्रसाद पुत्र शिव प्रसाद निवासी ग्राम त्रिगुनायकपुर कुशहवा थाना श्रीदत्तगंज जनपद बलरामपुर 6. विष्णुदत्त पुत्र देवता प्रसाद निवासी ग्राम ग्राम त्रिगुनायकपुर कुशहवा थाना श्रीदत्तगंज जनपद बलरामपुर 7. शिवम पुत्र राम नैरंग निवासी ग्राम त्रिगुनायकपुर सुरकुन पुर थाना श्रीदत्तगंज जनपद बलरामपुर 8. अनिल कुमार पुत्र राजकिशोर उम्र वर्ष निवासी ग्राम ग्राम त्रिगुनायकपुर सुरकुनपुर (हाल पता) ग्राम दारी चौरा थाना श्रीदत्तगंज जनपद बलरामपुर 9. प्रेम मौर्या पुत्र सीताराम मौर्या निवासी ग्राम नन्दमहरा थाना श्रीदत्तगंज जनपद बलरामपुर10. बालकराम पुत्र रामरंग निवासी ग्राम नन्दमहरा थाना श्रीदत्तगंज जनपद बलरामपुर गिरफ्तार करने वाले अधिकारी/कर्मगण आदि मौजूद रहे।



## भाजपा युवा मोर्चा द्वारा लगाया गया चौपाल



**उतरौला,बलरामपुर।** रविवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा युवा चौपाल कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष संदीप वर्मा , विधानसभा के विस्तारक हरिशंकर दीक्षितपूर्व सभासद शक्ति केंद्र संयोजक फरिंद्र गुप्ता रहे।युवा चौपाल कार्यक्रम में सभी युवाओं से संकल्प पत्र का सुझाव लिया गया! जिसमे भाजपा युवा मोर्चा के सभी पदाधिकारी गण एंव सदस्य गण उपस्थित रहे।



## लाभार्थी संपर्क अभियान का विधायक ने किया शुभारंभ

**उतरौला, बलरामपुर।** भाजपा विधायक राम प्रताप वर्मा ने आज विधानसभा क्षेत्र उतरौला के अंतर्गत ग्रामसभा इमिलिया के बूथ संख्या 132 में लाभार्थी संपर्क अभियान का शुभारंभ किया भाजपा विधायक राम प्रताप वर्मा ने कहा कि एक बार फिर से मोदी सरकार विभिन्न योजनाओं से आच्छादित लाभार्थियों से मिलकर 9638002024 डायल कराया गया तथा लोगों से जनसम्पर्क करके पत्रिका वितरण किया एवं लोगों को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चल रहीं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी क्षेत्र की जनता को दी। प्रत्येक गांव के प्रत्येक घर तक नागरिकों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हर गारंटी का लाभ मिल रहा है। इस बार फिर जनता का प्रचण्ड विश्वास भाजपा को मिलेगा और हमारा अबकी बार 400 पार का संकल्प साकार होगा। इस मौके पर विधानसभा प्रभारी सुधीर श्रीवास्तव, देवानंद गुप्ता, रोहित राज़ गुप्ता, राहुल राज़ गुप्ता समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भारत की महिलाएं पूरे देश को दिशा दे रही हैः सांसद

**अयोध्या। समृद्धि न्यूज**

रविवार को सिविल लाइंस स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में आयोजित शक्ति वंदन कार्यक्रम में स्वंय सेवी संस्थाओं की महिलाओं का सम्मेलन आयोजित किया गया।सम्मेलन में महिलाओं के हितार्थ सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में चर्चा की गई।सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि सांसद लल्लू सिंह थे। कार्यक्रम में सांसद श्री सिंह ने कहा कि लोक कल्याण तथा सभी के समुचित विकास को केन्द्र में रख कर सरकार द्वारा योजनाओं का निर्माण व क्रियान्वयन किया गया है।सरकार द्वारा महिलाओं को सुरक्षा व सम्मान देने का कार्य किया गया है।नारी शक्ति वंदन अधिनियम,तीन तलाक पर कानून बना कर सरकार ने महिलाओं की स्थिति में सुधार किया है।भारत की महिला पूरे देश को दिशा दे रही है। देश में प्रथम व्यक्ति के रूप में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू समस्त महिला शक्ति का गौरव बढ़ा रही हैं।भाजपा सरकार में देश की महिला आर्थिक सामाजिक रूप से सशक्त हुई है। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि शक्ति वंदन कार्यक्रम समाज की उन महिलाओं तक पहुंचने का अभियान जो लगातार सामाजिक कार्यों से जुड़ कर महिलाओं के हित में कार्य कर रहीं है। इस दौरान आर्दश जागृति विकास एवं शिक्षण संस्थान की नेहा तिवारी,ग्रीन वर्ल्ड फाउन्डेशन की भारती सिंह, शारदा सेवा संस्थान की अशोका द्विवेदी,शिक्षा एवं ग्रामीण विकास संस्थान की प्रतिमा शुक्ला, वात्सल्य योग सेन्टर की पूनम शुक्ला, स्वास्ति सिद्धि संगी की शालिनी राजपाल तथा सार्वण सेवा संस्थान की रजनीश मिश्र सहित अन्य महिलाएं उपस्थित थी।




**जानकारी** — जनसंख्या के अनुपात में चिकित्सकों की काफी कमी है

# मंडलायुक्त ने 19 आयुर्वेदिक चिकित्सकों को वितरित किए नियुक्ति पत्र

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**

रविवार को अयोध्या मंडल के लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित 19 आयुर्वेदिक चिकित्सक जिनका पुलिस वेरीफिकेशन और मेडिकल पूर्ण हो चुका है,को मंडल मुख्यालय के कमिश्नर मीटिंग हॉल में मंडलायुक्त गौरव दयाल व अपर आयुक्त प्रशासन अजय कांत सैनी द्वारा नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। प्रदेश में आयुष विभाग द्वारा रिक्त पदों के सापेक्ष 391 चिकित्सकों को लोक सेवा आयोग की चयन प्रक्रिया के पश्चात आयुर्वेद चिकित्साधिकारी के पद पर चयनित किया गया है , कानपुर,लखनऊ मंडल तथा वाराणसी मंडल के चयनित चिकित्सा अधिकारियों के नियुक्ति पत्र का वितरण राजधानी स्थित लोक भवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किया गया और प्रदेश के अन्य जनपदों से चयनित चिकित्साधिकारियों के नियुक्ति पत्र का वितरण उनके गृह जनपद के मंडल मुख्यालय से किया गया। इस क्रम में अयोध्या मंडल में जनपद अयोध्या से आठ, अंबेडकरनगर से दो,अमेठी से दो, सुल्तानपुर से छह तथा बाराबंकी से एक चिकित्साधिकारी का चयन हुआ है। इन सभी चयनित चिकित्साधिकारियों को नियुक्ति पत्र का वितरण मंडलायुक्त श्री दयाल द्वारा किया गया। नियुक्ति पत्र वितरण में मंडलायुक्त ने नव नियुक्त चिकित्साधिकारियों को अपनी चिकित्सा शपथ का पालन करने की सलाह दी। उन्होंने नवनियुक्त चिकित्साधिकारियों से कहा कि वह चिकित्सा शपथ जो चरक संहिता में वर्णित शपथ है,उसे अपने जीवन के साथ-साथ अपने व्यवहार में भी उतारे और बिना किसी कलंक/आरोप के रोगियों की सेवा करते हुए अपनी नौकरी को पूर्ण करें।

जनसंख्या के अनुपात में चिकित्सकों की काफी कमी है,इसलिए सरकार की मंशा के अनुरूप चिकित्सा में सभी पैथियों से सामंजस्य बनाते हुए चिकित्सा कार्य करते हुए जनता की पूरी निष्ठा से सेवा करें। मंडलायुक्त ने चयनित अभ्यर्थियों से संवाद स्थापित किया,आयुर्वेद चिकित्सा के विभिन्न विधाओं को समझा और चिकित्सा क्षेत्र में एथिक्स पालन पर विशेष बल दिया।इस अवसर पर अयोध्या मंडल के सभी जिला आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे। अयोध्या जनपद के लिए शासन द्वारा नामित नोडल डॉ रामानंद व अयोध्या जिले के क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा. महेंद्र सिंह विष्णु ने सह नोडल अधिकारी के रुप में कार्यक्रम की व्यवस्था देखी।



# ग्रामीण अंचलों में प्रवासी श्रमिकों हेतु बढ़ेंगे स्वरोजगार के अवसरः सुब्रत पाठक





**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

▸ **विकास भवन सभागार में पशुपालन विभाग द्वारा संचालित बैकयार्ड कुक्कुट पालन योजना के अंतर्गत चयनित 200 लाभार्थियों को मिले प्रमाण पत्र**

**रविवार को** विकास भवन सभागार में पशुपालन विभाग द्वारा संचालित बैकयार्ड कुक्कुट पालन योजना के अंतर्गत चयनित 200 लाभार्थियों को प्रदेश के समाज कल्याण विभाग राज्यमन्त्री (स्वतन्त्र प्रभार) असीम अरुण व सांसद सुब्रत पाठक ने प्रमाण पत्र वितरण किये। इस अवसर पर मन्त्री असीम अरुण ने कहा कि यह योजना आपके आर्थिक विकास में पहला कदम साबित हो सकती है। प्रशिक्षण और अनुभव पाकर आप भविष्य में बड़े स्तर पर मुर्गी फार्म खोल सकते हैं। अपने विकास के लिए बकरी पालन आदि पशुपालन करके अच्छा लाभ कमा सकते हैं। बताया कि इस योजना में प्रत्येक लाभार्थी को 50 मुर्गी के चूजे, मुर्गी पालन का प्रशिक्षण, कुक्कुट राशन, छप्पर/जाली हेतु मदद एवं औषधियों का वितरण कर कुल 3000 से लाभान्वित किया जाता है। वहीं सांसद सुब्रत पाठक ने सम्बोधित करते हुए कहा कि इस योजना के अंतर्गत आर्थिक रूप से निर्बल वर्ग के लाभार्थी लाभान्वित होंगे जिससे उनकी आय में सुधार होगा। ग्रामीण अंचलों में प्रवासी श्रमिकों हेतु स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगें। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. कर्णवीर सिंह ने बताया कि यह योजना अनुसूचित जाति/जनजाति की महिलाओं के लिए है। ताकि उनकी आमदनी बढ़ सके और अनुभव पाकर लाभार्थी पुनः स्वरोजगार प्रारंभ कर सकें। इस अवसर पर भाजपा नेता आरएस कठेरिया भाजपा जिलाध्यक्ष वीरसिंह भदौरिया, डॉ वेद व्रत गंगवार, डॉ अनिल भास्कर, दयाराम, अवनीश, जतन सिंह, अजीत सिंह, विपिन आदि मौजूद रहे।

# नगर की चिकित्सक सराहनीय कार्यों के चलते हुई सम्मानित




चिकित्सक को सम्मानित करतीं पूर्व राज्यपाल व प्रभारी मंत्री — समृद्धि न्यूज

**गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

▸ **पूर्व राज्यपाल एवं प्रभारी मंत्री ने सराहना कर सौंपा प्रशस्ति पत्र**

**उत्तर प्रदेश** की राजधानी लखनऊ में नारी शक्ति पर्व के कार्यक्रम में नगर के बीम सेवा समिति एवं अमन हॉस्पिटल की चिकित्सक को सराहनीय कार्यों के चलते पूर्व राज्यपाल एवं प्रभारी मंत्री ने प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया।

यह जानकारी रविवार को नगर के मोहल्ला रामगंज स्थित बीम सेवा समिति एवं अमन हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. गयासुद्दीन सिद्दीकी ने दी। बताया कि लखनऊ में नारी शक्ति पर्व कार्यक्रम में पूर्व राज्यपाल बेबी रानी मौर्य व कन्नौज की प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी ने अमन आई हॉस्पिटल की चिकित्सक अमन सिद्दीकी को सम्मानित किया गया। वहीं कार्यक्रम में डॉ.शरद द्विवेदी ने प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। बताया कि ऐसे कार्यक्रमों से अस्पताल कर्मियों का मनोबल बढता है जिससे वह बेहतर सेवायें प्रदान करते हैं।

# दरोगा पर लगा प्रबन्धक से मारपीट का आरोप

**गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

▸ **बोले प्रबंधक झूठे आरोप में साठ-गांठ कर की कार्रवाई**

**नौरंगपुर चौकी** क्षेत्र के एक दरोगा पर विद्यालय के प्रबंधक को षड्यंत्र के तहत झूठे मुकदमे में फंसा कर बंद कमरे में मारपीट करने का आरोप लगाया गया है। पीड़ित प्रबंधक ने पुलिस की इस कार्यवाही की शिकायत उच्चाधिकारियों सहित मुख्यमंत्री से की है।

क्षेत्र के ग्राम बडोरा स्थित आरएसएम विद्यालय के प्रबंधक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा मुख्यमंत्री एवं उच्चाधिकारियों को भेजे गए प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि 6 फरवरी 2024 को मेरे विद्यालय में तैनात मोहनपुर निवासी एक अध्यापक द्वारा ग्राम बढ़ौरा के कुछ लोगों के साथ मिलकर षड्यंत्र के तहत नौरंगपुर पुलिस चौकी में उस पर झूठा चोरी का आरोप लगाकर साठ गांठ कर चोरी की घटना को असली जामा पहना दिया। उसने मीडिया को बताया कि 6 फरवरी को जब वह अपने विद्यालय आया तो नौरंगपुर चौकी के एक दरोगा पुलिस बल के साथ उसके विद्यालय पहुंचे और उन्होंने उसे गाली गलौज देना शुरू कर दिया। इतना ही नहीं विद्यालय के प्रबंधक ने बताया कि उक्त अध्यापक द्वारा आलोक नाम के एक कर्मचारी को 01 जुलाई को विद्यालय में रखा गया था। अध्यापक को गुमराह कर बड़ौरा की एक परिवार के लोगों ने विद्यालय के बच्चों को निकाल कर दूसरे स्थान पर फराहरन में अवैध रूप से विद्यालय का संचालन शुरू करवा दिया। उक्त सभी विद्यालय की बदनामी का कार्य करने लगे। जिससे संतोष मिश्रा के साथ उक्त सभी के बीच मतभेद की स्थिति उत्पन्न हो गई




पुलिस की पिटाई से आहत प्रबंधक संतोष मिश्रा

थी। इसी बीच उसके उस कमरे में जिसकी चाबी 3 महीने पहले खो चुकी थी उक्त सभी के द्वारा षड्यंत्र से उसे झूठे मुकदमे में फसाने की साजिश के तहत सोलर प्लेट रख दी गई। जिसकी जानकारी भी उसे नहीं थी लेकिन चौकी पुलिस नाटकीय अंदाज में विद्यालय आती है और चाबी से सिर्फ उसी कमरे का ताला खोला जिसमें सोलर प्लेट रखी गई थी। इसके उपरांत नौरंगपुर चौकी पुलिस द्वारा उसे लात घूसो एवं जूते से मारा पीटा गया। जिससे उसके शरीर पर काफी चोटें आई थी। मेडिकल रिपोर्ट में उन छोटों का वर्णन अंकित है उसने बताया कि उसकी पिटाई का प्रमाण अनोगी की जेल की डायरी में भी उपलब्ध है। उसने चौकी पुलिस पर आरोप लगाया कि पुलिस द्वारा उसके कमरे की अलमारी खोलकर बच्चों की फीस के रखे हजारों रुपए सोने की जंजीर आदि भी जप्त की गई है। जिसका लेखा-जोखा केस डायरी में नहीं किया गया है। पीड़ित प्रबंधक ने कहा कि उसके द्वारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री सहित पुलिस के उच्च अधिकारियों को भी शिकायती पत्र भेज चुके हैं यदि समय रहते उसे न्याय न मिला वह कोई ठोस कदम भी उठा सकता है।

# कलेक्ट्रेट सभागार में 27 फरवरी को जनपद स्तरीय निर्यात परक सेमिनार का होगा आयोजन

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** जनपद कन्नौज के निर्यात को बढ़ावा देने, नये उद्यमियों को निर्यात हेतु प्रोत्साहित करने एवं निर्यात से सम्बन्धित सभी बिन्दुओं पर चर्चा हेतु एक निर्यातपरक जनपद स्तरीय सेमिनार का आयोजन डी0जी0एफ0टी0 ऑफिस कानपुर, एफ0एफ0डी0सी, फियो एवं ई0सी0जी0सी0 के सहयोग से 27 फरवरी को पूर्वान्ह 11 बजे से कलेक्टेऊट के गाँधी सभागार आयोजित किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए उपायुक्त उद्योग धनंजय सिंह ने बताया कि उक्त सेमिनार में इत्र एवं एसेन्शियल ऑयल के निर्यातको के साथ-साथ आलू निर्यातक एवं कृषि उत्पादों के निर्यात से सम्बन्धित उद्यमियों को भी प्रतिभाग करेगें। बताया कि निर्यात हेतु इच्छुक उद्यमियों का इंपोर्ट/एक्सपोर्ट कोड का भी पंजीकरण कराया जायेगा। उन्होंने जनपद के उद्यमियों / निर्यातको से अनुरोध किया है कि उक्त निर्यात परक सेमिनार में ससमय से प्रतिभाग करने करें।

## पीएम आज करेंगे रेलवे स्टेशन का वर्चुअल शिलान्यास

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** स्थानीय रेलवे स्टेशन गुरसहायगंज पर सोमवार की सुबह 10.30 बजे प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी वर्चुअल संवाद करके रेलवे स्टेशन का शिलान्यास करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद सुब्रत पाठक व विधायक अर्चना पाण्डेय मौजूद रहेंगी। यह जानकारी रविवार को सदस्य रेलवे स्टेशन परामर्शदात्री समिति अनुराग गुप्ता नें दी। बताया कि कार्यकर्ता व नागरिक अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनायें।

# खबरें चलते-चलते

## संदिग्ध परिस्थितियों में घर में लगी आग, लाखों का हुआ नुकसान

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

▸ **गृहस्थी का सामान समेत इत्र और सुगंधित तेल जलकर हुआ नष्ट**

▸ **फायर बिग्रेड कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया**

**सदर कोतवाली** क्षेत्र के मोहल्ला छिपट्टी निवासी इत्र कारोबारी के घर रविवार की सुबह अचानक से आग लग गई। आग की लपटों को देखकर वहां हड़कम्प मच गया। मोहल्लेवासियों ने निजी संसाधनों से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन वे सफल नही हो सके। इसी बीच किसी ने फायर बिग्रेड को फोन द्वारा घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही फायर बिग्रेडकर्मी मौके पर पहुंच गये और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक गृहस्थी के सामान समेत इत्र व अन्य सुगंधित तेल जलकर नष्ट हो गया। बताया गया है कि आग से लाखों का नुकसान हो गया है। जानकारी के मुताबिक सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला छिपट्टी स्थित जैन स्ट्रीट निवासी इत्र कारोबारी किशोर जैन के घर में रविवार सुबह अचानक आग लग गई। जब तक परिवार वाले कुछ समझ पाते तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें देखकर मोहल्लेवासियों ने निजी संसाधनों से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नही मिली, इसी बीच किसी ने फायर ब्रिगेड को फोन द्वारा सूचना दे दी। सूचना मिलते ही फायर बिग्रेड मोहल्ले में पहुंच गई, लेकिन संकरी गालियां होने के कारण किशोर जैन के घर तक पहुंचने में काफी समस्या खड़ी हो गई। हालांकि फायर बिग्रेड कर्मियों ने किसी तरह आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक गृहस्थी समेत अन्य सामान जलकर नष्ट हो चुका था। बताया गया कि किशोर जैन के मकान में पीवीसी पैनल लगाने का कार्य चल रहा था। बताया गया कि पीवीसी पैनल लगाते वक्त शार्ट सर्किट से आग लगी होगी। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी विष्णुकांत तिवारी मौके पर पहुंच गए और घटना की जांच पड़ताल की। किशोर जैन के भतीजे तुषार जैन ने बताया कि घर में कीमती इत्र और सुगंधित तेल रखा हुआ था। जोकि आग में जलकर नष्ट हो गया। उन्होंने बताया कि लाखों रुपये का नुकसान हुआ।

## सड़क हादसे में युवक ने तोड़ा दम परिजनों में मचा कोहराम

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** बाइकों की आमने-सामने भिड़न्त होने से दोनों बाइक सवार घायल हो गए। हादसे में एक ने दम तोड़ दिया। वहीं दूसरे को गंभीर हालत में अस्पताल मेंभर्ती कराया गया। जानकारी के मुताबिक जनपद की पचोर चौकी क्षेत्र के ग्राम उमरायपुर गांव निवासी चंदन उम्र 18 वर्ष पुत्र ज्ञान सिंह, जिगर पुत्र संजू उम्र 11 वर्ष मोटरसाइकिल से फगुआ की तरफ जा रहे थे। वहीं मेडिकल कॉलेज से ड्यूटी करके वापस मोटर साइकिल पर सवार होकर अपने गांव मऊ आ रहे 35 वर्षीय की बाइक टिकरा गांव के सामने दूसरी बाइकं से आमने-सामने भिड़ंत हो गई। जिसमें चंदन की मौके पर मौत हो गई। घायलों को उपचार के लिए तिर्वा मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# चित्रकूट एक्सप्रेस के ठहराव की मांग ने पकड़ा जोर, भेजा ज्ञापन

**हमीरपुर।** रेलवे स्टेशन इचौली में चित्रकूट एक्सप्रेस के ठहराव के लिए स्टेशन प्रबंधक के माध्यम से डी0आर0एम0 को ग्रामीणों ने भेजा ज्ञापन।

लखनऊ से चलकर जबलपुर जाने वाली चित्रकूट एक्सप्रेस का ठहराव इचौली रेलवे स्टेशन पर पुनः बनाए जाने की मांग को लेकर युवाओं ने सौरभ मिश्रा एडवोकेट के नेतृत्व में स्टेशन प्रबंधक इचौली के माध्यम से डी0आर0एम0 झांसी को संबोधित ज्ञापन भेजा है।

मानिकपुर-कानपुर रेल खंड के अंतर्गत आने वाले इचौली स्टेशन पर मार्च 2020 से लाकडाउन के समय से यात्री ट्रेन बंद रही। लाकडाउन हटने के बाद कुछ ट्रेनों का परिचालन प्रारंभ तो किया गया लेकिन उन ट्रेनों को एक्सप्रेस ट्रेन बनाकर छोटे छोटे स्टेशनों पर ठहराव ही नहीं दिया गया, इससे इचौली कस्बावासी लखनऊ-जबलपुर चित्रकूट एक्सप्रेस की सुविधा से वंचित ही रहे। जबकि समय समय पर ग्रामीणों के द्वारा यात्री ट्रेन ठहराव के लिए डिविजनल रेलवे मेनेजर मांग की गई, लेकिन कस्बावासियों को सिर्फ आश्वासन मिला और कस्बावासी अपने आपको ठगा महसूस करने लगे। सौरभ मिश्रा ने बताया कि विगत दो वर्ष हो गए यहां से ट्रेन ठहराव को बंद किए हुए और रेलवे बोर्ड के अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। जबकि इस क्षेत्र में आवागमन के लिए सबसे महत्वपूर्ण सुविधा रेलवे ही है। रेलवे के उदासीन रवैया से लोग परेशान हो रहे हैं। आज इचौली रेलवे स्टेशन प्रबंधक के माध्यम से डी0आर0एम0 झांसी को ज्ञापन सौंपकर सूचना दी की ट्रेन की ठहराव अति आवश्यक है। इस ज्ञापन सौंपने के दौरान सौरभ मिश्रा एडवोकेट, महेश गुप्ता, ओमहरि साहू, सीरज पाल, के0बी0निरंजन, राजाराम रैकवार सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# कासगंज में हुए हादसे के मृतकों को कैंडिल जलाकर दी श्रद्धांजलि

▸ **समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह यादव की अगुवाई में चौधरी चन्दन सिंह महाविद्यालय में आयोजित हुई शोकसभा**

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**बीते दिवस** कासगंज में ट्रैक्टर ट्राली पलटने से हुए हादसे मे बच्चों समेत 24 लोगो की मौत पर गहरा दुःख जताते हुए समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिह यादव ने कार्यकर्ताओं के साथ शोक सभा आयोजित कर मृतकों की आत्मा की शांति हेतु कैण्डिल जलाकर ईश्वर से प्रार्थना कर श्रद्धाजंलि दी।




रविवार को चौधरी चंदन सिंह महाविद्यालय परिसर में पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव की अगुवाई में कासगंज जिले में सड़क दुर्घटना में 24 लोगों की मौत पर शोक जताते हुए मृत आत्माओ की शांति के लिए श्रद्धांजलि सभा आयोजित हुई। इस अवसर पर मौजूद लोगों ने कैण्डिल जलाकर शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस अवसर पर सपा नेता एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव ने बताया कि कासगंज जिले मे माघ पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालु ट्रैक्टर ट्राली से गंगा स्नान करने जा रहे थे, अचानक ट्रैक्टर ड्राईवर का वाहन से नियंत्रण खो गया जिसके कारण ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर तालाब में पलट गई। मौके पर ही 24 लोग काल के गाल में समा गए और कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हम सभी ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि मृतक आत्माओं को अपने चरणों में स्थान प्रदान करे। साथ ही हम सभी सरकार से मांग करते है कि प्रत्येक मृतक आश्रितों को कम से कम 10 लाख रुपए की आर्थिक मदद दी जाए। मौके पर विश्वनाथ कुशवाहा, सुरजीत यादव, सुरेन्द्र कुशवाहा, अमित मिश्रा, नीरज राजपूत, दीपू यादव, नंद कुमार, अजय वर्मा, धर्मवीर, दीपक यादव, रामवीर कठेरिया, मनीष कुशवाहा, गौतम कुशवाहा, वीरपाल सभासद, सौरभ शर्मा, अंशुल गौतम, विराट मौर्य आदि मौजूद रहे।

# मातृ शक्ति से बढ़कर कोई शक्ति नहीं: प्रिया शाक्य



**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़**

▸ **सरस्वती शिशु मंदिर में मातृ सम्मेलन का हुआ आयोजन**

**कस्वा में** सरस्वती शिशु मंदिर पर मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की माताओ को निमंत्रण दिया गया। निमंत्रण के बाद कार्यक्रम को भव्य रूप प्रदान किया गया और सैकड़ो माताएं विद्यालय के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पहुँची और अपने विचारों को छात्र छात्राओं के हित के लिए प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष महिला मोर्चा नेहा त्रिपाठी व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य के द्वारा किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने अपने संबोधन में कहा कि मातृ शक्ति से बढ़कर कोई शक्ति नही है। जो अपने बच्चों की शिक्षा व समाज को शिक्षित करने के लिए विशेष योगदान रखती है। दीप प्रज्वलित होने के बाद छात्राओं के द्वारा दीप प्रज्वलन गीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। फिर प्रत्येक बच्चों ने अपने कार्यक्रम को प्रस्तुत किया।कार्यक्रम के समापन पर बच्चो को उनके प्रोत्साहित करने के लिए पुरुस्कार वितरण किया गया। इस मौके पर प्रबंधक गिरिजेश पाठक, प्रधानाचार्य प्रताप नारायण मिश्र, रजनी पाल सहित समस्त शिक्षकगण रहे।

**वार्षिकोत्सव** — किड्जी श्री आरएस लाल देवकी ग्लोबल स्कूल का वार्षिकोत्सव 'उमंग'

# नन्हे-मुन्ने बच्चों की आकर्षक प्रस्तुतियों ने मोह लिया मन

▸ **विभिन्न प्रतियोगिताओं में जीते बच्चों को पुरस्कृत किया गया**

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**पूर्वी** बाईपास पर संत निरंकारी आश्रम के पास जीटी रोड के किनारे भव्य पंडाल में किड्जी श्री आरएस लाल देवकी ग्लोबल स्कूल के वार्षिकोत्सव ÷उमंग÷ कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों की आकर्षक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में जीते बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

मुख्य अतिथि सीबीएसई बोर्ड एसोसिएशन के उपाध्यक्ष डॉ उमाशंकर शर्मा, विशिष्ट अतिथि नई दिल्ली दरियागंज डायट के प्राचार्य डॉ रामकिशोर, केनरा बैंक क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ के वरिष्ठ अधिकारी अजय स्वरूप, किडजी प्रीस्कूल के चेयर पर्सन एवं भारत सरकार के पूर्व आर्थिक सलाहकार रिटायर्ड



आईएफएस आरएस कोली ने दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बच्चों ने नृत्य शैली में गणेश वंदना के बाद सामाजिक चेतना एवं राष्ट्रभक्ति से परिपूर्ण मनमोहक प्रस्तुतियां दी। प्रभु श्री राम एवं राधा कृष्ण की संगीतमय नृत्य नाटिकाओं ने सभी का मन मोह लिया। मां काली पर नाटक, जलियांवाला बाग के परिदृश्य में उधम सिंह, चार्ली चैपलिन, जूनियर केजी के बच्चों द्वारा प्रस्तुत लता मंगेशकर और मलखम्ब के करतब दिखा कर बच्चों ने समां बांध दिया। पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे व अन्य अतिथियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में जीते बच्चों को पुरस्कृत किया। कॉर्डिनेटर शुभम कमल व प्रधानाचार्य बरखा अवस्थी ने समस्त अतिथियों एवं अभिभावकों का स्वागत किया। प्रबंधक ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत कर अभिभावकों से निरंतर सहयोग की कामना की। तत्पश्चात राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में उप प्रधानाचार्य प्रतिमा शुक्ला, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अनूप कुमार





द्विवेदी सहित समस्त स्टाफ, प्रशिक्षक स्वयं सक्सेना, विमल प्रकाश, प्रबंध समिति की अध्यक्ष सविता कमल एवं समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे।

समृद्धि न्यूज़
लखनऊ, सोमवार, 26 फरवरी, 2024

मेजर एस.डी.सिंह पी.जी.आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल-फतेहगढ़









# ट्रैक्टर-ट्राली से हो रही दुर्घटनाओं के लिए जिम्मेदार कौन?

- कासगंज की घटना के बाद भी नहीं चेत रहा जिला प्रशासन
- सवारियों को भूसे की तरह भरकर फर्राटा भर रहे ट्रैक्टर ट्राली

कंपिल, समृद्धि न्यूज



ट्रैक्टर ट्राली से ढोयी जा रहीं सवारियां — समृद्धि न्यूज

**कासगंज जनपद** में गंगा स्नान करने गए श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्राली तालाब में गिर गई। परिणाम यह हुआ कि 24 लोगों की मौत हो गई। अक्टूबर 2022 में भी कानपुर जिले के घाटमपुर क्षेत्र में देवी दर्शन कर उन्नाव से लौट रहे 26 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। ट्राली पर 50 से ज्यादा लोग सवार थे। इन दुर्घटनाओं के बाद सबसे पहला प्रश्न यह उठता है कि आखिर इन घटनाओं के लिए जिम्मेदार कौन है ? ट्रैक्टर ट्राली पलटने से कासगंज में हुई दुर्घटना ने पूर्व में हो चुकी दुर्घटनाओं की याद ताजा कर दी। एक के बाद एक दर्दनाक हादसे हो रहे हैं। फिर भी लोग इनसे सबक नहीं ले रहे। हादसे के अगले दिन गंगा स्नान या अंतिम संस्कार में अटैनाघाट जाने वाले ग्रामीण ट्रैक्टर ट्रालियों में भरकर आते जाते रहे, लेकिन कोई भी प्रशासनिक अधिकारी या पुलिस ने रोकटोक करता नहीं दिखा। बीते वर्ष 4 अप्रैल 2023 को कायमगंज क्षेत्र में ट्रैक्टर ट्राली पलटने से 35 लोग घायल हो गए थे। वहीं 12 अप्रैल 2024 को शमशाबाद क्षेत्र में ट्रैक्टर ट्राली के पलटने से दो लोगों की मौत हो गई थी जबकि 31 लोग घायल हो गए थे। वहीं 21 जनवरी 2024 को नवाबगंज क्षेत्र में ट्रैक्टर ट्राली पलटने से दो लोगों की मौत हो गई थी।

## परिवहन विभाग के अस्पष्ट नियम ही दुर्घटना के लिए जिम्मेदार



फर्राटा भर रहे ओवरलोड वाहन — समृद्धि न्यूज

ट्रैक्टर ट्रालियों की दुर्घटना के लिए परिवहन विभाग के अस्पष्ट नियम यातायात पुलिस या वे लोग जिम्मेदार हैं जो ट्रैक्टर ट्रालियों पर भीड़ ठूंस देते हैं। कानपुर की दुर्घटना के बाद यह चर्चा बड़ी तेज चली कि ट्रैक्टर ट्रालियों में सवारियों को नहीं बैठने दिया जाएगा। सवारी के साथ पकड़े जाने पर दस हजार का जुर्माना भी भरना पड़ेगा। यह भी कहा गया है कि सरकार ने सख्त कदम उठाए हैं। अब ट्रालियों का पंजीकरण मात्र कृषि कार्य के लिए होगा। वाणिज्यिक पंजीकरण पर रोक लगा दी जाएगी। चार पहिया ट्रालियों का ही पंजीकरण होगा। दो पहिया ट्रालियों का न तो पंजीकरण होगा और ना ही निर्माण, लेकिन इन बातों को कार्य व्यवहार में कितना लाया गया। इसका अनुमान लगातार हो रही दुर्घटनाओं से लगाया जा सकता है।

कहना गलत नहीं होगा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क दुर्घटनाओं का एक बड़ा कारण अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्रालियां हैं। इनके चालक ज्यादातर अप्रशिक्षित होते हैं जो यातायात नियमों का पालन नहीं करते हैं। ट्रालियां केवल फसल और कृषि संबंधित अन्य सामान ले जाने के लिए होती है, लेकिन निर्माण के दौरान इनके आकार.प्रकार पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता। भारवहन क्षमता के अनुरूप एक्सल भी नहीं लगाए जाते है। इनमें न ही प्रकाश की व्यवस्था होती और न हीं पीछे रेडियम संकेतक लगे होते हैं। ट्रालियों मे किसी प्रकार के ब्रेक की व्यवस्था भी नहीं होती है। कासगंज की घटना के बाद भी हो सकता है कि प्रदेश में बड़े स्तर पर अभियान चलाया जाएगा। सवारियां ढोने या यातायात नियमों के उल्लंघन पर ट्रैक्टर ट्रालियों का चालान होगा, लेकिन पांच-दस दिनों के बाद सब पुराने ढर्रे पर आ जाएगा। जब तक ट्रालियों के संचालन को लेकर स्पष्ट कानून नहीं बनेगा या पुलिस यातायात मानकों के उल्लंघन पर कठोर कार्रवाई नहीं करेगी। इस तरह की दुर्घटनाओं पर अंकुश संभव नहीं होगा। इसके अलावा अन्य वाहन भी ओवरलोड भरकर चल रहे हैं। जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

## दबंगों ने रंजिशन बाइक सवार युवक को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज थाना अंतर्गत ग्राम खेड़ा सिरोली निवासी चंदन दीक्षित पुत्र अरविंद दीक्षित ने थाना पुलिस को लिखित तहरीर दी। जिसमें बताया दिनांक 25 फरवरी को हम फर्रुखाबाद से अपने घर प्रातः 7.30 बजे आ रहे थे। गांव से 1 किलोमीटर पीछे था, तभी मेरे ही गांव के आदित्य कुमार पुत्र रघुनंदन दीक्षित, मनोज कुमार दीक्षित, अभिषेक दीक्षित, अनुपम दीक्षित आदि दबंगों ने पुरानी रंजिश होने के कारण मेरी मोटरसाइकिल रोक ली। जब मैंने कहा आप मुझे क्यों रोक रहे हो, इसी बात को लेकर गाली-गलौज करने लगे। मैंने जब मना किया, तभी उक्त दबंगों ने मेरे साथ जमकर मारपीट की। जिससे उसके काफी चोटें। आई पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने को कहा।

## अराजकतत्वों ने तोड़ी गौतम बुद्ध व बाबा साहेब की प्रतिमायें

- सूचना मिलने पर क्षेत्राधिकारी व थानाध्यक्ष मौके पर पहुंचकर की जांच
- थानाध्यक्ष बोले अराजकतत्वों के खिलाफ दर्ज किया जायेगा मुकदमा

राजेपुर, समृद्धि न्यूज



गौतम बुद्ध का क्षतिग्रस्त हाथ व बाबा साहेब की टूटी उंगली दिखाता ग्रामीण



मौके पर जांच पड़ताल करते थानाध्यक्ष व तहसीलदार

अराजकतत्वों नें बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर व गौतम बुद्ध की प्रतिमाओं को क्षतिग्रस्त कर दिया। जानकारी होने पर मौके पर ग्रामीण एकत्रित हो गये और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पंहुची और जाँच पड़ताल की। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम उजराऊ में साल 1995 में सार्वजनिक चंदे की धनराशि से खलियान की भूमि पर डॉ0 भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा स्थापित की गयीं थी। बीती रात 12.30 बजे ग्रामीणों ने देखा की एक बाइक पर सवार होकर दो युवक आये और उन्होंने ईट से गौतम बुद्ध व बाबा साहेब की मूर्तियों को क्षतिग्रस्त कर दिया। होहल्ला होने पर आरोपी बाइक सवार शेराखार की तरफ फरार हो गये। जानकारी होने पर सीओ प्रदीप कुमार, थानाध्यक्ष कामिल खान, तहसीलदार कर्मवीर सिंह, लेखपाल उत्कर्ष दुबे आदि मौके पर पहुंचे। ग्रामीण श्रीपाल ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा कि एक बाइक पर सवार होकर दो लोग आये और प्रतिमा क्षतिग्रस्त कर फरार हो गये। थानाध्यक्ष कामिल खान ने बताया कि तहरीर मिल गयी है। मुकदमा दर्ज किया जायेगा।

## 72 घंटे बाद आग से फिर दहला तंबुओं का शहर मेला रामनगरिया

- दमकल की तीन गाड़ियों ने आग पर पाया काबू
- झोपड़ी के अंदर बैठे संत मनमोहन स्वरुप झुलसे

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



आग की विभीषिका का एक दृश्य — समृद्धि न्यूज

**बीते दिन** मेला रामनगरिया में हुए भीषण अग्निकांड के तांडव को लोग भूल भी नहीं पाये थे, कि एक बार पुनः मेला रामनगरिया में आग लगने से हाहाकार मच गया। झोपड़ी में बैठे बाबा मनमोहन स्वरुप झुलस गये। सूचना पाकर पहुंचीं फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। इस दौरान कल्पवासियों का झोपड़ी में रखा सामान जल गया।

जानकारी के अनुसार गंगा तट के पांचाल घाट पर आबाद तंबुओं के शहर मेला रामनगरिया 72 घंटे बाद एक बार फिर आग की लपटों से घिर गया। जिससे हाहाकार मच गया लोग इधर उधर भागने लगे। बताते हैं कि आग सीढ़ी नंबर पर छह पर बने संत मनमोहन स्वरूप की झोपड़ी से शुरु हुई। झोपड़ी में बैठे संत मनमोहन स्वरूप आग की चपेट में आने से झुलस गये। उन्हें लोगों ने झोपड़ी से खींचकर बाहर निकाला। आग पर काबू पाने के लिए आसपास के लोगों ने बालू व पानी डाला। वहीं सूचना के कुछ देर बाद फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंच गयीं और आग पर काबू पाया। धुएं का गुबार देख बड़ी संख्या में लोग व मेला संत समिति के अध्यक्ष सत्य गिरी महाराज भी मौके पर पहुंच गये। कल्पवासियों व संतों के जाने के बाद राउटियों के पुआल व अधजली लड़कियों को लोग इक्कठा कर रहे थे। शायद उसी से आग लगने की सम्भावना जतायी जा रही है।

## घर पर कब्जे को लेकर दबंगों ने की मारपीट, सात घायल

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** घर पर कब्जे को लेकर दबंगों ने घर में घुसकर लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। जिसमे एक ही पक्ष के सात लोग घायल हो गए। पुलिस के आने पर सभी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित पक्ष ने थाने पहुंच मामले की तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। क्षेत्र के गांव जेंदपुरा निवासी वीरेंद्र यादव ने दी तहरीर में बताया कि उनका पुस्तैनी घर गांव की आबादी में बना हुआ है। जिस पर उनका वारह वर्ष से कब्जा है। वीरेंद्र के अनुसार उनके बाबा मलिखान सिंह ने वह घर व कुछ जमीन दो वर्ष पूर्व उनके नाम कर दी थी। उनके बाबा की मृत्यु लगभग दो सप्ताह पूर्व हुयी है। जिसके बाद घर व जमीन पर कब्जे को लेकर जनपद कासगंज के कोतवाली सहावर के गांव चेके गुनार निवासी एक रिश्तेदार उनसे रंजिश मानने लगे। रविवार शाम उक्त रिश्तेदार पड़ोसी गांव व परिवार के कुछ लोगों चार अज्ञात साथियों के साथ उनके घर में घुस आए और घर खाली करने का दबाव बनाने लगे। विरोध करने पर लाठी डंडों फावड़ों से मारपीट शुरू कर दी। जिससे रघुवीर, धीरेंद्र, कामिनी, सोनी, बबली, रविंद्र व गुड्डी देवी गंभीर रूप से घायल हो गयी। ग्रामीणों ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी। पुलिस को आता देख हमलावर मौके से फरार हो गए। आरोप है कि सभी हमलवारों के हाथों में नाजायज असलहे थे। जिससे जान से मारने की धमकी भी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी कायमगंज भेज दिया। पीड़ित ने देर शाम थाने पहुंच मामले की तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हल्का इंचार्ज दारोगा शिव बहादुर सिंह ने बताया मामले की जांच की जा रही है।

### गृहकलह के चलते महिला ने खाया जहर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** गृह कलह से तंग आकर महिला ने जहरीला कीटनाशक पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर परिजनो ने उसे सीएचसी में लाकर भर्ती कराया। कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मऊरसीदाबाद निवासी मीना उम्र 30 वर्षीय पत्नी कन्हैया लाल ने किसी बात पर नाराज होकर कीटनाशक पी लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन मीना को सीएचसी मे लाकर भर्ती कराया। जहां उसका उपचार जारी है।

### मार्ग दुर्घटना में तीन घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम करीम नगर निवासी हेमराज उम्र 28 वर्षीय पुत्र भगवानदास मार्ग दुर्घटना में घायल हो गया। कम्पिल थाना क्षेत्र के गाँव दारापुर निवासी विपिन दुबे उम्र 35 वर्षीय पुत्र सुमित कुमार भी मार्ग दुर्घटना में घायल हो गया। वही जनपद एटा के थाना राजा का रामपुर क्षेत्र के ग्रम गढ़िया जगन्नाथ निवामी पवन कुमार उम्र 18 वर्षीय पुत्र राम सिंह भी मार्ग दुर्घटना में घायल हो गये तीनो। घायल को आसपास के लोगों की मदद से कायमगंज सीएचसी में लाकर भर्ती कराया गया।

### वृद्ध की हालत बिगड़ी, मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मेहन्दीबाग निवासी प्रकाश चन्द्र उम्र 75 वर्षीय पुत्र सियाराम की हालत बिगड़ने पर परिजन नगर के सीएचसी मे लेकर आये। जहां डाक्टर ने वृद्ध प्रकाश चन्द्र को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही परिजनो मे कोहराम मच गया।

## दि किसान सहकारी चीनी मिल में आयी तकनीकी खराबी, किसान हुए परेशान



चीनी मिल के बाहर पड़ा किसानों का गन्ना

कायमगंज, समृद्धि न्यूज

**दि किसान सहकारी** चीनी मिल में बीते दिन आयी तकनीकी खराबी से किसानों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। जिससे गन्ना लेकर आये किसान करीब आठ घंटे खड़े रहे।

जानकारी के अनुसार बीते दिन दि सहकारी चीनी मिल के रोलर की आयी गड़बड़ी के चलते मिल करीब 8-9 घंटे बंद रहा, जबकि किसान अपना गन्ना लेकर बराबर आते रहे और उन्हें काफी इंतजान करना पड़ा। कई किसान तो अपना गन्ना पलटकर चले गये। जब इस संबंध में दि सहकारी चीनी मिल के जीएम कुलदीप सिंह से फोन पर बात की गयी, तो उनका कहना था कि बीते दिन चीनी मिल के रोलर में खराबी आ गयी थी। जिसके चलते चीनी मिल को करीब 8 घंटे के लिए बंद कर दिया गया था। अब चीनी मिल पूरी तरह से ठीक है और किसानों का बराबार गन्ना लिया जा रहा है। वहीं गन्ना लेकर आने वाले किसानों ने आरोप लगाया कि चीनी मिल में सुलभ शौचालय व पानी आदि की कोई व्यवस्था नहीं है। जिससे दूरदराज से गन्ना लेकर आने वाले किसानों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## न्यायमूर्ति ने न्यायिक अधिकारियों के आवास का किया लोकार्पण



आवासों का लोकार्पण करते प्रशासनिक न्यायमूर्ति व मौजूद न्यायिक अधिकारी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

**प्रशासनिक** न्यायमूर्ति डॉ0 योगेन्द्र कुमार श्रीवास्तव उच्च न्यायालय इलाहाबाद रविवार को जनपद पहुंचे। प्रशासनिक न्यायमूर्ति ने बरगदियाघाट ने फतेहगढ़ न्यायिक अधिकारी के आठ आवास जिसमे प्रत्येक में पांच पांच कक्ष हैं का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। जिसका न्यायमूर्ति डॉ0 योगेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने वैदिक मंत्रों के साथ लोकार्पण किया। इस दौरान जिलाधिकारी वी0के0 सिंह, जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विनय कुमार सिंह, अपर जिला जज प्रथम विष्णु चंद्र वैश्य, अपर जिला जज महेंद्र सिंह, अपर जिला जज राकेश कुमार सिंह, अपर जिला जज कृष्ण कुमार सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट घनश्याम शुक्ला व अन्य न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे। जिला बार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष जवाहर सिंह गंगवार, जिला बार एसोसिएशन के सचिव नरेश सिंह यादव, अधिवक्ता संघ के सचिव राजेश कुमार अग्निहोत्री व न्यायिक कर्मचारी मौजूद रहे।

### दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ ने की शिष्टाचार मुलाकात



प्रशासनिक न्यायमूर्ति से शिष्टाचार मुलाकात करते कर्मचारी

**फर्रुखाबाद।** प्रशासनिक न्यायामूर्ति डॉ0 योगेन्द्र कुमार श्रीवास्तव उच्च न्यायालय इलाहाबाद के जनपद आगमन पर उत्तर प्रदेश दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ शाखा फर्रुखाबाद के अध्यक्ष ऋषि यादव के नेतृत्व में कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मण्डल ने अयोध्या श्रीराम मंदिर का स्मृति चिन्ह भेंट कर शिष्टाचार मुलाकात की। प्रशासनिक न्यायमूर्ति ने सबका परिचय लिया। इस अवसर पर सचिव दिनेश गुप्ता, संगठन सचिव शिवम साहू आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्रतिबंधित क्षेत्र में स्नान करना युवक को पड़ा महंगा, पुलिसकर्मियों ने पीटा



युवकों को पकड़कर ले जाती पुलिस

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज

- पिटाई का वीडियो हुआ वायरल

**ढाईघाट शमशाबाद** गंगा नदी जहां एक श्रद्धालु को गंगा स्नान करना उस वक्त महंगा पड़ गया जब श्रद्धालु स्नान करते-करते वह खतरे के निशान को पार कर गया। खतरे को देख गोताखोर द्वारा बैरकेटिंग के निकट जाने से रोका गया साथ ही सूचना मेला प्रशासन को दी। सूचना पर मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियो ने स्नानार्थी को निकलवा कर अभद्र व्यवहार करते हुए डंडों से जमकर पिटाई की। मालूम रहे माघ पूर्णिमा पर्व पर गंगा स्नान कार्यक्रम संपन्न होने के बाद अधिकांश श्रद्धालु साधु संत तथा कल्पवासी झुग्गी झोपड़ी आदि समेटकर अपने अपने वाहनों से रवाना हो चुके है। कुछ ठहरे हुए हैं जो शायद आजकल में जाएंगे। बताया गया है गंगा गंगा स्नान को लेकर दो श्रद्धालु अपने-अपने वाहनों से ढाईघाट पहुंचे। कपड़े उतारे जाने के बाद प्रतिबंधित स्थल पर स्नान करने लगे। स्नान के दौरान एक श्रद्धालु प्रतिबंधित क्षेत्र में पहुंच गया। यह नजारा गोताखोर चीखने चिल्लाने लगा। सूचना मेला प्रशासन को दी गयी। सूचना के बाद आक्रोशित पुलिसकर्मियों ने श्रद्धालु को बाहर निकलने को कहा। जब श्रद्धालु बाहर आया तो उसके साथ अभद्र व्यवहार करते हुए जमकर मारपीट की गई। यहां तक की पिटाई करते हुए थाने ले जाया गया। स्थानीय लोगों में चर्चाएं हैं पुलिस कर्मियों की पिटाई से श्रद्धालु घायल हो गया। स्नानार्थी कहां के निवासी थे यह तो पता नहीं चल सका, लेकिन इतना जरूर जिस वक्त पुलिसकर्मियों द्वारा युवक को डंडों से पीटा जा रहा था उस वक्त किसी व्यक्ति द्वारा वीडियो बनाया गया। देखते ही देखते वीडियो वायरल हो गया। बताते हैं पुलिस कर्मियों द्वारा श्रद्धालु के साथ की गई मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद मामले को उच्च अधिकारियों ने संज्ञान में लिया।

घोटाला — ग्रामीणों ने प्रशासनिक अधिकारियों से भ्रष्ट अधिकारियों पर कार्रवाई की उठायी मांग

## एपीओ की शह पर बेला सराय गजा में हो रहा मनरेगा में घोटाला



कुछ इस तरह हो रहा तालाब का निर्माण — समृद्धि न्यूज



चकरोड पर फर्जी तरीके से दिखवाया जा रहा काम

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज

**विकास खंड** शमसाबाद क्षेत्र के ग्राम बेला सराय गजा में मनरेगा के तहत एक अमृत सरोवर तालाब का निर्माण कार्य पिछले 17 फरवरी से प्रतिदिन 24 मनरेगा मजदूर कार्य करते हुए कागजों में दर्शाया जा रहा है। वहीं इसी ग्राम पंचायत में डामर रोड से रमेश के खेत व फरीदपुर सीमा तक चक रोड पर मिट्टी कार्य होना दर्शाया जा रहा है, लेकिन मौके पर कोई भी मजदूर कार्य करते हुए नहीं मिला तथा चकरोड पर घास उगी हुई नजर आ रही है। जिसमें सबसे पहले 13 जनवरी से 26 जनवरी तक, 28 जनवरी से 10 फरवरी व 17 फरवरी से 25 फरवरी तक 1480 मज़दूर कागजों में कार्य कर चुके हैं, जबकि धरातल पर थोड़ा बहुत कार्य कर खानापूरी की गई है। जिससे यह प्रतीत होता है ग्राम पंचायत बेला सराय गजा में भ्रष्टाचार अपनी चरम सीमा पर है। जो हकीकत को दरकिनार कर कागजों तक सीमित कर दिया गया है। इस बात का खुलासा तब हुआ जब मौके पर पहुंचकर देखा गया, तो यहां तालाब व चकरोड पर जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। जिसमें एपीओ से लेकर रोजगार सेवक तक संलिप्त नजर आ रहे हैं तथा भ्रष्टाचार में आंख मूंदकर भ्रष्टाचारियों का साथ दे रहे हैं। वहीं ग्रामीणों ने यह भी बताया विकास कार्यो के नाम पर या फिर यूं कहें लगभग अधिकांश कार्य सिर्फ कागजों तक ही सीमित है। ग्रामीणों के अनुसार जमीनी हकीकत इससे कोसों दूर है। ग्रामीणों का कहना था अगर प्रशासन द्वारा गहनता से जांच कराई जाए तो भ्रष्टाचारियों की सारी सच्चाई सामने आ सकती है। देखना है जिला प्रशासन अमृत सरोवर निर्माण व चकरोड पर हुए घोटाले के नाम पर जारी भ्रष्टाचार के प्रति क्या कार्रवाई करता है ये तो आने वाला वक्त ही बताएगा। वहीं जब इस संबंध में एपीओ कुलदीप यादव से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि पहले कार्य हुआ था, हो सकता है कि प्रधान द्वारा अब हाजिरी लगाई जा रही हो।

# तीन दिवसीय दिव्यांग शिविर का हुआ समापन

- दूर दराज से आये दिव्यांगों को वितरित किये गये उपकरण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**त्रिदिवसीय एसएन** साध ट्रस्ट के सौजन्य में दिव्यांग शिविर अपने अंतिम दिन दिव्यांगों को उपकरण वितरित किये गये। बड़ी संख्या में आसपास जनपदों से आये दिव्यांगों ने अपना पंजीकरण कराया और उपकरण प्राप्त किये। हरदोई, मैनपुरी, अलीगंज, एटा से मरीज आये और बिना भेदभाव के साथ आम जन मानस व तीमारदारों को निःशुल्क सेवायें दी गई। साथ ही भोजन आदि के पैकेट वितरित किये गये। शिविर की संयोजक समाजसेवी डॉ0 रजनी सरीन और ट्रस्ट के प्रमुख राकेश साध व चमकेश साध ने महत्वपूर्ण जानकारी देते हुऐ कहा कि अगला शिविर सितम्बर 2024 में लगाया जाएगा। इसी के साथ शिविर में आए भगवान महावीर दिव्यांग सेवा समिति के सभी विशेषज्ञ, डाक्टर्स ने अपनी सेवायें दी। दिल्ली से आयी मधु साध, रंजना साध, प्रिया साध, रितेश साध, राहुल साध ने व्यवस्था देखी। भगवान महावीर दिव्यांग सहायता समिति से 6 विशेषज्ञ सुमित, गणेश, संजय, चंद्रशेखर, विनोद, हरीश द्वारा अपनी सेवाए प्रदान की गई। शिविर में स्पेशलिस्ट डॉ0 शिखर सक्सेना व उनकी टीम ने मरीजो का परीक्षण कर उनको दवाइयां व कान की मशीन निःशुल्क दी। शिविर में 130 लोगों का पंजीकरण किया गया। जिसमें कृत्रिम हाथ 4, व्हीलचेयर 9, छड़ी 16, कैलिपर 18, कृतिम पैर 14, वैशाखी 18, वॉकर 9, जूते 28, कान की मशीन 45 वितरित की गई। इस अवसर पर रोहित गर्ग, उदय पाल, सुजीत श्रीवास्तव, शीश मेहरोत्रा, विजय, आकाश सिंह, राहुल कश्यप, प्रभात पाण्डे, रजत बाथम, नरेश, सत्यनारायण, रॉबिन साध, शेखर, संजय गर्ग आदि लोग मौजूद लोग रहे।



उपकरण प्राप्त करते दिव्यांग — समृद्धि न्यूज

# फतेहगढ़ मण्डल के कार्यकर्ताओं ने सुनी मोदी के मन की बात



टीवी पर मन की बात सुनते भाजपाई — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**भाजपा फतेहगण** मण्डल की सेक्टर की बैठक बूथ नम्बर 58 सातनपुर में हुई। साथ ही बूथ नम्बर 58 पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 110वें एपिसोड मन की बात कार्यक्रम को कार्यकर्ताओं ने पूरे मन योग से सुना। मण्डल उपाध्यक्ष मनोज राजपूत ने कार्यक्रम मन की बात में अपने सहयोगियों के साथ सुना। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि मोदी के आदर्शों पर चलें। जिसका सभी ने संकल्प लिया। इस अवसर पर योगेंद्र राजपूत, बूथ अध्यक्ष नरेंद्र प्रताप सक्सेना, जीतेन्द्र शाक्य, चंदन शाक्य, राम नरेश सक्सेना, राहुल राजपूत, प्रवेश सक्सेना, बंटी राजपूत आदि कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

# बाबा नीमकरोरी महाराज की धूमधाम से निकाली गई निशान यात्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**बाबा श्री** नीम करोरी महाराज का तृतीय ध्वजपद यात्रा नगर में धूमधाम से निकाली गई। गाजे-बाजे के साथ भक्तगण हाथों में निशान लेकर चल रहे थे। नितगंजा स्थित शिव मंदिर से निशान यात्रा शुरु होकर घुमना होते हुए चौक, रेलवे रोड से पाण्डेश्वरनाथ मंदिर, रेलवे स्टेशन, जसमई दरवाजा, नीम करोरी धाम मोहम्मदाबाद के लिए प्रस्थान की। जगह-जगह निशान यात्रा का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। नेहरु रोड पर व्यापारी नेता संजय गर्ग ने पुष्प वर्षा कर ध्वज पद यात्रा का स्वागत किया। बड़ी संख्या में भक्त नाचते-गाते हुए निशान यात्रा में शामिल हुए। नीम करोरी स्थित बाबा नीम करोरी धाम पहुंचकर भक्तों ने पूजा अर्चना की। इस मौके पर बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।



निशान यात्रा में शामिल भक्तगण — समृद्धि न्यूज

## मधुमक्खियों के हमले से वृद्ध घायल



**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** मधुमक्खियों के हमले से वृद्ध घायल हो गया। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसासर शमसावाद थाना क्षेत्र के ग्राम खुड़नावैध निवासी राम प्रकाश उम्र 83 वर्ष पुत्र जौहरीलाल गंगवार नाती ओम पुत्र हरेन्द्र को साथ लेकर खेत पर जा रहा था। रास्ते में अचानक मधुमक्खियों के झुन्ड ने आकर राम प्रकाश व ओम को के ऊपर हमला बोल दिया। जिससे दोनों घायल हो गये। घायलों को परिजन कायमगंज सीएचसी लेकर पहुंचे।जहॉ डाक्टर अमित कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर राम प्रकाश को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

# बैठक में अवकाश प्राप्त शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण पर हुई चर्चा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**अवकाश** प्राप्त माध्यमिक शिक्षक कल्याण एसोसिएशन की जिला स्तरीय बैठक सरस्वती शिशु मंदिर सेनापति में सम्पन्न हुई। समस्याओं का निराकरण पर बैठक में चिंतन किया गया। साथ ही जिला सम्मेलन एवं प्रांतीय अधिवेशन की सफलता पर विचार विमर्श किया गया। अध्यक्षता करते हुए राममुरारी शुक्ला ने कहा कि सेवानिवृत्त शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण के प्रति सरकार उपेक्षा पूर्ण व्यवहार कर रही है। मुन्नू सिंह तोमर ने कहा कि माध्यमिक शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को राज्य कर्मचारियों की भांति कैशलेस मेडिकल सुविधा की मांग की। जगदीश चन्द्र कटियार ने वरिष्ठ नागरिकों को मिलने वाली रेलवे सुविधा की मांग की। संचालन करते हुए बृजकिशोर सिंह किशोर ने कहा कि रेलवे व बसों में वरिष्ठ नागरिकों को मिलने वाली छूट के प्रति सरकार के प्रति नीति बनाने की बात होनी चाहिए। सर्वसम्मति से आलोक शंकर दुबे को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। इस अवसर पर ज्योति स्वरुप अग्निहोत्री, अहिवरन सिंह, गिरीश चन्द्र बाथम, कमलेश कुमार द्विवेदी, चन्द्रप्रकाश शर्मा, शीलचन्द्र पाण्डेय, परमेश्वर दीन वर्मा, देवेन्द्र सिंह गौर, श्रवण कुमार पाण्डेय आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### किशोरी को भगा ले गया गांव का ही युवक, दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज थाना अंतर्गत ग्राम बसंतपुर निवासी एक महिला ने थाना पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताया दिनांक 24 व 25 को 1.09 बजे मेरे मोबाइल पर दो नंबरों से कॉल आई। जिनके नंबर क्रमशः 7518371029 एवं 63888120 71 है। दोनों नंबरों से बारी-बारी दो कालें आई। फोन तको मेरी पुत्री ने रिसीव किया। यह फोन नंबर मेरे ही गांव के बलराम पुत्र राम बहादुर के हैं। जब रात में हम जागे, तो मैंने देखा मेरी पुत्री उम्र 13 वर्ष चारपाई पर नहीं है। इसके बाद मैं अपने पति को जगाया। जब मेरे पति ने अपना फोन देखा तो पता चला मेरे ही गांव का एक लड़के का बारी-बारी से दो बार फोन आया और मेरी पुत्री गायब थी। इसके बाद हमने काफी खोज भी की, लेकिन कोई अतापता नहीं चला। मुझे गांव के ही बलराम पर मेरी पुत्री को भगा ले का पूरा शक है। पुलिस ने पीड़िता को जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

### दो का शांतिभंग में चालान

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव तेरा अकबरपुर निवासी विद्याराम व सतीश को रविवार सुबह थाना पुलिस ने मारपीट के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। दोनों को थाने लाकर दोपहर बाद आरोपियों का शांतिभंग में चालान कर दिया। बताया गया कि दोनों के बीच जमीन बंटवारे को लेकर विवाद हुआ था।

### मौदहा के गांव पढ़ोरी में लाखों की चोरी

**मौदहा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव पढ़ोरी में स्थित पुलिस चौकी से कुछ कदम दूर स्थित एक दुकान का सटर तोड़ कर अज्ञात चोरों ने लाखों की नगदी एवं मोबाइल सहित दुकान का अन्य चोरी कर लिया है। पीड़ित दुकानदार ने घटना की शिकायत पुलिस में की है। गांव के रामचंद्र गुप्ता पुत्र विद्यासागर ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि बीती 24/25 की रात वह अपनी दुकान का सटर बंदकर खाना-पीना करके परिवार सहित सो रहा था तभी अज्ञात चोरों ने दुकान का शटर तोड़ कर वहां रखा दो लाख रुपए नकद एवं दो मोबाइल फोन तथा सिगरेट व गुटखा के पैकेट चोरी कर ले गए हैं। पीड़ित ने बताया है कि वह बैंकों की फ्रेंचाइजी का काम करता है जिसके चलते चोरी गये मोबाइलों में तमाम महत्वपूर्ण जानकारियां भी चली गयी हैं। नहीं गांव में बनी पुलिस चौकी से कुछ ही दूरी पर स्थित इस दूकान पर शटर तोड़ कर हुई चोरी से कहीं न कहीं चौकी पुलिस की ड्यूटी पर ग्रामीणों के द्वारा तमाम तरह के सवाल उठाए जा रहे हैं।

### अपने जिंदा होने की गवाही दे रही कागजात में मृत महिला

**राठ।** सिकंदरपुरा की निवासी महिला को राजस्व कर्मचारियों ने सत्यापन के दौरान मृत घोषित कर दिया। कर्मचारियों के द्वारा महिला को मृत घोषित करने से उसके भरण पोषण का एकमात्र सहारा उसकी वृद्धावस्था पेंशन भी बंद हो गई। जिसके बाद पीड़ित महिला ने प्रशासनिक अधिकारियों के सम्मुख उपस्थित होकर अपने आप को जिंदा दर्शाए जाने की गुहार लगाते हुए अपनी वृद्धावस्था पेंशन को चालू कराए जाने की मांग की है। राठ कस्बे के सिकंदरपुरा इलाके की निवासी वृद्ध महिला जमुनिया पत्नी स्वर्गीय भगवान दास ने बताया कि बीते कई वर्षों से उसे वृद्धावस्था पेंशन प्राप्त हो रही थी लेकिन बीते कुछ महीनो से उसकी पेंशन आना अचानक अपने आप बंद हो गई बताया कि लापरवाह राजस्व कर्मचारियों ने सत्यापन करने के नाम पर उसे मृत दिखा दिया है जबकि वह जिंदा है।

### संत निरंकारी मंडल शाखा द्वारा यमुना तटबंध पर सफाई अभियान चलाया गया

**हमीरपुर।** संत निरंकारी मंडल शाखा हमीरपुर द्वारा यमुना नदी के तट क्षेत्र में साफ सफाई अभियान चलाया गया। जिसके तहत प्रातः 7ः00 बजे से दोपहर 12ः00 बजे तक यमुना तटबंध सहित सीढ़ियों व स्नान घाट की पूर्ण साफ सफाई की गई। संत निरंकारी मंडल के जिला संयोजक क्रांति कुमार निरंकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' के आदर्श वाक्य से प्रेरणा लेते हुए यह परियोजना हमीरपुर सहित भारतवर्ष के लगभग 1500 से भी अधिक स्थानों के 900 शहरों के 27 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में एक साथ आयोजित की गई। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जल निकायों को संरक्षित करने में जनमानस को जागृत करना है। ताकि आने वाली पीढ़ियों को एक स्वस्थ भविष्य दिया जा सके। इस अभियान को 'आओ संवारें, यमुना किनारे' के नारे द्वारा विस्तृत किया जा रहा है जिसमें निरंकारी मिशन के श्रद्धालु भक्त व सेवादल की बहन व भाई मौजूद रहे। परियोजना का मुख्य उद्देश्य 'जल संरक्षण' तथा इसके बचाव के लिए अपनाई जाने वाली विभिन्न गतिविधियों की योजना बनाना एवं उन्हें क्रियान्वित रूप देना है। इस परियोजना का मुख्य बिंदु जल निकायों की स्वच्छता एवं स्थानीय जनता के बीच 'जागरूकता अभियान' के माध्यम से उन्हें प्रोत्साहित करना है।

# तीस लीटर कच्ची शराब सहित युवक गिरफ्तार



पुलिस हिरासत में आरोपी — समृद्धि न्यूज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने क्षेत्र में छापेमारी कर एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को शराब भट्ठी मय उपकरण व करीब 30 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। खुदागंज चौकी प्रभारी दीपक भाटी ने शनिवार शाम गश्त के दौरान रजीपुर में सोनू के घर से महरुपुर रावी निवासी अभय गिहार को 30 लीटर शराब व बनाने के उपकरण सहित गिरफ्तार कर लिया। थाने लाकर दरोगा ने आरोपी अभय व सोनू के खिलाफमुकदमा दर्ज कराया। रविवार को अभय का चालान कर न्यायालय में भेज दिया।

# नशेड़ी सिपाही ने फार्मासिस्ट को पीटा, वीडियो हुआ वायरल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**मरीज को** भर्ती कराने को लेकर सिपाही ने सीएचसी के फार्मासिस्ट के साथ जमकर मारपीट की। साथ ही फार्मासिस्ट पर मुकदमा दर्ज कराने की धमकी दी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र री बवना चौकी में तैनात सिपाही मनोज कुमार नशे की हालत में कार से एक मरीज को लेकर सीएचसी पहुंचा। सिपाही मनोज कुमार फार्मासिस्ट पर कार से मरीज उठाकर अस्पताल में ले जाने का दबाव बना रहा था। जिस पर फार्मासिस्ट ने वार्डब्याय को बुलाकर मरीज को अंदर ले जाने का सिपाही से आग्रह किया। इस पर सिपाही भड़क गया और फार्मासिस्ट का कॉलर पकड़कर उसके साथ मारपीट करने लगा। इतना ही नहीं उसने फार्मासिस्ट पर मुकदमा दर्ज कराने की बात कही। इसका किसी ने वीडिया बना लिया। जिसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। बताते हैं कि सिपाही मनोज सादा वर्दी में था और नशे में था। वहीं घबराये फार्मासिस्ट ने कहा उसने घटन के संबंध में अपने उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। अब देखना है कि पुलिस इस मामले में क्या करती है। जब कानून ही कानून को अपने हाथ में लेगा, तो आम लोगों का क्या होगा।



कार में लेटा मरीज व मौके पर मौजूद सादी वर्दी में सिपाही — समृद्धि न्यूज

# युवक को गोली मारने के मामले में पुलिस ने एक को दबोचा

- बीते दिन दोस्त की जन्मदिन की पार्टी में शामिल होने गया था
- हायर सेंटर सैफई में चल रहा है घायल का उपचार

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**

**बीते दिन** दोस्त की जन्मदिन पार्टी से लौट रहे युवक के संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लग गयी थी। पुलिस ने घटना संलिप्त एक युवक को गिरफ्तार कर उससे 315 बोर का तमंचा बरामदज कर लिया है। युवक का हायर सेंटर सैफई में उपचार चल रहा है। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम प्रेम नगर निवासी सोनू कोरी उम्र 23 वर्षीय पुत्र रिषीपाल कोरी जौहरी मेडीकल गंगा दरवाजा पर नौकरी करता है। वही बीती रात्रि अभियान्श पुत्र संजय ठाकुर निवासी कूँचा गंगा दरवाजा के जन्म दिन पर लगभग 9 बजे गया था। रात्रि 10 बजे केक काटने के बाद जन्मदिन की पार्टी चल रही थी। सोनू खाना खाकर ऊपर छत से नीचे आया और अपने घर जाने के लिए निकल। जैसे ही वह चन्द कदम चला, तभी सोनू के सदिग्ध परिस्थितियों में पेट में गोली लग गई। गोली की आवाज सुनकर संजय के परिजन सहित साथी घायल अवस्था में मोटर साइकिलों से सोनू को सीएचसी लेकर पहुँचे। जहाँ डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर सोनू को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। लोहिया से प्राथमिक उपचार के बाद सैफई के लिए रेफर कर दिया। सैफई में उसका उपचार जारी है। पुलिस ने इस मामले में कई लोगों को उठाया था। पुलिस सूत्रों के अनुसार घटना में संलिप्तता के चलते पुलिस ने आशू पुत्र अवध बिहारी उर्फ पिन्टू कोरी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से घटना से कुछ दूरी पर ट्यूबवेल के पास से तमंचा को बरामद किया है।



सैफई में चल रहा युवक का उपचार

# धूमधाम से मना सिटी मॉन्टेसरी कॉन्वेंट स्कूल का वार्षिकोत्सव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सिटी मॉन्टेसरी कॉन्वेंट स्कूल में वार्षिक कार्यक्रम का आयोजन धूमधाम से किया गया। विद्यालय के बच्चो ने अपनी-अपनी कलाओं का प्रदर्शन किया। जिसमें सांस्कृतिक कव्वाली, नाटक आदि कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया गया। बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम देख लोग तालियों बचाने को मजबूर हुए। इस दौरान बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। जिसमें रामानंद बालक के प्रधानाचार्य डॉक्टर रगुवेंद्र कुमार सिंह रघुवंश, रामानंद बालिका की प्रधानाचार्या रीता दुबे के अलावा रामानंद इंटर कॉलेज के प्रबंधक विनीत अग्निहोत्री शामिल है। इस मौके पर रामानंद बालक के कृषि प्रवक्ता जितेंद्र यादव एवमं सिटी मॉन्टेसरी कॉन्वेंट स्कूल की प्रबंधक शिखा अग्निहोत्री, प्रधानाचार्य सुशील अग्निहोत्री शामिल रहे। कार्यक्रम का आयोजक निशांत त्रिवेदी, राजीव तिवारी, मोहन मिश्रा द्वारा किया गया। इस मौके प्रधानाचार्य ने सिटी मॉन्टेसरी कॉन्वेंट स्कूल की उपलब्धियां बतायी। उन्होंने कहा कि हमारा स्कूल दिनोंदिन ऊंचाइयों को छू रहा है।




प्रमाण पत्र के साथ बच्चे — समृद्धि न्यूज

# सर्वेश अम्बेडकर ने डॉ. नबल किशोर के पक्ष में दलित वोट में लगायी सेंध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी से फर्रुखाबाद लोकसभा प्रत्याशी डॉ. नवल किशोर शाक्य के समर्थन में विधानसभा कायमगंज में दलित समाज की बैठक संपन्न हुई। बैठक के आयोजक सर्वेश अंबेडकर ने कहा कि भारत के संविधान को और लोकतंत्र को बचाने के लिए 2024 का चुनाव आखिरी मौका है। इसलिए हम सभी दलित समाज के भाइयों की ज्यादा जिम्मेदारी बनती है कि वह एकजुट होकर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी डॉ. नवल किशोर शाक्य के पक्ष में खुलकर मतदान करें और इंडिया गठबंधन को मजबूत बनाएं। कार्यक्रम में लोकसभा फर्रुखाबाद प्रत्याशी की पत्नी प्रियंका शाक्य एवं पूर्व विधायक प्रताप सिंह यादव, विधानसभा अध्यक्ष सोमेंद्र के अलावा दलित समाज के नेतागण मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में चुनाव प्रचार में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।



बैठक के दौरान मौजूद सर्वेश अम्बेडकर व अन्य सपा नेता

# आचार्य विद्या सागर की विनयांजलि पर उनके अनुयायियों ने किया याद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**आचार्य विद्या** सागर की विनयांजलि जैन समाज द्वारा जैन मंदिर में मनायी गई। बड़ी संख्या में अनुयायियों ने पहुंचकर उन्हे याद किया। आचार्य विद्या सागर का जन्म 10 अक्टूबर 1946 को विद्याधर के रुप से कर्नाटक के बेल गांव जिले के सदलगो में शरदपूर्णिमा के दिन हुआ था। उनके पिता भलल्प्पा थे। बाद में मुनि माल्ले सागर बने। उनकी माता क्षीमती थी। बाद में आर्यका का समयमती माता बनी। 30 जून 1968 में अजमेर में 22 वर्ष की आयु में ज्ञान सागर ने दीक्षा दी। आचार्य शांति सागर शिष्य थे। विद्या सागर को 22 नवम्बर को 1972 में ज्ञान सागर के बड़े भाई अभिमुनि उत्कृष्ट सागर है। सभी घर के लोग सन्यास ले चुके है। अनन्तनाथ और शांतिनाथ ने आचार्य विद्या सागर से दीक्षा ग्रहण की और मुनी योग सागर व समय सागर भी कहलाये। विद्या सागर संस्कृत, प्रकट साहित्य विभिन्न आधुनिक भाषाओ हिन्दी, मराठी, कनन्ड में विशेष ज्ञान रखते है। 100 से अधिक शोधार्तियों ने उनके कार्यों का मास्टर्स और डाक्ट्रेट के लिए अध्यन किया। उन्होंने मुक्ति माटि की भी रचना की। आजीवन चीनी, नमक का त्याग, चटाई का त्याग, हरी सब्जी का त्याग, अंग्रेजी औषधियों का त्याग, सीमित ग्रास भोजन अंजुली जल 24 घंटे में एक बार 365 दिन लेते है। एक करवट में सैन्य बिना चादर, तकिये, गद्दे का त्याग कर खुले मैदानों में रहे। नदियों और पहाड़ों के बीच साधना की। साधना का प्रसार-प्रचार से दूर मुनि दीक्षायें पीढ़ी परिवर्तन का उदाहरण है। हजारों गांव की रक्षा के साथ गौशालायें बनायी। हजारों बालिकाओं को सांस्कृतिक आधुनिक स्कूल, कठिन जीवन के बावजूद भी लोगों को सुख शांति का संदेश दिया। उन्हें याद कर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में वक्ताओं ने विचार रखे। डा0 शिवओम अम्बर, सुरेन्द्र सफ्फड़, कन्हैया लाल जैन सहित बड़ी संख्या में महिलायें भी मौजूद रही।



कार्यक्रम में मौजूद महिलायें — समृद्धि न्यूज



# सिग्नेचर ब्रिज मोदी की गारंटी का उदाहरण

## प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात के द्वारका में किया विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास

एजेंसी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को गुजरात के द्वारका में विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने ओखा से बेट द्वारका को जोड़ने वाले और द्वारकाधीश मंदिर के दर्शन को आसान बनाने वाले सिग्नेचर ब्रिज और व्यू गैलरी का उद्घाटन किया।

यहां आयोजित कार्यक्रम में सिग्नेचर ब्रिज को प्रधानमंत्री ने 'मोदी की गारंटी' का एक उदाहरण बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने तत्कालीन कांग्रेस सरकार के सामने पुल का प्रस्ताव रखा था। उनके अनुरोधों पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। आज सुदर्शन सेतु का निर्माण उनके ही हाथों होना तय था। उन्होंने कहा, जिसका सपना देखा, जिसकी आधारशिला रखी उसको पूरा किया। यही ईश्वर रूपी जनता-जनार्दन का सेवक 'मोदी की गारंटी' है। जब मैंने देशवासियों को नए भारत की गारंटी दी थी तो ये विपक्ष के लोग उसकी भी मजाक उड़ाते थे। आज देखिए... लोग नया भारत बनते हुए अपनी आंखों से देख रहे हैं। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि लंबे समय तक भारत पर शासन करने वालों में इच्छाशक्ति नहीं थी और न ही उनकी मंशा आम नागरिकों को सुविधाएं देने की थी। उन्होंने एक परिवार की सेवा करने में अपनी सारी ऊर्जा बर्बाद कर दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों का ध्यान केवल पांच साल तक सरकार चलाने पर केंद्रित होता था और अपने भ्रष्टाचार को छिपाने में वे सारी ऊर्जा बर्बाद कर देते थे। इसी कारण भारत दुनिया की 11वीं बड़ी अर्थव्यवस्था ही बन पाया। 2014 में जनता ने आशीर्वाद देकर उन्हें दिल्ली भेजा था। तब उन्होंने वादा किया था कि देश को लूटने नहीं देंगे।

### प्रधानमंत्री ने श्रीद्वारकाधीश मंदिर में किए दर्शन



**द्वारका।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को द्वारका में भगवान श्री द्वारकाधीश के मंदिर में भक्तिभाव और श्रद्धापूर्वक दर्शन कर पूजा अर्चना किया। प्रधानमंत्री मोदी शारदा पीठ भी गए और शारदा पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज का आशीर्वाद लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वागत के लिए श्री द्वारकाधीश के मंदिर को फूलों से सजाया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने द्वारकाधीश मंदिर पहुंचकर भगवान श्रीद्वारकाधीश के दर्शन किए। द्वारकाधीश मंदिर के पुजारी ने शास्त्रोक्त विधिपूर्वक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से पादुका पूजन कराया। यहां के बाद प्रधानमंत्री शारदा पीठ भी गए और शारदा पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज का आशीर्वाद लिया। शारदा पीठ में प्रधानमंत्री का स्वागत किया गया। इसके बाद मोदी पवित्र गोमती नदी के घाट पर पहुंचे और वहां उन्होंने सुदामा सेतु का भी दौरा किया। प्रधानमंत्री के मंदिर पहुंचने पर मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, सांसद और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीआर पाटिल, गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी, मुख्य सचिव राजकुमार, जिला पंचायत के नथुभाई चावड़ा, जगाभाई चावड़ा, लूणाभा सुमणिया, जेके हाथिया, दनराजभा माणेक, संजयभाई नकुम, प्रतापभाई पिंडारिया, राजूभाई सरसिया, करशनभाई जोड, धीरुभाई और मेघजीभाई पिपरोतर सहित अन्य अन्य लोगों ने उनका स्वागत किया।

## कांग्रेस विधायक राजा वेंकटप्पा नाइक का दिल का दौरा पड़ने से निधन

**शोरापुर।** कर्नाटक के शोरापुर से कांग्रेस विधायक राजा वेंकटप्पा नाइक का रविवार को एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। पार्टी सूत्रों ने बताया कि वह 64 वर्ष के थे और दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हुआ। वेंकटप्पा नाइक के निधन की पुष्टि 'मणिपाल अस्पताल ने अपराह्न एक बजकर करीब 50 मिनट पर की। अस्पताल ने एक बयान में कहा कि उनके परिवार ने निजता का सम्मान करने का अनुरोध किया है। चार बार के विधायक को हाल ही में कर्नाटक राज्य भंडारण निगम के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने अस्पताल का दौरा किया और दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि दी। सिद्धारमैया ने अपने लंबे समय के राजनीतिक सहयोगी के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए एक्स पर पोस्ट कर लिखा-मैं उनसे तीन दिन पहले मिला था और उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली थी।

# भारत-जापान के बीच धर्म गार्जियन अभ्यास शुरु

▸ दोनों मित्र देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मिलेगा बढ़ावा

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारतीय सेना और जापान ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'धर्म गार्जियन' का 5वां संस्करण रविवार से राजस्थान के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में शुरू हुआ। नौ मार्च तक चलने वाला यह अभ्यास हर साल भारत और जापान में आयोजित किया जाता है। दोनों पक्षों की टुकड़ी में 40-40 जवान शामिल हैं। जापानी दल का प्रतिनिधित्व उनकी 34वीं इन्फेंट्री रेजिमेंट और भारतीय सेना का प्रतिनिधित्व राजपूताना राइफल्स की एक बटालियन कर रही है।

सैन्य प्रवक्ता कर्नल सुधीर चमोली ने बताया कि इस अभ्यास का उद्देश्य सैन्य सहयोग को बढ़ावा देना और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अध्याय ङ्कढ्ढढ्ढ के तहत अर्ध-शहरी वातावरण में संयुक्त अभियानों को अंजाम देने के लिए संयुक्त क्षमताओं को बढ़ाना है। यह अभ्यास उच्च स्तर की शारीरिक फिटनेस, संयुक्त योजना, संयुक्त सामरिक अभ्यास और विशेष हथियार कौशल की बुनियादी बातों पर केंद्रित होगा। सामरिक अभ्यास में अस्थायी ऑपरेटिंग बेस की स्थापना, एक इंटेलिजेंस, निगरानी और टोही (आईएसआर) ग्रिड बनाना, मोबाइल वाहन चेक पोस्ट स्थापित करना, एक शत्रुतापूर्ण गांव में कॉर्डन और सर्च ऑपरेशन को अंजाम देना, हेलीबोर्न ऑपरेशन और हाउस इंटरवेंशन शामिल होंगे। अभ्यास के दौरान 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के तहत देश की बढ़ती रक्षा औद्योगिक क्षमता को प्रदर्शित करने के लिए एक हथियार और उपकरण प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। जापान ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स की पूर्वी सेना के कमांडिंग जनरल लेफ्टिनेंट जनरल तोगाशी युइची का भी एक्सरसाइज 'धर्म गार्जियन' के मौके पर भारत का दौरा करने का कार्यक्रम है।

वह 03 मार्च को महाजन फील्ड फायरिंग रेंज का दौरा करके कॉम्बैट शूटिंग प्रदर्शन, स्पेशल हेलीबोर्न ऑपरेशन और हाउस इंटरवेंशन ड्रिल देखेंगे। अभ्यास 'धर्म गार्जियन' दोनों पक्षों को सामरिक संचालन करने की रणनीति, तकनीक और प्रक्रियाओं में अपनी सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने में सक्षम बनाएगा।

# सपाइयों ने न्याय यात्रा में अखिलेश यादव व राहुल गांधी का किया स्वागत



समृद्धि न्यूज

**आगरा।** रविवार को भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान आगरा में समाजवादी पार्टी अधिवक्ता सभा के प्रदेश अध्यक्ष सिकंदर यादव के नेतृत्व में अधिवक्ता सभा के प्रदेश महासचिव सर्वेश सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रजीत यादव, मोहित यादव व प्रदेश सचिव श्रीकांत यादव व जिला अध्यक्ष अधिवक्ता सभा आगरा सुनील ठाकुर ई. प्रबल यादव व उनकी टीम ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव व राहुल राहुल गांधी का चौखटा पुल पर बड़ी संख्या में उपस्थित अधिवक्ताओं ने जोरदार स्वागत कर न्याय यात्रा को अपना समर्थन दिया।

# चौथा मैच : टेस्ट सीरीज जीत से 152 रन दूर भारतीय टीम

▸ भारत को जीत के लिए 192 रनों का लक्ष्य

एजेंसी

**रांची।** भारतीय टीम को इंग्लैंड के खिलाफ रांची में खेले जा रहे चौथे टेस्ट मैच में जीत के लिए 192 रनों का लक्ष्य मिला है। मैच के तीसरे दिन इंग्लैंड की दूसरी पारी 145 रन पर सिमट गई है। इंग्लैंड ने पहली पारी में 353 रन बनाए थे। भारतीय टीम की पहली पारी आज 307 रन पर समाप्त हुई। पहली पारी के आधार पर इंग्लैंड टीम को 46 रन की बढ़त मिली थी। ऐसे में दूसरी पारी 145 रन पर सिमटने के बाद इंग्लैंड टीम की कुल बढ़त 191 रन की हुई। इस तरह भारत के सामने जीत के लिए 192 रन का लक्ष्य है। भारत की ओर से दूसरी पारी में रविचन्द्रन अश्विन ने पांच विकेट अपने नाम किए। अश्विन का टेस्ट में यह 35वां फाइव विकेट है। अश्विन के अलावा कुलदीप यादव ने चार विकेट लिए।



### तीसरे दिन का खेल खत्म, भारत 40 रन बिना विकेट बनाए

इंग्लैंड की दूसरी पारी सिमटने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने दूसरी पारी में तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक बिना कोई विकेट गवाएं 40 रन बना लिए हैं। कप्तान रोहित शर्मा नाबाद 24 रन और यशस्वी जायसवाल नाबाद 16 रन बनाकर खेल रहे हैं। भारत को यह टेस्ट मैच जीतने के लिए अभी 152 रन की और जरूरत है।

### इंग्लैंड की दूसरी पारी

दूसरी पारी में 46 रन के बढ़त के साथ खेलने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत खराब रही। इंग्लैंड को 19 के स्कोर पर दो झटके लगे। पहले बेन डकेट 15 रन बनाकर आउट हुए, फिर ओली पोप अपना खाता भी नहीं खोल पाए। इंग्लैंड को 65 के स्कोर पर बड़ा झटका लगा। पहली पारी में शतक लगाने वाले जो रूट 11 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इंग्लैंड का 110 के स्कोर पर चौथा विकेट गिरा। अच्छी बल्लेबाजी कर रहे जैक क्राउली 60 रन बनाकर आउट हुए। इंग्लैंड को 120 के स्कोर पर दो झटके लगे। कप्तान बेन स्टोक्स 4 रन बनाकर बोल्ड हो गए। इसके बाद जॉनी बेयरस्टो भी 30 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद निचले क्रम के बल्लेबाज भी कुछ ज्यादा योगदान नहीं दे सके और 145 रन पर इंग्लैंड की पूरी टीम ऑलआउट हो गई।

### पहली पारी में बनाए 307 रन जुरेल ने खेली 90 रन की पारी

इससे पहले रविवार को आज तीसरे दिन भारत की पहली पारी 307 रनों पर सिमट गई। आज सुबह भारत ने सात विकेट पर 219 रन से आगे खेलना शुरू किया। विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल और कुलदीप यादव ने संभलकर बल्लेबाजी की। दिन का पहला विकेट कुलदीप यादव के रूप में गिरा। कुलदीप 28 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने जुरेल के साथ मिलकर 76 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की। इसके बाद आकाश दीप ने जुरेल का अच्छा साथ दिया और 40 रन की साझेदारी की। आकाश नौ रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद शतक की ओर बढ़ रहे जुरेल शानदार 90 रन की पारी खेलकर आउट हो गए। इस तरह भारत की पहली पारी 307 रनों पर सिमट गई। भारतीय टीम की ओर से पहली पारी में जुरेल के 90 रनों के अलावा यशस्वी जायसवाल ने 73 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। वहीं शुभमन गिल 38 रन, कुलदीप यादव 28 रन, रजत पाटीदार 17 रन, सरफराज खान 14 रन और रविन्द्र जडेजा ने 12 रन का योगदान दिया।

## खबरें एक नजर में

### श्रीगंगानगर में ऑनलाइन डेटा चुराने वाला गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर।** जिले के श्रीकरणपुर में बीए द्वितीय वर्ष के एक छात्र को भारत सरकार और निजी क्षेत्र का संवेदनशील डेटा डार्क वेब पर बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। यह छात्र इस डेटा को क्रिप्टो के बदले बेच रहा था। पुलिस को उसके पास 4500 जीबी स्टोरेज डाटा, पांच लाख आधार कार्ड समेत चार देशों की मिलिट्री का संवेदनशील डेटा भी मिला है। दिल्ली से आई गुप्तचर ब्यूरो व श्रीकरणपुर पुलिस की टीम ने शनिवार रात को गांव 49 एफ में छापा मारकर एक युवक को गिरफ्तार किया। पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि अमित गांव 49 एफ का रहने वाला है। उसके पिता दुबई में काम करते हैं। वह घर से ही यह नेटवर्क चलाता है। वह साइबर थ्रेट एक्टर है और डार्क वेब के मल्टीपल प्लेटफार्म और टेलीग्राम चैनल पर एक्टिव है। ऑनलाइन गेमिंग के दौरान वह डार्क वेब और डीप वेब के संपर्क में आया। धीरे-धीरे वह सर्फिंग में इतना एक्सपर्ट हो गया कि वह ऑनलाइन डेटा चुराकर इसे टेलीग्राम चैनल के जरिए बेचने लगा। श्रीकरणपुर पुलिस के सीओ सुधा पालावत के मुताबिक पुलिस ने जिस समय उसे गिरफ्तार किया वह एक टेलीग्राम चैनल चला रहा था।

### पर्पल फेस्ट का आयोजन, राष्ट्रपति करेंगी उद्घाटन

**नई दिल्ली।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय 26 फरवरी को राष्ट्रपति भवन के अमृत उद्यान में एक मनोरंजक दिनभर चलने वाले 'पर्पल फेस्ट' आयोजित कर रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पर्पल फेस्ट कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगी। इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री उपस्थित रहेंगे। मंत्रालय के अनुसार 10 हजार से अधिक दिव्यांगजन भी अपने अनुरक्षकों के साथ यहां जुटेंगे। इस उत्सव के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय शारीरिक विकलांगता संस्थान नोडल एजेंसी है। फेस्ट में विकलांगता अधिकारों के क्षेत्र में काम करने वाले संगठनों के पूरी तरह से समावेशी और इंटरेक्टिव स्टॉल होंगे। पर्पल फेस्ट की प्रमुख गतिविधियाँ अमृत उद्यान यात्रा, अपनी विकलांगताओं को जानें, पर्पल कैफे, पर्पल कैलीडोस्कोप, पर्पल लाइव एक्सपीरियंस ज़ोन, पर्पल स्पोर्ट्स आदि होंगी।

### विदेशी मुद्रा भंडार 1.13 अरब डॉलर घटकर 616.1 अरब डॉलर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में गिरावट आने से 16 फरवरी को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार दूसरे सप्ताह गिरता हुआ 1.13 अरब डॉलर घटकर 616.1 अरब डॉलर रहा गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.24 अरब डॉलर कम होकर 617.23 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 16 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 74 करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 545.8 अरब डॉलर पर आ गयी। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 36.2 करोड़ डॉलर घटकर 47.4 अरब डॉलर रह गया।

### आयुष मंत्री ने एनईआईएएच की क्षमता बढ़ाने के लिए की पहल


**शिलॉन्ग, समृद्धि न्यूज।** केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग तथा आयुष मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने शहर के मावडियांग डियांग स्थित नॉर्थ ईस्टर्न इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद एंड होम्योपैथी (एनईआईएएच) परिसर की क्षमता विस्तार के लिए आज कई परियोजनाएं शुरू कीं। आयुष मंत्री ने इस मौके पर परिसर में गेस्ट हाउस का उद्घाटन किया, वहीं प्रशासनिक भवन, फार्मेसी भवन के साथ ही प्रवेश और निकास द्वार सहित पेरिफरी रोड की चारदीवारी और बाहरी विद्युतीकरण कार्यों की आधारशिला रखी। इस अवसर पर विचार व्यक्त करते हुए केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा, ''एनईआईएएच में क्षमता विस्तार के साथ, हमारे पास सीखने, सहयोग करने और क्षमता बढ़ाने का अनूठा अवसर है क्योंकि हम वैज्ञानिक साक्ष्य के साथ पारंपरिक चिकित्सा के प्रत्येक फॉर्मूलेशन के लिए प्रमाणिकता स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं। संस्थान पहले ही आयुर्वेद और होम्योपैथी में लगभग एक हजार विशेषज्ञों को प्रशिक्षित कर चुका है, जो शानदार अनुभूति का पल है। खास तौर पर मेघालय में स्वास्थ्य सेवा वितरण प्रणाली को काफी बढ़ावा मिला है, क्योंकि हम अपने डायनमिक प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी के 'स्वस्थ भारत' दृष्टिकोण को साकार किया है।

### राहुल व प्रियंका ने बुलंदशहर में कार्यकर्ताओं से मिलकर बढ़ाया मनोबल

**बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जनपद में रविवार सुबह राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने न्याय यात्रा के अलीगढ़ की ओर रवाना होने के दौरान कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनका मनोबल बढ़ाया। कांग्रेस पार्टी के बुलंदशहर जिला अध्यक्ष राकेश भाटी ने बताया कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ मुलाकात की, बाद में वह खुली जीप में सवार होकर पंडावल से अलीगढ़ के लिए रवाना हो गए। संभल की ओर से गंगा का पुल पार करने के बाद कल 24 फरवरी की रात्रि में उन्होंने जनपद बुलंदशहर के अनूपशहर विधानसभा क्षेत्र से प्रवेश किया था।

# बजाज ऑटो का इलेक्ट्रिक वाहन लॉन्च

समृद्धि न्यूज




**अयोध्या।** शुक्रवार को शहर के एक होटल में बजाज ऑटो के बहुप्रतीक्षित इलेक्ट्रिक ऑटो की भव्य लांचिंग की गई। कई वर्षों से उच्चस्तरीय उत्पाद बनाकर ग्राहकों के दिल और दिमाग पर राज कर रहे बजाज ऑटो ने इलेक्ट्रिक ऑटो की भव्य लांचिंग कर सभी को एक बेहतरीन उत्पाद दिया है।

शुक्रवार को आयोजित लॉचिंग कार्यक्रम का शुभारम्भ बतौर मुख्य अतिथि संभागीय परिवहन अधिकारी ऋतु सिंह तथा बजाज ऑटो लिमिटेड के वाइस प्रेसिडेंट अर्नव गुहा द्वारा किया गया। इस दौरान संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन ऋतु सिंह ने कहा कि बजाज का इलेक्ट्रिक ऑटो वातावरण को प्रदूषण से बचाने में सहयोगी सिद्ध होगा। उन्होंने सड़क सुरक्षा अभियान के बारे में लोगों को जागरूक करने की भी अपील की। इसी क्रम में साई ऑटो बजाज के डायरेक्टर धीरज सिंह और कृपा शंकर सिंह ने बताया कि बजाज के प्रति यह लोगों का भरोसा ही है जो कि लांचिंग के दिन तक 60 से अधिक बजाज इलेक्ट्रिक ऑटो की एडवांस बुकिंग हो चुकी है तथा 11 वाहनों की डिलीवरी भी की गयी है। डायरेक्टर श्री सिंह ने बताया कि बजाज इलेक्ट्रिक ऑटो पूर्णतया सुरक्षित व हमारे जलवायु और पर्यावरण को देखते हुए बनाया गया है। उन्होंने बताया कि यह बजाज इलेक्ट्रिक ऑटो उत्कृष्ट श्रेणी की बिल्ड क्वालिटी व बेहतरीन फीचर्स के साथ साथ 50 से 60 रुपये की बिजली की खपत पर लगभग 178 किलोमीटर तक का सफ़र प्रदान करती है। आजकल के वातावरण को देखते हुए हमें प्रदूषण से निजात दिलाएगा जबकि ई रिक्शा वाहन जो कि पूर्ण रूप से असुरक्षित है, बजाज का इलेक्ट्रिक ऑटो एक बेहतरीन और सुरक्षित सफर का अनुभव देगा। कार्यक्रम के दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में बजाज ऑटो के आर.एम.सेल्स मुरारी कुमार, आर.एम.सर्विस अनिल कुमार, ए.एस.एम.सेल्स नवनीत यादव, ए.एस.एम.सर्विस सूर्य प्रकाश शुक्ला, साई ऑटो के मैनेजर अंबुज सिंह व मुकेश कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## संदेशखाली जा रही फैक्ट फाइंडिंग टीम कई घंटे की हिरासत के बाद रिहा

**कोलकाता।** उत्तर 24 परगना के संदेशखाली में मानवाधिकार उल्लंघन की जांच के लिए जा रही स्वयंसेवी संगठन की फैक्ट फाइंडिंग टीम को कई घंटे की हिरासत के बाद रिहा किया गया है। इधर, शिवप्रसाद हाजरा की फर्मों को जलाने में कथित संलिप्तता के लिए रविवार को इंडियन सेक्युलर फ्रंट नेता आयशा बीबी को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस टीम में पटना हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश एल नरसिम्हा रेड्डी, ओपी व्यास, चारु वाली खन्ना, भावना बजाज, राजपाल सिंह और संजीव नायक हैं। इस प्रतिनिधिमंडल को धारा 144 लागू होने का कारण बताकर संदेशखाली से 52 किमी पहले भोजेरहाट में रोक दिया गया। वहां फैक्ट फाइंडिंग टीम के सदस्य सड़क पर बैठ गए। उन्होंने दावा किया कि उन्हें अवैध तरीके से हिरासत में लिया गया है। इस हंगामे और पुलिस की नाकाबंदी के कारण बासंती राजमार्ग पर यातायात लगभग ठप हो गया।

# 121 वर-वधू बंधे परिणय सूत्र में, थामा एक-दूसरे का हाथ

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** मानव एकता एसोसिएशन के तत्वावधान में रविवार को यहां राज बब्बर गेस्ट हाउस, सरोजनीनगर में हुये भव्य पन्द्रहवें सामूहिक विवाह समारोह में 121 वर-वधुओं ने अग्नि को साक्षी मानकर परिणय सूत्र में बंधकर जीवन की नयी पारी शुरू की।

परिणय सूत्र में बंधने वाले नव-दम्पत्तियों को आर्शीवाद देने के लिये राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त पूर्वांचल विकास बोर्ड के सदस्य विजय विक्रम सिंह, आयोजक संस्था के अध्यक्ष एलपी सिंह, हिन्दू समाज पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गौरव वर्मा, भारतीय किसान यूनियन भानु के प्रदेश प्रभारी ऋषि मिश्रा, भाकियू सावित्री के राष्ट्रीय संरक्षक पवन मिश्रा, पूर्व मेयर प्रत्याशी अजय त्रिपाठी, समाजसेवी मोहित मिश्रा सहित कई प्रमुख लोग मौजूद थे। आयोजित हुये इस समारोह में हिन्दू रीति रिवाज के साथ विवाह सम्पन्न कराया गया। समारोह अपराहन एक बजे सामूहिक रूप बैंड बाजों के साथ बारात निकाली गयी और गेस्ट हाउस पहुंचने पर द्वारचार के बाद लोकमंगल गीत की साथ जयमाल का आयोजन किया गया। इस मौके पर वर-वधुओं दोनों पक्षों की ओर से 25-25 मेहमान शामिल हुये। वैवाहिक बंधन में बंधने के बाद नवदम्पत्तियों को घर-गृहस्थी से संबंधित उपहारों को भेंट कर विदा किया गया। इस मौके पर आयोजक संस्था के अध्यक्ष एल.पी. सिंह ने बताया कि बीते चौदह वर्षों से आयोजित किये जा रहे सामूहिक वैवाहिक समारोह के माध्यम से अब तक एक हजार से अधिक कन्याओं का विवाह कर परिवार बसाने का कार्य कर चुकी है।

# बदलते मौसम में इम्यूनिटी मजबूत करने के लिए अपनी डाइट में शामिल करें पांच फल



बदलते मौसम में थोड़ी सी लापरवाही भी स्वास्थ्य पर भारी पड़ जाती है। वैसे तो इन दिनों दिन में काफी तेज धूप निकल रही है जिसके कारण गर्मी लगने लगती है परंतु वहीं इसके विपरित रात में ठंडी हवाएं चल रही हैं जो आपको बीमार भी बना सकती हैं। दिन में हो रही गर्मी देखकर लोगों ने गर्म कपड़े पहनने बंद कर दिए हैं ऐसे में शाम को होने वाली इस ठंड के कारण लोगों को सर्दी-जुकाम और बुखार घेर रहा है। इस मौसम में बीमारियों से शरीर को बचाने के लिए इम्यूनिटी मजबूत होनी जरुरी है। आज आपको इस आर्टिकल के जरिए 5 ऐसे फल बताते हैं जो आपकी इम्यूनिटी मजबूत बनाएंगे। आइए जानते हैं इनके बारे में।

### संतरा

संतरे में विटामिन-सी काफी अच्छी मात्रा में मौजूद होता है ऐसे में यह इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने में मदद करते हैं। इसके अलावा इसमें विटामिन-ए, पोटैशियम और फाइबर भी मौजूद होता है जो शरीर के लिए लाभकारी माना जाता है। रोजाना संतरे का सेवन करने से इम्यून सिस्टम मजबूत बनता है और शरीर को इंफेक्शन से लड़ने में मदद मिलती है।

### अनार

अनार में विटामिन-सी, विटामिन-ई, विटामिन-ए और एंटीऑक्सीडेंट्स अच्छी मात्रा में मौजूद होते हैं जो इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने में मदद करता है। इसके अलावा अनार में आयरन, मैग्नीशियम और पोटेशियम भी पाया जाता है जो शरीर में हीमोग्लोबिन का स्तर बढ़ाने और ब्लड प्रेशर कंट्रोल करने में मदद करता है।

### कीवी

इसमें विटामिन-सी पाया जाता है जिसका सेवन बदलते मौसम में करना फायदेमंद माना जाता है। कीवी में कई तरह के विटामिन्स और एंटीऑक्सीडेंट्स मौजूद होते हैं जो शरीर का इम्यून सिस्टम मजबूत बनाने में मदद करते हैं। कीवी में फाइबर, पौटेशियम और फोलेट पाया जाता है जो स्वास्थ्य के लिए लाभकारी माना जाता है।

### आंवला

आंवला में विटामिन-सी और एंटीऑक्सीडेंट्स की मात्रा ज्यादा होती है ऐसे में इसका नियमित तौर पर सेवन करने से संक्रमण से लड़ने में मदद मिलती है। आंवला का सेवन करने से इम्यून सिस्टम मजबूत बनता है। आंवला में फाइबर और अन्य पोषक तत्व भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं जो शरीर के लिए फायदेमंद होते हैं।

### अंगूर

अंगूर विटामिन-सी, विटामिन के और कैल्शियम का अच्छा स्त्रोत माना जाता है। यह शरीर को किसी भी तरह के इंफेक्शन से बचाने में मदद करता है। अंगूर में कई तरह के एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं जो इम्यून सिस्टम को मजबूत करने में मदद करते हैं।

## दवाओं से नहीं पांच सुपर फूड से करें शरीर में कैल्शियम की कमी पूरी



शरीर को हेल्दी रखने के लिए बहुत जरूरी है कि उन्हें सारे पोषक तत्व मिलें, वरना बीमारी अपनी चपेट में ले सकती है। कैल्शियम खासकर के तो बहुत जरूरी है। इससे हड्डियों और दांत मजबूत रहते हैं। वहीं बल्ड सर्कुलेशन, मसल्स बनाने और दिमाग के बेहतर दंग से काम करने के लिए कैल्शियम की सख्त जरूरत होती है। कई लोग शरीर में कैल्शियम की कमी की पूरा करने के लिए दवाओं का सहारा लेते हैं, पर उसकी जरूरत नहीं पड़ेगी अगर आप बस अपने डाइट में ये फूड्स शामिल कर लें।

**हरी पत्तेदार सब्जियां :** हरी पत्तेदार सब्जियां पोषक तत्वों का खजाना होती हैं। इसमें कैल्शियम भरपूर मात्रा में पाया जाता है। शरीर में कैल्शियम की कमी को पूरा करने के लिए आप अपने डाइट में हरी पत्तेदार सब्जियां जैसे पालक, ब्रोकली, बीन्स शामिल कर सकते हैं।

**चना :** एक्सपर्ट्स की मानें तो 100 ग्राम चने में लगभग 150 मिलीग्राम कैल्शियम होता है। चना शाकाहारी प्रोटीन का सबसे अच्छा स्त्रोत है। इसमें आयरन, कॉपर, फोलेट और फॉस्फोरस से भरपूर होता है। आप अपनी डाइट में चने को कई तरीकों से शामिल कर सकते हैं। इसका इस्तेमाल करके आप बहुत ही टेस्टी डिशेज भी खा सकते हैं।

**भिंडी :** इसमें भरपूर मात्रा में फाइबर, मैग्नीशियम, फोलेट और विटामिन-बी 6 जैसे पोषक तत्व मौजूद होते हैं। कैल्शियम की कमी को भी पूरा करने के लिए आप भिंडी को अपने डाइट में शामिल करें। एक्सपर्ट्स की मानें तो 100 ग्राम भिंडी में 86 मिलीग्राम कैल्शियम होता है।

**सोयाबीन :** सोयाबीन को शाकाहारी के लिए प्रोटीन के अलावा कैल्शियन का बेस्ट ऑप्शन माना जाता है। इसमें कैल्शियम के अलावा आयरन भी भरपूर मात्रा में पाया जाता है जो बॉडी के लिए बहुत जरूरी होता है।

**बादाम :** बादाम दिमाग तो तेज करता ही है साथ में शरीर में कैल्शियम की कमी को भी पूरा करता है। इसके अलावा ये ओमेगा- 3 फैटी एसिड, आयरन, फाइबर और विटामिन-के से भरपूर होता है। रात में बादाम को पानी में भिगो दें, अगले दिन सुबह इनका छिलका उतारकर खा सकते हैं।